seemasandeshsgr@gmail.com ☎ 0154-2466402, 2466403 ■ जयपुर ■ श्रीगंगानगर ■ हनुमानगढ़ ■ बीकानेर ■ बठिण्डा से एक साथ प्रसारित

वर्ष 1951 से निरन्तर प्रकाशित

सीमा सन्देश

संस्थापक स्व. श्री कमल नयन शर्मा

ताकत किसान की, जवान की

■ वर्ष : 56 ■ अंक : 322 ■ मूल्य : रु. 4.00 ■ पृष्ठ : 12 | श्रीगंगानगर, गुरुवार, 26 नवम्बर, 2026 | seema-sandesh.com

अवसर इंतजार नहीं करते, उन्हें पकड़ना पड़ता है।

राज्य के 37 जिलों में से 24 में कांग्रेस, 10 में भाजपा, दो जगह बीएपी व नागौर में रालोपा के हाथ में कमान

26 जिलों में महिलाएं जिला प्रमुख

जयपुर। राजस्थान के 37 जिलों में बुधवार को हुए जिला प्रमुख चुनाव में कांग्रेस ने बढ़त हासिल करते हुए 24 जिलों में अपना परचम लहराया। भाजपा को 10 जिलों में सफलता मिली, जबकि दो जिलों में भारत आदिवासी पार्टी (बीएपी) और नागौर में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) का जिला प्रमुख बना। दौसा, सवाईमाधोपुर और जैसलमेर में कांग्रेस प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित हुए। चुनाव में सबसे बड़ा उलटफेर चूरू और ब्यावर में देखने को मिला। चूरू में बहुमत नहीं होने के बावजूद पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ की बहू कनिका सिंह भाजपा से जिला प्रमुख बन गईं। वहीं ब्यावर में बहुमत के बाद भी भाजपा को हार का सामना करना पड़ा। डूंगरपुर और डीडवाना-कुचामन में लॉटरी से फैसला हुआ। कुल 26 जिलों में महिला जिला प्रमुख चुनी गईं।

इन प्रमुख चेहरों ने दर्ज की जीत

सबसे चर्चित बीकानेर सीट पर कांग्रेस विधायक की बहू निकिता डूडी ने जीत दर्ज की। जैसलमेर में 21 वर्षीय संतोष कुमारी जिला प्रमुख बनीं, जिन्हें राज्य की सबसे कम उम्र की जिला प्रमुख बताया जा रहा है। दौसा में विधायक डीडी बैरवा की पत्नी बीना बैरवा और सवाईमाधोपुर में पूर्व मंत्री अशोक बैरवा की पत्नी आशा देवी ने जीत हासिल की। कुल मिलाकर जिला प्रमुख चुनाव में कांग्रेस ने ग्रामीण क्षेत्रों में अपनी मजबूत पकड़ दिखाई, जबकि भाजपा को कुछ जिलों में अप्रत्याशित जीत से राहत मिली।

भरतपुर में कांग्रेस का बोर्ड बना

भरतपुर। भरतपुर में कांग्रेस का बोर्ड बना है। यहां रानू वाला 17 वोट लेकर जीतीं हैं। वहीं भाजपा की पूजा को 14 वोट मिले। इससे पहले वोटिंग में देरी को लेकर कांग्रेसी भड़क गए। इसके बाद परिणाम आया तो भजनलाल जाटव को कार्यकर्ताओं ने कन्धों पर उठा लिया। इससे पहले काउंटिंग सेंटर के बाहर प्रदर्शन किया। जिला परिषद के बाहर कांग्रेसी और बीजेपी नेता आमने सामने हो गए। एक दूसरे के नेताओं के खिलाफ नारेबाजी की। पुलिस ने दोनों पार्टियों के कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हटाया। जिला प्रमुख की वोटिंग के लिए कांग्रेस के 18 सदस्य जिला परिषद में गए थे लेकिन, 17 सदस्यों ने ही कांग्रेस को वोट डाला। 1 सदस्य ने क्रॉस वोटिंग की है।

चूरू में भाजपा का उलटफेर कनिका राठौड़ बनी जिला प्रमुख

बहुमत के बाद कांग्रेस हारी, पांच क्रॉस वोटिंग से बदला समीकरण

चूरू। चूरू जिला परिषद में भाजपा ने कांग्रेस को बड़ा झटका दिया, क्योंकि बड़ा उलटफेर करते हुए जिला परिषद में कांग्रेस के जिला प्रमुख पद पर कब्जा 22 सदस्य होने के बावजूद जमा लिया है। भाजपा उसके उम्मीदवार को सिर्फ उम्मीदवार कनिका सिंह ने 17 वोट मिले। इससे कांग्रेस कांग्रेस की प्रकाश बुडानिया में पांच क्रॉस वोटिंग की को पांच वोटों से हराकर बात सामने आ रही है। जीत दर्ज की। कनिका सिंह मतदान से पहले कांग्रेस को 22 वोट मिले, जबकि कांग्रेस अपनी जीत को लेकर आश्वस्त थी, उम्मीदवार प्रकाश बुडानिया को 17 लेकिन परिणाम आने के बाद पार्टी वोट ही मिल सके। चुनाव परिणाम ने खेमे में निराशा छा गई।



राजेंद्र राठौड़ की रणनीति से बदला खेल

चूरू की राजनीति में भाजपा नेता और पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ को जोड़तोड़ की रणनीति में माहिर माना जाता है। चुनाव परिणाम के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने इसे उनकी रणनीतिक जीत बताया। कनिका सिंह की जीत की सूचना मिलते ही पुरानी जिला कलेक्ट्रेट के बाहर भाजपा समर्थकों ने आतिशबाजी कर जश्न मनाया और राजेंद्र राठौड़ के समर्थन में नारे लगाए। वहीं, बहुमत होने के बावजूद हार का सामना करने वाली कांग्रेस के लिए यह परिणाम आत्ममंथन का विषय बन गया है। पार्टी नेताओं को अब क्रॉस वोटिंग और संगठन स्तर पर हुई कमियों की समीक्षा करनी होगी। भाजपा की जीत के साथ चूरू जिला परिषद की कमान अब कनिका सिंह के हाथों में होगी।

21 वर्ष की संतोष कुमारी जैसलमेर की जिला प्रमुख

जैसलमेर। जैसलमेर की 21 वर्षीय संतोष कुमारी राजस्थान की सबसे कम उम्र की जिला प्रमुख बनी हैं। कांग्रेस ने सामान्य सीट पर एसटी वर्ग की संतोष कुमारी को उम्मीदवार बनाकर नया राजनीतिक समीकरण बनाया। उन्होंने निर्धारित मुहूर्त पर सुबह 10.47 बजे नामांकन दाखिल किया और निर्विरोध निर्वाचित होकर पद की शपथ ली। वार्ड-21 से जिला परिषद सदस्य चुनी गई संतोष कुमारी ने भाजपा की लक्ष्मी को 6137 वोटों से हराया था। वे 12वीं पास हैं और अविवाहित हैं। उनके पिता चौथाराम भील ग्राम विकास अधिकारी हैं, जबकि माता गृहिणी हैं। जिला कलेक्टर अनुपमा जोरवाल ने उन्हें जिला प्रमुख पद की शपथ दिलाई।



बीकानेर में निकिता डूडी के सिर जिला प्रमुख का ताज

बीकानेर। बीकानेर जिला परिषद में कांग्रेस ने बगावत के बावजूद अपना बोर्ड बना लिया है। जिला प्रमुख पद के चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार निकिता डूडी ने जीत दर्ज की। निकिता को मतदान में 23 वोट मिले, जबकि पूर्व मंत्री गोविन्द राम मेघवाल की बेटी सरिता चौहान को 18 वोट मिले। सरिता चौहान ने कांग्रेस से नाराज होकर निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में नामांकन दाखिल किया था। वहीं भाजपा की धापू कंवर और निर्दलीय उम्मीदवार संतोष ने अपना नामांकन वापस ले लिया था। चुनाव परिणाम के बाद कांग्रेस खेमे में उत्साह का माहौल है।



जयपुर में बने यशवीर सूरा

जयपुर। जयपुर जिला परिषद चुनाव में कांग्रेस के यशवीर सूरा ने जिला प्रमुख पद पर जीत दर्ज की है। चुनाव में यशवीर सूरा को 42 वोट मिले, जबकि भाजपा उम्मीदवार राजेश गुर्जर को 14 वोट ही मिले। जिला परिषद की 57 सीटों में कांग्रेस के 42, भाजपा के 13 और आरएलपी के दो सदस्य थे। भाजपा के 13 सदस्यों के बावजूद राजेश गुर्जर को एक अतिरिक्त वोट मिला, जबकि आरएलपी के दो सदस्यों में से एक सदस्य मतदान के लिए नहीं पहुंचा। मतदान के दौरान कांग्रेस नेताओं के अंदर जाने को लेकर हंगामा हुआ। मुख्य द्वार पर पुलिस और कांग्रेस नेताओं के बीच खींचतान की स्थिति बन गई। इस दौरान कांग्रेस विधायक विद्याधर चौधरी की पुलिस अधिकारियों से बहस भी हुई, हालांकि बातचीत के बाद मामला शांत हो गया।



जोधपुर में प्रमिला चौधरी

जोधपुर। जिला प्रमुख पद पर कांग्रेस की प्रमिला चौधरी ने भाजपा उम्मीदवार लक्ष्मणराम चौधरी को हराकर जीत दर्ज की। 43 सदस्यीय जिला परिषद में प्रमिला को 36 वोट मिले, जबकि उन्हें कांग्रेस के 32, आरएलपी के तीन सदस्यों और भाजपा से एक वोट का समर्थन मिला। प्रत्याशी चयन को लेकर कांग्रेस में कई नामों पर मंथन हुआ, लेकिन संख्या बल के आधार पर प्रमिला चौधरी के नाम पर सहमति बनी। पूर्व सांसद बद्रीराम जाखड़ समेत कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने उनके समर्थन में रणनीति बनाई। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भी दावेदारों से फीडबैक लेकर सहमति बनाने में भूमिका निभाई।



जिलावार जिला प्रमुख

- जयपुर : यशवीर सूरा (कांग्रेस)
- जोधपुर : प्रमिला चौधरी (कांग्रेस)
- उदयपुर : हिम्मत सिंह झाला (भाजपा)
- अलवर : अनिता मीणा (कांग्रेस)
- अजमेर : पूजा भंसाली (भाजपा)
- सीकर : सुनीता गठाला (कांग्रेस)
- बीकानेर : निकिता डूडी (कांग्रेस)
- नागौर : पांचाराम (आरएलपी)
- भरतपुर : रेनू वाला (कांग्रेस)
- डीग : रेनू सिंह (भाजपा)
- धौलपुर : अनीशा सिंह (कांग्रेस)
- राजसमंद : सुंदर देवी कीर (कांग्रेस)
- ब्यावर : ममता गुर्जर (कांग्रेस)
- बालोतरा : सुशीला (भाजपा)
- खैरथल-तिजारा : इंद्रजीत (भाजपा)
- कोटपूतली-बहरोड़ : रामनिवास (कांग्रेस)
- पाली : सीता (भाजपा)
- चित्तौड़गढ़ : रतनी देवी (कांग्रेस)
- भीलवाड़ा : कैलाश चंद मीणा (कांग्रेस)
- बाड़मेर : गफूर अहमद (कांग्रेस)
- जैसलमेर : संतोष (कांग्रेस, निर्विरोध)
- सवाईमाधोपुर : आशा देवी (कांग्रेस, निर्विरोध)
- फलोदी : यशवंत कंवर (कांग्रेस)
- प्रतापगढ़ : हकरी कुमारी (भाजपा)
- जालोर : आसू राम (कांग्रेस)
- सलूंबर : पुष्पा देवी (कांग्रेस)
- टोंक : अलका बैरवा (कांग्रेस)
- झालावाड़ : वर्षा झाला (भाजपा)
- चूरू : कनिका सिंह (भाजपा)
- बूंदी : हंसा गुर्जर (कांग्रेस)
- डीडवाना-कुचामन : बुद्धाराम (भाजपा, लॉटरी से)
- हनुमानगढ़ : रेणू (कांग्रेस)
- डूंगरपुर : अनुतोष (बीएपी, लॉटरी से)
- बांसवाड़ा : रीना (बीएपी)
- झुंझुनूं : कोमल भंवरिया (कांग्रेस)
- सिरोही : गुमान सिंह (कांग्रेस)


सीकर में सुनीता गठाला

सीकर। सीकर जिला परिषद में कांग्रेस की सुनीता गठाला ने जिला प्रमुख पद पर जीत दर्ज की है। चुनाव में सुनीता गठाला को 49 में से 33 वोट मिले, जबकि भाजपा उम्मीदवार सुनीता रणवां को 16 वोट मिले। सीकर जिला परिषद की 49 सीटों में कांग्रेस के 36 और भाजपा के 11 सदस्य निर्वाचित हुए थे। परिणामों से कांग्रेस में तीन क्रॉस वोटिंग की बात सामने आई है, जबकि एक निर्दलीय सदस्य ने भाजपा के पक्ष में मतदान किया। जीत के बाद सुनीता गठाला ने कहा कि किसान की बेटी को यह जिम्मेदारी मिली है और वह गांवों की समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता देंगी। कांग्रेस ने पहले 38 सदस्यों के समर्थन का दावा किया था।



अजमेर में भाजपा की पूजा भंसाली

अजमेर। अजमेर जिला परिषद में भाजपा की पूजा भंसाली ने जिला प्रमुख पद पर जीत दर्ज की है। बुधवार को हुए चुनाव में पूजा भंसाली को 21 वोट मिले, जबकि कांग्रेस उम्मीदवार दशरथ कंवर को 11 और एक वोट नोटा को मिला। जिला परिषद में भाजपा के 19, कांग्रेस के 12 और आरएलपी के दो सदस्य थे। भाजपा को आरएलपी के एक सदस्य का समर्थन मिला था, इसके बावजूद उसे 21 वोट मिले। वहीं कांग्रेस और आरएलपी के समर्थन के बावजूद कांग्रेस उम्मीदवार को 11 वोट ही मिले, जिससे क्रॉस वोटिंग की संभावना जताई जा रही है। मतदान के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे।



चौथी बार एक ही गांव की बेटी जिला प्रमुख



बांसवाड़ा। जिला परिषद की नई प्रमुख रीना रावत की ताजपोशी के साथ बांसवाड़ा की राजनीति में नया संयोग जुड़ गया है। लगातार तीन बार जिला प्रमुख रहीं रेशम मालवीया की तरह रीना रावत का मायका भी बागीदौरा विधानसभा क्षेत्र के मोटी टिम्बी गांव में है। इस तरह लगातार चौथी बार जिले की पंचायतीराज व्यवस्था की कमान इसी गांव की बेटी संभाल रही है। रीना रावत का राजनीतिक सफर वर्ष 2014 में शुरू हुआ था। वे कांग्रेस टिकट पर चोखला बांसला क्षेत्र से पंचायत समिति सदस्य चुनी गई थीं। उनके पति राकेश हमीरपुर बड़ा ग्राम पंचायत के सरपंच रह चुके हैं। रीना बीए-बीएड शिक्षित हैं और खेती-किसानी उनका मुख्य पेशा है। चुनावी हलफनामे के अनुसार उनके पास करीब 53.61 लाख रुपये की संपत्ति है।

नागौर में रालोपा का परचम, भाजपा तीसरे नम्बर पर

नागौर। नागौर जिला परिषद में जिला प्रमुख पद के चुनाव में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (रालोपा) ने इतिहास रच दिया।



रालोपा प्रत्याशी पांचाराम जिला प्रमुख निर्वाचित हुए हैं। इसके साथ ही नागौर की जिला प्रमुख की कुर्सी पर पहली बार रालोपा का कब्जा हुआ है। जिला परिषद में रालोपा के 19 सदस्य जीते थे, लेकिन पांचाराम को कुल 22 वोट मिले। इससे साफ है कि उन्हें भाजपा और कांग्रेस के सदस्यों का भी समर्थन मिला। जीत की घोषणा होते ही रालोपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह फैल गया। उन्होंने जिला परिषद परिसर में जमकर नारेबाजी कर जीत का जश्न मनाया। जिला प्रमुख पद के लिए रालोपा, भाजपा और कांग्रेस ने पूरी ताकत झोंक दी थी। मतदान से पहले सदस्यों की बाड़ाबंदी और राजनीतिक गतिविधियां चर्चा में रहीं। आखिरकार पांचाराम ने बहुमत हासिल कर नागौर जिला परिषद की कमान संभाल ली।

चाय बेचने वाला बना उदयपुर का जिला प्रमुख

उदयपुर। उदयपुर के नए जिला प्रमुख हिम्मत सिंह झाला का जीवन संघर्ष और मेहनत की मिसाल है।



वाजमिया गांव के रहने वाले झाला ने अभावों के बीच पढ़ाई पूरी की। बचपन में वे छह किलोमीटर पैदल स्कूल जाते थे और उनके पास जूते तक नहीं थे। छठी कक्षा में उन्हें पहली बार अंग्रेजी विषय के बारे में पता चला। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण उन्होंने मां के कामों में हाथ बंटाया और कभी गाय-बकरियां चराईं तो कभी फुटपाथ पर रात गुजारी। उदयपुर आकर उन्होंने स्टोव पर चाय बेचने का काम भी किया। संघर्षों के बाद आज वे सिक्योरिटी कंपनी के मालिक हैं। उन्होंने बीएन कॉलेज से शिक्षा पूरी की और अब उदयपुर जिला परिषद की कमान संभाल रहे हैं।

अलवर जिला प्रमुख बनीं कांग्रेस की अनीता मीणा

अलवर। अलवर जिला परिषद में कांग्रेस की अनीता मीणा ने जिला प्रमुख पद पर जीत दर्ज की है। अनीता मीणा को कुल 39 में से 31 वोट मिले, जबकि भाजपा उम्मीदवार संतोष मीणा को 8 वोट मिले। भाजपा के चार सदस्यों के साथ दो निर्दलीय और कांग्रेस के दो सदस्यों के वोट भाजपा खेमे में गए। जिला परिषद चुनाव में कांग्रेस के 33 सदस्य जीते थे, लेकिन तीन सदस्यों की क्रॉस वोटिंग सामने आई। बताया गया कि कांग्रेस के वार्ड 24, 25 और 33 के सदस्यों ने भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में मतदान किया। भाजपा के आठ सदस्य मतदान के लिए पहुंचे, जबकि कांग्रेस के 31 सदस्य अपने पक्ष में रहे।



धौलपुर में कांग्रेस की अनीशा जिला प्रमुख

धौलपुर। धौलपुर जिला परिषद में कांग्रेस की अनीशा जाटव ने जिला प्रमुख पद पर जीत दर्ज की है। 29 सदस्यीय परिषद में कांग्रेस के पास 21 सीटें होने के बावजूद मुकाबला बेहद करीबी रहा। अनीशा जाटव ने निर्दलीय उम्मीदवार सोमवती भास्कर को महज एक वोट से हराया। सोमवती कांग्रेस के टिकट पर जिला परिषद सदस्य चुनी गई थीं, लेकिन भाजपा और बसपा के समर्थन से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतरीं और उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी को कड़ी चुनौती दी।



पूर्व कैबिनेट मंत्री की पत्नी बनी प्रमुख

सवाई माधोपुर। सवाई माधोपुर जिला परिषद में कांग्रेस की आशा देवी बैरवा जिला प्रमुख निर्वाचित हुई हैं। आशा देवी वार्ड नंबर-15 से जिला परिषद सदस्य चुनी गई थीं। वे पूर्व कैबिनेट मंत्री अशोक बैरवा की पत्नी हैं। भाजपा ने जिला प्रमुख पद के लिए प्रत्याशी नहीं उतारा, क्योंकि पार्टी का कोई एससी वर्ग का सदस्य निर्वाचित नहीं हुआ था। निर्वाचन प्रमाण पत्र मिलने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विजय जुलूस निकाला। इस दौरान समर्थकों ने पूर्व मंत्री अशोक बैरवा को कंधों पर उठाकर नारेबाजी की।



राजसमंद में सुंदरदेवी

राजसमंद। राजसमंद जिला परिषद में कांग्रेस की सुंदर देवी कीर जिला प्रमुख निर्वाचित हुई हैं। बुधवार को हुए चुनाव में उन्होंने भाजपा उम्मीदवार मदन सिंह चौहान को हराकर जीत दर्ज की। जिला परिषद सभागार में चुनाव प्रक्रिया पूरी हुई, जिसमें दोनों प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया था। 29 सदस्यीय जिला परिषद में कांग्रेस के 17 और भाजपा के 12 सदस्य निर्वाचित हुए थे। इस बार जिला प्रमुख पद सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित था।



प्रतापगढ़ में भाजपा की हकरी कुमारी

प्रतापगढ़। प्रतापगढ़ जिला प्रमुख चुनाव में बीजेपी की हकरी देवी ने जीत हासिल की है। उन्होंने कांग्रेस की इंदिरा मीणा को 5 वोटों से शिकस्त दी है। जिला परिषद के कुल 25 वार्ड में से बीजेपी को 7, कांग्रेस को 11 और अन्य को 7 सीटों पर जीत दर्ज की थी।



प्यूर्टो रिको की जेनिफर बनीं मिस यूनिवर्स

भारतीय कारीगरों की कढ़ाई वाला गाउन पहना; खिताब जीतने वाली पहली शादीशुदा महिला



प्यूर्टो रिको की जेनिफर बैरेटो मिस यूनिवर्स-2026 बन गई हैं। 25 नवंबर को राजधानी सैन जुआन में हुए 75वें फिनाले में उन्हें विजेता चुना गया। जेनिफर यह खिताब जीतने वाली पहली शादीशुदा महिला और मां हैं। उन्होंने फरवरी 2026 में पहली बार रैंप वॉक किया था। जून में मिस यूनिवर्स प्यूर्टो रिको का खिताब जीतने के बाद अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में पहुंचीं। उन्होंने 30 किलो वजन भी घटाया है। जेनिफर ने भारतीय कारीगरों की बारीक कढ़ाई से सजा एक खास गाउन पहना था। उनकी जीत के साथ प्यूर्टो रिको ने छठी बार यह ताज जीता। डोमिनिकन रिपब्लिक की मेलिसा नुनेज फर्स्ट और वेनेजुएला की क्लारा वेगास सेकेंड रनर-अप रहीं।



भारत की तरफ से केरलम की काजिया टॉप 30 तक पहुंचीं

इस साल भारत की तरफ से केरलम की 19 साल की काजिया लिज मेजो ने हिस्सा लिया। दुनिया के 116 देशों और क्षेत्रों की प्रतियोगियों ने ताज के लिए मुकाबला किया। हालांकि, काजिया टॉप 30 तक पहुंचने के बाद टॉप 12 में जगह नहीं बना सकीं।

पूर्व उप मुख्यमंत्री ने कहा : 2028 में कांग्रेस बनाएगी सरकार

पंचायत चुनाव नतीजों से भाजपा की उल्टी गिनती शुरू : पायलट

जयपुर।

पंचायत और जिला परिषद चुनावों में कांग्रेस के प्रदर्शन से उत्साहित पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि राजस्थान में उसकी उल्टी गिनती शुरू हो गई है। उन्होंने दावा किया कि ग्रामीण जनता ने भाजपा के तीन साल के शासन और केंद्र की डबल इंजन सरकार की नाकामियों को चुनाव परिणामों के जरिए जवाब दिया है। पायलट बुधवार को जयपुर स्थित अपने आवास पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे।



ग्रामीण क्षेत्रों में भाजपा के खिलाफ नाराजगी : टोंक विधायक पायलट ने कहा कि पंचायत चुनावों में कांग्रेस को भाजपा से करीब पांच प्रतिशत अधिक वोट मिले हैं। यह ग्रामीण क्षेत्रों में भाजपा के प्रति बढ़ते असंतोष को दर्शाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने मनरेगा को कमजोर किया, किसानों के हितों की अनदेखी की और युवाओं को रोजगार के मुद्दे पर निराश किया। उन्होंने कहा कि पेपर लीक, बेरोजगारी और कानून-व्यवस्था जैसे मुद्दों को लेकर जनता में नाराजगी है।

2028 में कांग्रेस की सरकार बनाने का दावा : पायलट ने कहा कि 2028 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस आज से अधिक बहुमत के साथ सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव परिणाम कांग्रेस कार्यकताओं और नेताओं की सामूहिक मेहनत का परिणाम हैं। जहां कांग्रेस को बहुमत मिला है, वहां पार्टी अपने जिला प्रमुख और प्रधान बनाएगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री चेहरे पर चर्चा का अभी कोई औचित्य नहीं है, फिलहाल जनता की दी जिम्मेदारी को पूरा करना प्राथमिकता है।

भ्रष्टाचार और वादाखिलाफी के लगाए आरोप : उन्होंने भाजपा सरकार पर चार लाख नौकरियों के वादे को पूरा नहीं करने का आरोप लगाया। पायलट ने कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार से जनता परेशान है और उसने मतदान के जरिए अपनी नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनप्रतिनिधि ग्रामीण क्षेत्रों में विकास और सुशासन को प्राथमिकता देंगे। पायलट ने दावा किया कि 2029 के लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी और कांग्रेस देशभर में बेहतर प्रदर्शन करेगी।

सोने-चांदी में बड़ी गिरावट चांदी डेढ़ लाख रुपए से नीचे

11 महीनों में करीब ढाई लाख रुपये सस्ती हुई चांदी, शादी सीजन में बढ़ सकती है खरीदारी

जयपुर। सराफा बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट का दौर लगातार जारी है। बुधवार को चांदी के भाव में बड़ी गिरावट दर्ज की गई। चांदी एक ही दिन में 7,500 रुपये प्रति किलो सस्ती होकर डेढ़ लाख रुपये के नीचे पहुंच गई। जयपुर सराफा ट्रेडर्स कमेटी के अनुसार चांदी का भाव अब 1 लाख 49 हजार रुपये प्रति किलो रह गया है।

रिकॉर्ड स्तर से लगातार नीचे आ रही चांदी : चांदी की कीमतों में आई गिरावट से ग्राहकों को बड़ी राहत मिली है। पिछले 11 महीनों में चांदी के भाव में करीब ढाई लाख रुपये प्रति किलो तक की कमी आ चुकी है। कुछ समय पहले रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंची चांदी अब लगातार गिरावट के कारण नए स्तर पर कारोबार कर रही है। कीमतों में बदलाव का असर सराफा बाजार की खरीदारी पर भी दिखाई दे रहा है।



शादी सीजन में 20 प्रतिशत तक बढ़ सकती है खरीदारी : जयपुर सराफा ट्रेडर्स कमेटी के अध्यक्ष कैलाश मित्तल ने बताया कि इस बार सोने और चांदी दोनों के भाव में लगातार कमी आई है। दीपावली के बाद अब शादी-ब्याह का सीजन शुरू होने से बाजार में रौनक बढ़ी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि वेडिंग सीजन में सोने-चांदी की खरीदारी में करीब 20 प्रतिशत तक बढ़ोतरी हो सकती है।

करंट अफेयर्स

- प्रतिष्ठित 24वां इंटरनेशनल एमी अवॉर्ड कार्यक्रम कहां आयोजित किया गया? - **न्यूयार्क**
- देश की पहली ऑटोनॉमस माइक्रो मिसाइल सिस्टम की सफल टेस्टिंग हुई? - **ज्वाला एमके-1**
- किस देश के कौनसे टेनिस प्लेयर ने पहली बार एटीपी का खिताब जीता? - **कार्लोस अल्काराज, स्पेन**
- किस भारतीय स्टार ने लगातार दूसरी बार वुमेन वर्ल्ड स्नूकर प्रति. जीती? - **अनुपमा रामचंद्रन**
- ग्लोबल पीस ऑनर्स 2026 सम्मान किस भारतीय क्रिकेटर को मिला है? - **सचिन तेंडुलकर**
- प्रतिभा पारकर को किस देश के राजदूत की जिम्मेदारी दी गई हैं? - **निकारागुआ**

ब्रीफ न्यूज

एनएचपीसी : ट्रेनी इंजीनियर के 205 पदों पर वैकेंसी

एनएचपीसी लिमिटेड और उसकी संयुक्त उद्यम कंपनी एनएचडीसी लिमिटेड ने ट्रेनी इंजीनियर के पदों पर भर्ती निकाली है। इसके तहत कुल 205 रिक्त पद भरे जाएंगे। इनमें एनएचपीसी के 188 और एनएचडीसी के 17 पद शामिल हैं। इन पदों पर चयन गेट 2025 या गेट 2026 के स्कोर, समूह चर्चा और साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा। छह दिसंबर तक आवेदन कर सकेंगे।

किस शाखा में कितने पद: कुल 205 पदों को अलग-अलग इंजीनियरिंग शाखाओं और संस्थानों के अनुसार बांटा गया है। ट्रेनी इंजीनियर (सिविल) एनएचपीसी में 64 पद, ट्रेनी इंजीनियर (इलेक्ट्रिकल) एनएचपीसी में 76, ट्रेनी इंजीनियर (इलेक्ट्रिकल) एनएचडीसी में 12, ट्रेनी इंजीनियर (मैकेनिकल) एनएचपीसी में 48, ट्रेनी इंजीनियर (मैकेनिकल) एनएचडीसी में 5 पद हैं।

खालसा विधि कॉलेज की पाठ्यक्रम संबद्धता बहाल

श्रीगंगानगर। डॉ. शशिकला आचार्य, प्राचार्य एस.जी.एन. खालसा विधि कॉलेज श्रीगंगानगर ने बताया कि बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कॉलेज के तीन वर्षीय एलएल.बी. पाठ्यक्रम की संबद्धता बहाल कर दी है। बार काउंसिल ऑफ इंडिया की विधि शिक्षा संबंधी स्थायी समिति की 14 नवंबर को आयोजित बैठक में इस संबंध में निर्णय लिया गया। बीसीआई द्वारा 23 नवंबर को जारी आधिकारिक पत्र के माध्यम से कॉलेज एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर लॉ यूनिवर्सिटी, जयपुर को इसकी सूचना दी गई है। बीसीआई की स्वीकृति के अनुसार कॉलेज में तीन वर्षीय एलएल.बी. पाठ्यक्रम के लिए कुल 240 सीटों को मंजूरी दी गई है।

राजस्थान : सीईटी परीक्षा का कार्यक्रम जारी हुआ

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर ने समान पात्रता परीक्षा (सीईटी) सीनियर सेकेंडरी स्तर-2026 की परीक्षा का कार्यक्रम जारी कर दिया है। बोर्ड की ओर से जारी सूचना के अनुसार, परीक्षा का आयोजन 1 दिसंबर से 3 दिसंबर 2026 तक किया जाएगा। परीक्षा प्रत्येक दिन दो पालियों में होगी। परीक्षा आयोजन का कार्यक्रम 28 सितंबर 2026 को भी जारी किया गया था। अब बोर्ड ने परीक्षा की तारीखों और समय की जानकारी दोबारा स्पष्ट की है। बोर्ड के कार्यक्रम के अनुसार, सीईटी सीनियर सेकेंडरी स्तर की परीक्षा तीन दिन तक आयोजित की जाएगी। प्रत्येक दिन दो पालियां निर्धारित की गई हैं। प्रत्येक पाली में परीक्षा की अवधि ढाई घंटे होगी।

एम्स में प्रोफेसर पदों पर भर्ती

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), बिलासपुर ने फैकल्टी पदों पर भर्ती निकाली है। इस भर्ती के तहत प्रोफेसर, एडिशनल प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और संविदा असिस्टेंट प्रोफेसर के कुल 73 पदों पर भर्ती की जाएगी। इसके अलावा कॉलेज ऑफ नर्सिंग में लेक्चरर (असिस्टेंट प्रोफेसर) पद भी हैं। भर्ती सीधे नियुक्ति, प्रतिनियुक्ति और संविदा आधार पर होगी। ऑनलाइन गूगल फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 14 दिसंबर 2026 है।

आईटीआई और दसवीं पास भी कर सकेंगे आवेदन

रेलवे में युवाओं के लिए नौकरियां, भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया जारी

रेलवे भर्ती सेल, उत्तर रेलवे ने अप्रेंटिस के कुल 4,651 पदों पर भर्ती निकाली है। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इच्छुक और योग्य उम्मीदवार 11 दिसंबर 2026 तक आवेदन कर सकेंगे। भर्ती दिल्ली, लखनऊ, फिरोजपुर, मुरादाबाद, अंबाला और जम्मू क्लस्टर के लिए है। इसमें 10वीं पास और संबंधित ट्रेड में आईटीआई करने वाले युवाओं को मौका दिया जाएगा। लखनऊ में पदों की संख्या 1525, दिल्ली में 1312, अंबाला में 979, फिरोजपुर में 740, मुरादाबाद में 63, जम्मू में 32 पद हैं।

कौन कर सकता है आवेदन?

इस भर्ती के लिए उम्मीदवार का किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10वीं पास होना जरूरी है। 10वीं में कुल मिलाकर कम से कम 50 प्रतिशत अंक होने चाहिए। इसके साथ ही संबंधित ट्रेड में आईटीआई प्रमाणपत्र होना चाहिए। जिन उम्मीदवारों का परिणाम 6 नवंबर तक तक नहीं आया है, वे आवेदन के पात्र नहीं होंगे। उम्मीदवार को उसी क्लस्टर और इकाई के लिए आवेदन करना चाहिए, जहां उसके आईटीआई ट्रेड के पद उपलब्ध हों।

2,861 पदों के लिए आवेदन मांगे : सेंट्रल रेलवे ने अप्रेंटिस के 2,861 पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। उम्मीदवारों को 10वीं में कम से कम 50 प्रतिशत अंक और संबंधित ट्रेड में ईटीआई प्रमाणपत्र प्राप्त होना चाहिए। आयुसीमा 3 नवंबर 2026 को 15 से 24 वर्ष है, जिसमें आरक्षित वर्गों को नियमानुसार छूट मिलेगी। आवेदन की अंतिम तिथि 2 दिसंबर 2026 है।

कुछ कैटेगरी के अभ्यर्थियों को मिलेगी छूट

आवेदन करने वाले उम्मीदवार की उम्र 11 दिसंबर 2026 को कम से कम 15 साल और अधिकतम 24 साल होनी चाहिए। आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को सरकारी नियमों के अनुसार उम्र में छूट दी जाएगी। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों को 5 साल, अन्य पिछड़ा वर्ग को 3 साल और दिव्यांग उम्मीदवारों को 10 साल की छूट मिलेगी। पूर्व सैनिकों को भी नियमों के अनुसार अतिरिक्त छूट दी जाएगी। उम्मीदवारों को आवेदन करते समय अपनी जन्मतिथि से जुड़े दस्तावेज सही तरीके से अपलोड करने होंगे। गलत जानकारी देने पर आवेदन रद्द किया जा सकता है। अभ्यर्थी को आवेदन करने से पहले संबंधित भर्ती की अधिकारिक वेबसाइट पर जाकर नियमों की आवश्यक जानकारी हासिल कर लेनी चाहिए। कुछ संशोधन होता है तो भी वेबसाइट के जरिये अपडेट मिलता रहता है।

12वीं के बाद बन सकेंगे इंजीनियर, : इन पदों पर मिलेगी नियुक्ति

रेलवे में अब 12वीं के बाद इंजीनियर बन सकेंगे। नियुक्ति सीनियर सेक्शन इंजीनियर (एसएसई) पद पर मिलेगी। इसके लिए रेलवे बोर्ड टेक्निकल एंट्री स्कीम (टीईएस) शुरू कर रहा है। चयनित युवाओं को गति शक्ति विश्वविद्यालय में 4 साल का विशेष इंजीनियरिंग कोर्स कराया जाएगा, जिसकी फीस और हॉस्टल खर्च रेलवे उठाएगा। कोर्स व प्रशिक्षण के बाद पे लेवल-7 पर नियुक्ति मिलेगी। रेलवे बोर्ड के निदेशक (स्थापना) यूके तिवारी के अनुसार यह योजना सिविल, इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल व इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के लिए है।

जेईई मेन रैंक के आधार पर शॉर्ट लिस्टिंग : आवेदन के लिए आयु 17 से 24 वर्ष के बीच होनी चाहिए। आरक्षित वर्गों को छूट मिलेगी। भौतिकी, रसायन विज्ञान व गणित के साथ 12वीं पास होना अनिवार्य है। उसी वर्ष की वैध जेईई मेन रैंक मान्य होगी। 2027-28 सत्र के लिए जेईई मेन 2027 के दोनों सत्रों में से बेहतर स्कोर लिया जाएगा। रेलवे भर्ती बोर्ड जेईई मेन रैंक से 90वें परसेंटाइल तक या उपलब्ध सीटों के 15 गुना अभ्यर्थियों को कॉमन एंट्रेंस टेस्ट के लिए बुलाएगा। 120 मिनट की परीक्षा में 100 प्रश्न होंगे, जिनमें जनरल एप्टीट्यूड के 60 तथा भौतिकी, रसायन विज्ञान व गणित के 40 सवाल होंगे। नेगेटिव मार्किंग होगी।

जॉब्स इन ब्रीफ

सीमा सुरक्षा बल में भर्ती



पदों की संख्या 1167

पदनाम
सब इंस्पेक्टर सहित अन्य

आवेदन प्रक्रिया
12 नवंबर से 31 दिसंबर

योग्यता
स्नातक की डिग्री

चयन प्रक्रिया
कंप्यूटर आधारित लिखित परीक्षा, फिजिकल टेस्ट, दस्तावेज सत्यापन और मेडिकल टेस्ट होगा।

इंडियन ऑयल कारपोरेशन



पदों की संख्या 409

पदनाम
टेक्निशियन सहित अन्य।

आवेदन प्रक्रिया
13 नवंबर से 12 दिसंबर

आयु सीमा
अधिकतम 24 वर्ष।

योग्यता एवं चयन प्रक्रिया
पद के अनुसार 12वीं पास, इंजीनियरिंग में डिप्लोमा, आईटीआई, स्नातक। मेरिट आधारित चयन होगा।

असम राइफल्स में भर्ती



पदों की संख्या 354

पदनाम
राइफलमैन सहित अन्य।

आवेदन प्रक्रिया
15 नवंबर से 14 दिसंबर

आयु सीमा
अधिकतम 25 वर्ष

योग्यता एवं चयन प्रक्रिया
10वीं पास, 12वीं के साथ आईटीआई डिप्लोमा, स्नातक की डिग्री। फिजिकल एवं मेडिकल टेस्ट, सीबीटी।

यूके में कॅरिअर; फरवरी इंटेक के लिए वीजा मास्टर्स इंडिया की विशेष पहल

वर्ल्ड क्लास एजुकेशन के साथ कॅरिअर का सुनहरा मौका

श्रीगंगानगर।

विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त कर अपना भविष्य संवारने का सपना देख रहे विद्यार्थियों के लिए ब्रिटेन (यूके) में पढ़ाई का सुनहरा अवसर सामने आया है। वीजा मास्टर्स इंडिया संस्थान श्रीगंगानगर की ओर से यूके के फरवरी इंटेक के लिए विद्यार्थियों को अवगत करवाया गया है। संस्थान विद्यार्थियों को विदेश में अध्ययन के लिए मार्गदर्शन एवं सहयोग उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विशेष पहल कर रहा है। यूके में विश्वस्तरीय शिक्षा, विभिन्न विषयों में पाठ्यक्रमों की व्यापक उपलब्धता, वीजा सफलता की बेहतर संभावनाएं और उज्ज्वल करियर के अवसर विद्यार्थियों के लिए प्रमुख हैं। यूके में उच्च शिक्षा प्राप्त करना न केवल शैक्षणिक विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हो सकता है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने करियर को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का अवसर भी प्रदान कर सकता है।



वीजा मास्टर्स इंडिया संस्थान ने इच्छुक विद्यार्थियों से अपील की है कि वे फरवरी इंटेक के लिए समय रहते संपर्क करें और विदेश में पढ़ाई की प्रक्रिया से जुड़ी जानकारी प्राप्त करें। संस्था का संदेश है कि विद्यार्थी अपने बेहतर भविष्य के निर्माण के लिए सही समय पर मार्गदर्शन लेकर अपने सपनों को नई उड़ान दें।

सम्पर्क करें : **वीजा मास्टर्स इंडिया**
6 पी-ब्लॉक, शू बैंक के ऊपर, फर्स्ट फ्लोर,
राधेश्याम रोड, श्रीगंगानगर
+91 93511-88888

बीएचईएल में 415 पदों पर होगी भर्ती, आवेदन की प्रक्रिया शुरू



भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) ने इंजीनियर/एग्जीक्यूटिव ट्रेनी और सुपर वाइजर ट्रेनी के 415 पदों पर भर्ती के लिए विस्तृत अधिसूचनाएं जारी की हैं। इसमें इंजीनियरिंग, वित्त और मानव संसाधन से जुड़े पद शामिल हैं। ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 25 नवंबर 2026 को सुबह 10 बजे से शुरू हो रही है। पात्र उम्मीदवार भेल की आधिकारिक करियर वेबसाइट पर 28 दिसंबर तक आवेदन कर सकते हैं। भर्ती के तहत कुल 415 पद भरे जाएंगे। इनमें 200 इंजीनियर/एग्जीक्यूटिव ट्रेनी और 215 सुपरवाइजर ट्रेनी के पद हैं। इंजीनियर/एग्जीक्यूटिव ट्रेनी के पदों के लिए इंजीनियरिंग स्नातक, सीए/सीएमए योग्य उम्मीदवार और मानव संसाधन में स्नातकोत्तर डिग्रीधारक संबंधित पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं। सुपरवाइजर ट्रेनी के लिए इंजीनियरिंग में डिप्लोमा या बीबीए, बीबीएस, बीएमएस अथवा बीकॉम की डिग्री आवश्यक है। इस श्रेणी में सामान्यतः 65% अंक जरूरी हैं, जबकि एससी/एसटी उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम 60% अंक निर्धारित हैं।

चयन प्रक्रिया : इंजीनियर ट्रेनी और सुपरवाइजर ट्रेनी के लिए अधिकतम आयु सीमा 27 वर्ष है। वित्त और मानव संसाधन के एग्जीक्यूटिव ट्रेनी पदों के साथ-साथ कुछ स्नातकोत्तर योग्यता वाले इंजीनियरिंग उम्मीदवारों के लिए अधिकतम आयु सीमा 29 वर्ष है। आयु की गणना 1 नवंबर 2026 के आधार पर की जाएगी। आरक्षित वर्गों को भर्ती नियमों के अनुसार आयु में छूट मिलेगी। दोनों श्रेणियों की कंप्यूटर आधारित परीक्षा 27 जनवरी 2027 को निर्धारित है।

सीबीटी या ऑफलाइन मोड

NEET-UG परीक्षा:स्टूडेंट्स चुन सकेंगे पसंद का विकल्प

साल 2027 में होने वाली नीट-यूजी परीक्षा के लिए केंद्र सरकार उम्मीदवारों को कंप्यूट बेस्ड टेस्ट और पेन-एंड-पेपर मोड में से किसी एक को चुनने का विकल्प देने पर विचार कर रही है। इससे स्टूडेंट्स को एक समान मौके मिल सकेंगे। इस तरह परीक्षा में पेपर लीक, नकल और अन्य गड़बड़ियों को रोका जा सकेगा। साथ ही एग्जाम प्रोसेस ज्यादा सुरक्षित बनेगी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित की जाने वाली नीट-यूजी सहित सभी प्रतियोगी परीक्षाएं पूरी तरह से कंप्यूटर बेस्ड मोड में होने लगेंगी।

नीलेकणि की अध्यक्षता में गठित कमेटी पक्ष में : प्रतियोगी परीक्षाओं में सुधार के लिए नंदन नीलेकणि की अध्यक्षता में गठित हाई टास्क फोर्स इस पक्ष में है कि उम्मीदवारों को सीबीटी और पेन-एंड-पेपर मोड में से किसी एक को चुनने का विकल्प दिया जाए। इससे पहले जब जेईई मेन परीक्षा को पेन-एंड-पेपर मोड से बदलकर सीबीटी मोड में किया गया था, तब भी इसी तरह की प्रोसेस अपनाई गई थी।



जेईई मेन में पहली बार 2011 में सीबीटी मोड लागू: जेईई मेन के लिए 2011 में सीबीटी फॉर्मेट को पहली बार ऑफलाइन मोड के साथ एक ऑप्शन के तौर पर पेश किया गया था। जनवरी 2019 में परीक्षा के पूरी तरह से सीबीटी में बदलने से पहले, कई सालों तक ये दोनों फॉर्मेट साथ-साथ चलते रहे। यही नियम अब नीट-यूजी 2027 पर भी लागू हो सकता है।

पिछले साल 20 लाख छात्रों ने दिया था एग्जाम : नीट-यूजी 2026 एग्जाम में करीब 20 लाख स्टूडेंट्स शामिल हुए थे। भारत के 551 शहरों और विदेश के 14 शहरों में 5,440 एग्जाम सेंटर पर एग्जाम हुए।

कॅरिअर की राह

ये बदलाव और दिनचर्या बनेंगे आपके मददगार, कठिन परिस्थितियों में धैर्य बनाए रखें

अगर भारतीय सेना में अफसर बनना चाहते हैं तो अपनाएं ये टिप्स

सीमा सन्देश

जो युवा भारतीय सेना में शामिल होकर अधिकारी बनना चाहते हैं, उन्हें लिखित परीक्षा के साथ-साथ अपने व्यवहार और दिनचर्या पर भी ध्यान देना चाहिए। कठिन परिस्थितियों में धैर्य बनाए रखना, स्पष्ट संवाद करना और टीम के साथ काम करना भी नेतृत्व के महत्वपूर्ण गुण हैं। भारतीय सेना के एक ऑफिसर ने अधिकारी बनने की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए मीडिया के माध्यम से पांच आदतें साझा की हैं। इन आदतों को धीरे-धीरे अपनी दिनचर्या में शामिल किया जा सकता है।



इन बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए

प्रतिदिन पढ़ें और नई बात लिखें : हर दिन कुछ पढ़ने और उससे सीखी गई एक नई बात लिखने की आदत डालें। इससे पढ़ने की नियमितता बनेगी, सामान्य ज्ञान बढ़ेगा और सोचने-समझने का नजरिया विकसित होगा। रोज पढ़ने से देश-दुनिया की घटनाओं की जानकारी रखने में भी मदद मिलेगी।

दौड़ या खेल को दिनचर्या में शामिल करें : शारीरिक रूप से स्वस्थ रहना सेना में सेवा के लिए महत्वपूर्ण है। अपनी क्षमता और स्वास्थ्य के अनुसार दौड़ या किसी खेल को दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। इससे शारीरिक सक्रियता बनी रहेगी और शारीरिक परीक्षा की तैयारी में मदद मिल सकती है। दौड़, ऊंची कूद का अभ्यास भी किया जा सकता है।

संवाद करने का तरीका सुधारें : एक अच्छे अधिकारी को अपनी बात स्पष्ट और प्रभावी ढंग से रखनी आनी चाहिए। साथ ही, दूसरों की बात ध्यान से सुनना भी जरूरी है। इसलिए अपने विचारों को व्यवस्थित तरीके से व्यक्त करने और दूसरों की बात समझने का अभ्यास करें।

टीम के साथ काम करना सीखें : टीमवर्क में हर सदस्य की बात ध्यान से सुनना और मिलकर काम करना जरूरी है। सेना में सहयोग, तालमेल और आपसी भरोसे की अहम भूमिका होती है। अच्छे नेतृत्व के लिए केवल अपना प्रदर्शन बेहतर करना ही पर्याप्त नहीं; टीम को साथ लेकर चलना भी जरूरी है।

आत्म-अनुशासन विकसित करें : समय पर काम करना, धैर्य बनाए रखना और अपने लक्ष्य के प्रति ईमानदार रहना आत्म-अनुशासन के अहम हिस्से हैं। हर दिन एक छोटा लक्ष्य तय करें और उसे पूरा करने का प्रयास करें। नियमित अभ्यास से अनुशासन को दिनचर्या का हिस्सा बनाया जा सकता है।

सोशल मीडिया से



मौसम

अधिकतम	न्यूनतम
30.6°	10.9°

आर्द्रता

सुबह	शाम
70%	42%

विंड स्पीड

3-8KM/h

आज का सूर्यास्त

05:35PM

कल का सूर्योदय

07:09AM

मुख्यतः आसमान साफ रहेगा।

सर्राफा श्रीगंगानगर

(24 कैरेट/10 ग्राम) ₹1,22,230

(22 कैरेट/10 ग्राम) ₹1,13,110

चांदी (प्रति किलो) ₹1,46,000

नोट : इन भावों पर जीएसटी अलग से है।

न्यूज इन ब्रीफ

सीवरेज कनेक्शन हटाओ नहीं तो होगी कार्रवाई

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। आरयूआईडीपी के सहयोग से एलएण्डटी द्वारा नगर परिषद क्षेत्र श्रीगंगानगर में सीवरेज लाइन बिछाकर घरों के बाहर प्रॉपर्टी चैम्बर बनाने का कार्य लगभग पूरा कर दिया गया है, परन्तु गलियों की सीवरेज लाइनों का मिलान एवं सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट से सीवरेज लाइन का मिलान नहीं किया गया है। इसलिए आरयूआईडीपी की ओर से संबंधित क्षेत्रवासियों से अपने सीवरेज कनेक्शन हटाने की अपील की गई है। राजस्थान शहरी आधारभूत विकास परियोजना के श्रीगंगानगर अधीक्षण अभियंता प्रदीप मीणा ने बताया कि लाइन का कार्य पूरा होने पर विभाग द्वारा ही सभी घरों में सीवरेज कनेक्शन करने का कार्य किया जायेगा। परन्तु पाया गया है कि आपके द्वारा स्वयं के स्तर पर ही अवैध सीवरेज कनेक्शन कर लिये गये हैं, जिससे कुछ समय में ही सीवर लाइन भर जाने के कारण मैनहोल व प्रॉपर्टी चैम्बर से गंदा पानी बाहर आने लगेगा, क्योंकि उसका उचित निकास नहीं हो रहा है, जिससे आपके घर तथा गली में बदबू आने लगेगी जिससे बीमारियां फैलेंगी। साथ ही विभाग के कार्मिकों को चालू लाइन में कार्य करने में अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। इसलिए 7 दिवस के अन्दर सीवरेज कनेक्शन को हटवा दें अन्यथा राजस्थान नगर पालिका अधिनियम के तहत आपके विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। इसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे। अधिक जानकारी के लिए आर.यू.आई.डी.पी. के टोल फ्री नम्बर 18001802453 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

नव मतदाताओं के पंजीकरण के निर्देश

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता 1 जनवरी 2027 के संदर्भ में निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2027 कार्यक्रम क्षेत्र में जारी है। इसके तहत जिले के समस्त राजकीय एवं निजी शैक्षणिक संस्थानों (आवासीय सहित) यथा माध्यमिक शिक्षा, पीएसपी पर रजिस्ट्रर्ड निजी विद्यालयों, एनवीएस, केवीएस, आर्मी स्कूल, मदरसों, संस्कृत शिक्षा के विद्यालयों इत्यादि में अध्ययनरत 18 वर्ष से अधिक एवं 17 -18 आयु वर्ग के विद्यार्थियों के क्रम में पात्र युवा / नव मतदाताओं के शत-प्रतिशत पंजीकरण / अग्रिम पंजीकरण के निर्देश दिये गये हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. अमित यादव ने जिले के समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी को आयोग के निर्देशानुसार ऐसे विद्यार्थियों का पंजीकरण करवाने हेतु निर्देशित किया है।

भारत युवा संवाद का आयोजन 26 को

श्रीगंगानगर। युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत मेरा युवा भारत, संविधान दिवस के अवसर पर 26 नवंबर को प्रातः 11 बजे श्री गुरुनानक गर्ल्स कॉलेज, श्रीगंगानगर में विकसित भारत युवा संवाद कार्यक्रम आयोजित होगा।

प्रशासनिक कार्यवाही...अधिकारियों के साथ भारी पुलिस जाब्ता तैनात रहा, जल्द नाला व सड़क निर्माण होगा, एकबारगी रास्ता बंद

10 साल बाद जस्सासिंह मार्ग पर फिर चली जेसीबी; 150 मीटर रास्ते से अतिक्रमण हटाए, विरोध करने वालों को पुलिस ने धकेला

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

शहर के बीचोंबीच निकलने वाले 'मिनी बाइपास' जस्सासिंह मार्ग पर लगभग 10 वर्ष बाद फिर से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। मास्टर प्लान के तहत इस मार्ग की चौड़ाई 80 फीट निर्धारित है। लगभग दस साल पहले यहां से अतिक्रमण हटाए गए थे। इसके बाद सड़क निर्माण कर दिया गया था, लेकिन बसंती चौक से लेकर हरदीपसिंह जिलेदार के बाग तक करीब 150 मीटर का रास्ता संकरा था। बुधवार सुबह जस्सासिंह मार्ग प्रशासनिक अधिकारियों की टीम भारी पुलिस जाब्ते और जेसीबी मशीनों, ट्रैक्टर ट्रॉलियों के साथ यहां पहुंची। लोगों ने अस्थाई रूप से यहां चारदीवारियां की हुईं थी, जिन्हें हटाया गया। तीन-चार घर ऐसे हैं, जिनकी छत का कुछ हिस्सा भी इस दायरे में आता है, उन्हें अंतिम चेतावनी दे दी गई है। काफी हद तक पुलिस-प्रशासनिक टीम यहां से अतिक्रमण हटाने में सफल रही। सुबह करीब 11:30 बजे जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव भी मौका देखने पहुंचे। कलक्टर डॉ. यादव के निर्देश पर एडीएम (प्रशासन) सुभाष चौधरी व पुलिस अधिकारियों की अगुवाई में कार्यवाही हुई।

किसी को बड़ा नुकसान, तो किसी को फायदा : जस्सासिंह मार्ग में उक्त जगह पर एक तरफ हरदीपसिंह कॉलोनी और दूसरी तरफ चावला कॉलोनी है। जिनके पास शुरूआत में अधिकतम 20 या 30 फीट लंबाई वाले भूखंड थे, उन्हें तो बहुत बड़ा नुकसान हुआ, क्योंकि उनकी पूरी जगह सड़क दायरे में आ गई। जिनके पास बड़े साइज के भूखंड थे, उनकी शेष बची जगह की कीमत कई गुणा तक बढ़ गई।



हाथोंहाथ उठाया मलबा

सड़क निर्माण सामग्री, रोडरोलर भी मंगवाये



जस्सासिंह मार्ग पर अतिक्रमण हटाने के साथ-साथ काफी संख्या में लोडर और ट्रैक्टर-ट्रॉलियां लगाए गए, ताकि मलबे को तुरंत हटाया जा सके। एकबारगी प्रशासन-पुलिस ने यहां बसंती चौक से जिलेदार के बाग तक रास्ता बंद करवा दिया गया। मलबा उठाने के साथ यहां सड़क निर्माण सामग्री के बड़े ट्रक भी पहुंचने शुरू हो गए। जेसीबी मशीनों के साथ-साथ रोडरोलर भी मंगवा लिया गया। अतिक्रमण हटाने वाले स्थान को समतल करने का काम शुरू कर दिया गया। यहां 25 फीट सड़क नई बनी हुई है। बाकी दोनों तरफ के हिस्से पर भी सड़क बनाई जाएगी। इस मार्ग पर 50 फीट सड़क निर्माण, बाकी दोनों 15-15 फीट चौके लगाए गए हैं, उम्मीद है कि उक्त स्थान पर भी ऐसा ही होगा। प्रशासनिक टीमों ने जद में आने वाले मकान-दुकान मालिकों को नाला निर्माण करने व सड़क तुरंत बनाने की बात कही और सेंटर पॉइंट से निशान पुनः दिये गये।

'घर' बचाने के लिए संघर्ष

महिला अधिवक्ता और कुछ लोगों ने कई साल कानूनी लड़ाई लड़ी



अगस्त 2016 में यहां अतिक्रमण हटाए गए थे, तब अधिवक्ता परमजीतकौर गुजराल ने इस मामले को लेकर हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी, तब से लेकर अब तक कई सालों से यहां 'यथास्थिति' रही। यहां के निवासी कुछ लोग भी इनके साथ रहे। अधिवक्ता परमजीतकौर का मकान भी इस मार्ग पर है। अधिवक्ता परमजीतकौर ने प्रशासन की कार्यवाही पर सवाल उठाया और बताया कि यहा मामला कोर्ट में विचाराधीन है। कोर्ट ने श्रीगंगानगर प्रशासन को कमेटी बनाकर लोगों का पक्ष सुनने और हल निकालने के निर्देश दिये थे। कमेटी ने लोगों की बात को दरकिनार कर दिया। इसके बाद उन्हें 27 नवंबर 2026 तक अतिक्रमण हटाने की चेतावनी प्रशासनिक स्तर पर दी गई। अब इस अवधि से दो दिन पहले ही अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही कर दी गई। महिला अधिवक्ता ने बताया कि उन्होंने इस संबंध में प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधि से बात की, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। हालांकि यहां एक नर्सरी भी स्थापित है, जो भाजपा नेता की है। बताया गया कि उन्हें हटाने के लिए समय दिया गया है। वहीं, दूसरी तरफ इस मामले में अलग से हाईकोर्ट में याचिका दाखिल होने की चर्चा भी होती रही। पूर्व पार्षद और अधिवक्ता सुरेन्द्र स्वामी भी जस्सासिंह मार्ग को लेकर कई सालों तक सक्रिय रहे।

विरोध करने वालों की कोई सुनवाई नहीं: जस्सासिंह मार्ग पर बसंती चौक के निकट जब पुलिस-प्रशासनिक टीम जेसीबी से अतिक्रमण हटाने पहुंची तो यहां निवासरत कुछ लोगों ने कार्यवाही का विरोध किया। महिला अधिवक्ता का निवास भी इस रास्ते पर है, जिन्होंने लोगों को साथ लेकर हाईकोर्ट में कानूनी लड़ाई लड़ी। एक अन्य अधिवक्ता ने भी यहां पहुंचकर बात रखी। पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों ने भी तर्क रख दिया तथा कार्यवाही जारी रखी। इस दौरान तू-तू-मैं-मैं भी हुई, लेकिन पुलिस जाब्ते ने विरोध करने वालों को पीछे धकेल दिया।

कृषि भूमि पर कटी थी कॉलोनियां, लोगों ने कहा- कब्जा नहीं, पैसे देकर खरीदे भूखंड...सवाल- यूआईटी अवैध कॉलोनी काटने ही क्यों देती है?

जस्सासिंह मार्ग के पास कृषि भूमि यहां जमीन मालिकों ने पुराने समय में कॉलोनियां काटीं थी। मुरब्बा नंबर, किला नंबर और भाग संख्या के आधार पर लोगों को भूखंड तत्कालीन समय के बाजार मूल्य पर बेचे गये। खरीददारों ने यहां दुकानें और मकान बना लिये। उसके कुछ समय बाद सड़क के मास्टर प्लान में शामिल होने का पता चला तो खरीददारों के पैरों तले जमीन खिसक गई। यहां रहने वाले लोगों ने बताया कि उन्होंने कब्जे थोड़ी किये हैं, यहां तो बाजार भाव में पैसे देकर भूखंड खरीदे हैं। जब कॉलोनी काटी जाती है, तब प्रशासन विशेषकर यूआईटी वाले कहां चले जाते हैं। अवैध तरीके से कॉलोनियां कटने का अंततः नुकसान अंतिम खरीददार को उठाना पड़ता है, कमोबेश यहां भी ऐसा ही हुआ।



इस कदम से 'क्षेत्र के प्रोपर्टी बाजार' पर क्या असर होगा! : एक वक्त था, जब यह सड़क महज 25 फीट की हुआ करती थी। मास्टर प्लान के तहत अगस्त 2016 में सड़क की चौड़ाई बढ़ाकर 80 फीट करने के लिए यहां पहली बार जेसीबी पहुंची थी। उसके बाद इस एरिया की ऑन रोड प्रोपर्टी में तेजी देखने को मिली। बीते कुछ सालों में यहां ऑनरोड रेट काफी हो गए थे। शेष रहे सड़क के इस रास्ते (लगभग 150 मीटर) से अतिक्रमण हटाए गए हैं जिससे इस एरिया की प्रोपर्टी पर कोई बड़ा असर पड़ने वाला नहीं हैं, क्योंकि रेटों में पहली ही बढ़ोत्तरी हो चुकी है और प्रोपर्टी बाजार भी बहुत ज्यादा सुस्त चल रहा है।

प्रतिष्ठानों से लिए खाद्य पदार्थों के सैंपल



श्रीगंगानगर। खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने एवं मिलावट के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान शुद्ध आहार मिलावट पर वार के तहत स्वास्थ्य विभाग की ओर से निरीक्षण एवं सैंपलिंग की कार्रवाई जारी है। इसी के तहत बुधवार को विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर सैंपल लिए गए। सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला ने बताया कि कार्रवाई के दौरान सूरतगढ़ एरिया में थर्मल पावर प्लांट के पास प्रभात नगर गेट के आगे स्वामी विष्णु भोजनालय से दही एवं दूध का सैंपल लिया गया। वहीं पवन पुत्र मिष्ठान भंडार से बेसन लड्डू और मिलन होटल एंड रेस्टोरेंट से महाकोश ब्रांड सरसों तेल का सैंपल लिया गया। इसके अलावा पवन पुत्र मिष्ठान भंडार पर निरीक्षण के दौरान करीब 15 किलो चाशनी, पांच किलो तेल एवं एक किलो खराब आलू का तैयार मसाला सहित कुल 21 किलो खाद्य सामग्री नष्ट करवाई गई। निरीक्षण के दौरान चार दुकानों के लाइसेंस नहीं मिलने पर मौके पर ही लाइसेंस एप्लाई करवाया गया। विभाग की टीम में शामिल एफएसओ हेतराम खुड़िया, नित्या शर्मा एवं मंजूबाला ने प्रतिष्ठान संचालकों को खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता बनाए रखने, साफ-सफाई रखने तथा खाद्य सामग्री को उचित तरीके से सुरक्षित रखने के निर्देश दिए।

जिला चिकित्सालय में स्थित प्रसूति गृह का एडीजे सुथार ने किया निरीक्षण

साफ-सफाई के दिये निर्देश

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्रीगंगानगर के सचिव रवि प्रकाश सुथार (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) के द्वारा बुधवार को जिला राजकीय चिकित्सालय में स्थित प्रसूति गृह, श्रीगंगानगर का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान अस्पताल इन्चार्ज डॉ. बलदेव व प्रसूति गृह इन्चार्ज डॉ. शालु अरोड़ा सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहा। निरीक्षण के दौरान व्यवथाओं का जायजा लिया गया तो शौचालयों में साफ-सफाई की उचित व्यवस्था नहीं होने से सफाई इन्चार्ज/ठेकेदार को निर्देशित किया कि अस्पताल में नियमित रूप से साफ-सफाई सुनिश्चित करवाई जावे। इसी दौरान प्रसूति गृह में प्रसूति महिलाओं एवं बच्चों को समय पर चिकित्सकीय



सुविधा उपलब्ध करवाने के बारे में जानकारी ली गई। साथ में चिकित्सालय में बीमार एवं उनके सहयोगी को राज्य सरकार के द्वारा चिकित्सा एवं रख-रखाव की समूचित व्यवस्था के बारे में भी जानकारियां ली गई। इसी क्रम में प्रसूति गृह के बाहर अस्पताल से डिस्चार्ज लेने आये मरीजों से वार्ता की गई तो किसी मरीज के साथ आये एक व्यक्ति ने बताया कि मरीजों के लिए बाहर बैठने हेतु पर्याप्त चेयर नहीं है। इस हेतु अस्पताल इन्चार्ज को मरीजों के बैठने की समुचित व्यवस्था करवाये जाने हेतु निर्देशित किया गया। इसी दौरान बीमार प्रसूति महिलाओं से भी वार्ता की गई। जिसके परिणामस्वरूप किसी अनियमितता के बाबत प्रसूति महिला के द्वारा कोई शिकायत नहीं की गयी।

श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया श्री गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व



श्रीगंगानगर। रिद्धि सिद्धि स्थित बाबा जोरावर सिंह फतेह सिंह गुरुद्वारा साहिब में सिख धर्म के प्रथम गुरु, श्री गुरु नानक देव जी का प्रकाश गुरपुरब (प्रकाश दिहाड़ा) बड़ी श्रद्धा, उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर गुरुद्वारा साहिब में विशेष कथा-कीर्तन दीवान सजाए गए, जिसमें बड़ी संख्या में संगत ने हाजिरी भरकर गुरु चरणों में शीश नवाया। दीवान के दौरान भाई जगसीर सिंह भुल्लर (अमरसिंहवाला वाले), भाई गगनदीप सिंह (कोटा वाले) तथा गुरुद्वारा साहिब के हेड ग्रंथी भाई गुरदीप सिंह ने अपनी मधुर वाणी से कथा एवं गुरबाणी कीर्तन के माध्यम से संगत को निहाल किया। कथावाचकों व रागी जत्थों ने श्री गुरु नानक देव के जीवन दर्शन, आपसी भाईचारे, सेवा और सत्य के मार्ग पर चलने की शिक्षाओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के समापन पर गुरुद्वारा प्रबंध समिति की ओर से दीवान में पधारे रागी जत्थों, सेवादारों एवं समस्त संगत का आभार व्यक्त किया गया। इस मौके पर गुरु का अटूट लंगर भी बरताया गया, जिसमें संगत ने पंगत में बैठकर श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण किया।

मेला श्यामकी टीम उपविजेता, विजेता को 31 हजार और उपविजेता को 21 हजार रुपये का पुरस्कार दिया, अगली बार एक लाख का पुरस्कार मिलेगा

अश्व मेले में सर्किल स्टाइल कबड्डी मुकाबले में अयालकी टीम विजेता

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

युवाओं को नशे की प्रवृत्ति से दूर रखने तथा उन्हें खेलों और पारंपरिक अश्व पालन के प्रति आकर्षित करने के उद्देश्य से आज श्रीगंगानगर अश्व मेले में सर्किल स्टाइल कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। मेले के आयोजक व समिति के अध्यक्ष हरजीत सिंह बराड़ ने बताया कि जिला कबड्डी संघ, हनुमानगढ़ और महाराणा प्रताप अश्व पालक समिति की इस संयुक्त पहल के तहत मुकाबले सुबह 10:00 बजे अश्व मेला प्रांगण, श्रीगंगानगर में शुरू हुए। प्रतियोगिता में राजस्थान पंचायतवार नियम लागू रहा, जिसके तहत 3 खिलाड़ी बाहर से, दो राजस्थान के और एक खिलाड़ी पंजाब का शामिल हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार अयालकी की टीम विजेता रही जिसे 31 हजार रुपये और उप विजेता रही श्यामकी टीम को 21 हजार रुपये का पुरस्कार दिया गया। साथ हरजीत बराड़ ने घोषणा की कि अगले वर्ष विजेता टीम को 1 लाख और उपविजेता टीम को 71 हजार रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। इस अवसर पर रणदीप बराड़, जगदीप बराड़, गुरविन्द्र सिंह, रिंकू कंग, हैप्पी मिगलानी, अमन भुंवाल, गौरीशंकर, पृथ्वीराज गोदारा, सुमित सहू, गुरचरण कंग, नवपाल सिंह चहल, रणदीप बराड़ 44 जीबी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि महाराणा प्रताप अश्वपालक समिति और जिला कबड्डी संघ हनुमानगढ़ के अध्यक्ष हरजीत बराड़ द्वारा यह आयोजन करवाया जा रहा है। इस मौके पर बच्चों को भी घुडसवारी करवाई जा रही है।







पुष्कर के बाद देश का दूसरा प्रमुख अश्व मेला

शहर में करीब पूर्व बुजुर्गों के प्रयासों से शुरू हुए पारंपरिक अश्व मेले का आगाज गुरु नानक जयंती के पावन अवसर पर हो गया है, जो आगामी 1 दिसंबर तक चलेगा। मेला समिति से जुड़े करणपुर (गाँव 44 जीजी) निवासी रणदीप सिंह बराड़ ने बताया कि स्थानीय किसानों व अश्व पालकों को अपनी घोड़ियों की बिक्री के लिए पहले मुक्तसर साहिब जैसी दूर-दराज की मंडियों में जाना पड़ता था, जिससे खर्च अधिक होता था। इसी समस्या के समाधान हेतु शुरू हुआ यह मेला आज पुष्कर के बाद देश का दूसरा प्रमुख अश्व मेला बन चुका है। इस वर्ष मेले में राजस्थान सहित पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और गुजरात से बड़ी संख्या में खरीदार व पशुपालक पहुँच रहे हैं। यहाँ बेहद किफायती दरों पर तंबू व स्टॉल उपलब्ध कराए जाने से पशुपालकों को सीधा लाभ मिल रहा है। मेले का मुख्य आकर्षण 29 और 30 नवंबर को होने वाला भव्य अश्व डिस्प्ले (प्रदर्शन) रहेगा। इसके अतिरिक्त, युवाओं को नशे से दूर रखने और खेलों के प्रति प्रेरित करने के उद्देश्य से पहली बार कबड्डी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसका फाइनल मुकाबला यालकी की टीम ने जीता। आयोजन को सफल बनाने में विधायक जयदीप बिहानी, सरदार हरजीत सिंह बराड़ तथा जिला प्रशासन का विशेष सहयोग मिल रहा है।

सीमा सन्देश

साहित्य सन्देश

श्रीगंगानगर, गुरुवार, 26 नवम्बर, 2026

किसी से प्यार करना मजबूत एहसास ही नहीं है - यह निर्णय है, यह वादा है। - बेल हुक्स

संपादकीय

लोकतंत्र की शक्ति चुनाव में भागीदारी

भारतीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत उसकी चुनावी प्रक्रिया है। इस प्रक्रिया को लेकर समय-समय पर सवाल उठते रहे हैं, राजनीतिक दल आरोप-प्रत्यारोप लगाते रहे हैं और चुनावी व्यवस्थाओं में सुधार की मांग भी होती रही है। यह लोकतंत्र का स्वाभाविक हिस्सा है। लेकिन इन सबके बीच यदि कोई बात सबसे अधिक महत्वपूर्ण है तो वह यह है कि लोकतंत्र का अस्तित्व चुनाव में भागीदारी पर टिका होता है, न कि चुनाव से दूरी बनाने पर। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शिकागो विश्वविद्यालय में छात्रों के साथ संवाद के दौरान कहा कि कांग्रेस चुनावी प्रक्रिया में कथित खामियों के बावजूद चुनाव का बहिष्कार नहीं करेगी। उनका यह कथन केवल एक राजनीतिक बयान नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था के मूल सिद्धांत की स्वीकारोक्ति है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि विपक्ष चुनाव में भाग लेना छोड़ दे तो उसी क्षण लोकतंत्र समाप्त हो जाएगा। यह विचार किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था की आत्मा को अभिव्यक्त करता है। लोकतंत्र में चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन का माध्यम नहीं, बल्कि जनता की संप्रभुता का सबसे बड़ा प्रतीक है। जनता अपने मताधिकार के माध्यम से सरकार बनाती और बदलती है। यदि किसी दल को चुनावी प्रक्रिया पर आपत्ति है तो उसका संवैधानिक और लोकतांत्रिक रास्ता यही है कि वह अपने आरोपों को तथ्यों के साथ जनता और संबंधित संस्थाओं के सामने रखे, न्यायिक प्रक्रिया का सहारा ले और सुधार की मांग करे। चुनाव से बाहर रहना या बहिष्कार करना समस्या का समाधान नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर करने वाला कदम हो सकता है।

भारत का चुनावी इतिहास इस बात का साक्षी है कि अनेक राजनीतिक दल हार के बाद भी जनता के बीच लौटे, स्वयं को मजबूत किया और बाद में सत्ता तक पहुंचे। लोकतंत्र की यही विशेषता है कि अंतिम निर्णय मतदाता के हाथ में रहता है। इसलिए चुनावी हार लोकतंत्र की पराजय नहीं होती, बल्कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया का स्वाभाविक परिणाम होती है। किसी भी दल के लिए चुनौती यह होती है कि वह जनता का विश्वास फिर से अर्जित करे।

निस्संदेह, चुनाव आयोग, मतदाता सूची, चुनावी वित्तपोषण, प्रचार व्यवस्था और संस्थागत निष्पक्षता जैसे विषयों पर बहस होती रहनी चाहिए। लोकतंत्र में संस्थाओं की पारदर्शिता और जवाबदेही जितनी मजबूत होगी, जनता का विश्वास भी उतना ही बढ़ेगा। लेकिन इन मुद्दों पर चर्चा और सुधार की मांग चुनावी प्रक्रिया में भागीदारी के साथ ही अधिक प्रभावी हो सकती है। लोकतंत्र में सुधार का सबसे बड़ा माध्यम लोकतांत्रिक भागीदारी ही है। राजनीति में मतभेद स्वाभाविक हैं। विचारधाराएं अलग हो सकती हैं, आरोप भी लग सकते हैं और सरकारों की आलोचना भी लोकतंत्र का आवश्यक तत्व है। किंतु इन सबके बीच चुनाव में भाग लेना, मतदाताओं तक पहुंचना और जनादेश को स्वीकार करना लोकतांत्रिक मर्यादा का आधार है। एक मत से मिली जीत भी उतनी ही वैध होती है जितनी लाखों मतों से मिली जीत। यही लोकतंत्र की सुंदरता और उसकी विश्वसनीयता है। भारतीय लोकतंत्र अनेक चुनौतियों के बावजूद इसलिए मजबूत बना हुआ है क्योंकि यहां जनता चुनाव को परिवर्तन का सबसे प्रभावी माध्यम मानती है। लोकतंत्र को सशक्त बनाने का मार्ग चुनावी प्रक्रिया से दूर जाने में नहीं, बल्कि उसमें सक्रिय और रचनात्मक भागीदारी निभाने में है। यही लोकतांत्रिक परंपराओं की रक्षा का सबसे विश्वसनीय उपाय है और यही भारत जैसे विशाल लोकतंत्र की वास्तविक शक्ति भी।

भारत का संविधान और विश्व गुरु का आध्यात्मिक विधान



MAAsterG की क्लास

किश्त सं. 48

जय हिन्द! भारत में संविधान दिवस हर साल 26 नवंबर को मनाया जाता है, क्योंकि 26 नवंबर 1949 को भारत की संविधान सभा ने संविधान को अपनाया था। भारत का संविधान दुनिया का सबसे बड़ा लिखित संविधान है। ये भारत का सर्वोच्च कानून है, जो देश की शासन व्यवस्था, नागरिकों के अधिकार और उनके कर्तव्यों को तय करता है। इसे पूर्ण रूप से 26 जनवरी 1950 को ही लागू किया गया था, कहा गया कि अब ये देश गणतंत्र है। 'गण' यानी लोगों का, 'तंत्र' यानी सरकार, कि अब ये लोगों की सरकार हो गई। यानी अब आम आदमी की सरकार होगी।

मजे की बात देखो, जब संविधान के दस्तावेजी वजन देखा गया तो वो तेरह किलो निकला, 'तेरा-तेरा-तेरा!' ये देश विश्व गुरु क्यों था? क्योंकि इसने 'तेरा-तेरा-तेरा' किया था। भारत जहाँ श्री राम, श्री कृष्ण, बुद्ध, महावीर, गुरु नानक देव, कबीर, फरीद, मीराबाई, सहजोबाई, लल्लाबाई आदि संतों-महापुरूषों की ये धरती है, जिन्होंने 'तेरा-तेरा-तेरा' किया, तो संविधान भी तेरह-तेरह लेकर आया। ये अलग बात है कि उसके बाद हमारे देश में कोई तेरह-तेरह नहीं हुआ। उन्होंने साफ लिखा था कि हम सब एक हैं। यहाँ सब एक-दूसरे को एक आँख से देखेंगे, कि कोई हिन्दू, कोई मुसलमान, कोई सिख, कोई ईसाई नहीं। जब संविधान बना तो ये पहली बात की गई कि ये धर्मनिरपेक्ष देश है, यहाँ सब भाईचारा रखेंगे।

देश के संविधान को इतने साल निकल गए, फिर भी हमारा देश आज भी जातिवाद के रंगों में फँसा हुआ है। गणतंत्र, गण का तंत्र है? एक आम इंसान ही तो जाकर मिनिस्टर, ऑफिसर बनता है, क्या वो मान रहा है कि मैं आम इंसान हूँ? नहीं मानते! इसलिए ज़िंदगी को समझना है! यही संविधान वेद, पुराण, उपनिषद में है, पर हमने उस संविधान को नहीं जाना क्योंकि यहाँ हमारे भारत में कुछ सिखाया ही नहीं गया। बाहर का पूजा-पाठ सिखा दिया, पर वेद, पुराण और उपनिषद क्या कह रहे हैं, ये कभी नहीं बताया गया। संविधान ने वही कहा जो उपनिषद कह रहे थे कि सबको एक ही नजर से देखो, सबका खून, हड्डी और माँस एक ही है।

इस संविधान दिवस पर सबसे पहले हमें ये जानना होगा कि हम विश्व गुरु थे क्योंकि हमारे यहाँ इतने आध्यात्मिक गुरु हुए। इन्होंने संसार को बताया कि अंदर से आत्मा एक ही है। इस संविधान का हम तभी सम्मान कर पाएँगे जब परमात्मा के संविधान का सम्मान करेंगे। इसलिए सबसे पहले हमें विश्व गुरु का वो संविधान जानना होगा। जिसने विश्व गुरु का संविधान जान लिया, वो भारत के संविधान के आगे नतमस्तक हो जाएगा। आज सारा विश्व अशांत है। जगह-जगह युद्ध हो रहे हैं, क्योंकि दिमाग डिप्रेस्ड हो चुका है। विकसित देश होकर भी इतनी अशांति और डिप्रेशन भरा है। यही हाल रहा तो विश्व गुरु अगले पच्चीस से पचास साल में पूरा डिप्रेशन में चला जाएगा। जो लोग कुर्सियों पर ऊँचे पद पर बैठे हुए हैं, वो शरीर से निकलकर परमात्मा को क्या जवाब देंगे?

इसलिए सबको जागना है! आपस में प्रेम करो, प्रेम, प्रेम! उम्मीद करता हूँ कि आज हम इस संविधान के साथ उस विश्व गुरु संविधान को अपनाएँगे, और भारत फिर से विश्व गुरु बन सकता है अगर हमारी आत्मा जाग जाए। हर एक को जागना होगा, चाहे वो मिनिस्टर हो या ऑफिसर हो। नहीं तो पहले उनका रिमांड होगा, यहाँ नहीं होगा, यहाँ तो हेकड़ी होती है ना, शरीर से छूटकर ही रिमांड होगा, बाप लोग मिलेंगे। श्मशान के आगे कोई नहीं जाता, सब छोड़ देते हैं कि कौन है, वहीं चिता राख हो रही होती है। सब जलती हुई चिता को छोड़कर चले जाएँगे। इसलिए जागो मेरे प्यारों, देर ना हो जाए। जय हिंद!

MAAsterG का अनमोल एवं आलौकिक ज्ञान उनके यूट्यूब चैनल 'MAAsterG' और 'GOD HOME JOURNEY' पर निशुल्क उपलब्ध है।

एक टेलीविजन की मौत



कहानी

प्रभा प्रसाद

परमात्मा की असीम कृपा से आज मैं साढ़े तीन मंजिल की कोठी, कई मिलों और दो कारों का मालिक हूँ। घर में सुंदर बीवी, होनहार बच्चे और नौकर-चाकर हैं। पर मेरे लिए सबसे बड़ी नियामत है घर का इम्पोर्टेड टीवी। टीवी मैं कम देखता हूँ, पर जब भी बैठता हूँ, बचपन की एक घटना पर्दे के साथ-साथ मेरे दिमाग में चलने लगती है।

दिसंबर की एक इतवार की शाम। मैं बाईस सीढ़ियाँ चढ़कर बरसाती तक पहुँचा और बंद दरवाजे पर दस्तक देकर पुकारा– 'आंटी...!' पीछे मेरे और भी साथी-बच्चे इकट्ठे हो गए। सबने मिलकर आवाज लगाई– 'दरवाजा खोलो आंटी।' बगल के कमरे से एक बूढ़े ने कर्कश स्वर में हल्ले पर नाराजगी जताई। तभी आंटी ने दरवाजे की दरार से झाँककर कहा– 'तुम लोग अब मत आया करो, जाओ अपने घर।' हमने बहुत मिन्नतें कीं कि साढ़े छह बजने वाले हैं, बस आज की अच्छी पिक्चर देख लेने दें। तभी बाईं तरफ के फ्लैट से एक कुताधारी सफेदपोश ने बड़ी चुभती हुई रोबीली आवाज में कहा– 'जब घर वाले नहीं चाहते कि तुम लोग आओ, तो क्यों हठ करते हो? तुम्हारे अंदर कुछ तो आत्मसम्मान होना चाहिए।' मेरा मन कड़वाहट से भर गया। हम गरीबों के बैठने से उनके फर्श मैले होते हैं, उनके 'स्टेटस' में हेठी होती है! तभी बरसाती का दरवाजा खुला और हाथ में पतली-सी केन लिए अंकल का रौद्र रूप देख हम सहमकर नीचे उतर आए। आखिर 'आत्मसम्मान' की रक्षा भी तो करनी थी।

इधर टीवी पर पिक्चर शुरू होने का मधुर संगीत गूँज उठा। हम सोचने लगे कि हर हफ्ते चने-मूँगफली देकर प्यार से पिक्चर दिखाने वाली आंटी आज क्यों भड़क गईं? दरअसल, मकान मालिक और पड़ोसियों ने शिकायत की थी कि ये बच्चे शोर मचाते हैं, छिलके बिखेरते हैं और चोरी का भी डर रहता है। मायूस होकर हम निचली मंजिल की तरफ बढ़े। वहाँ एक फ्लैट की गृहस्वामिनी मेहमान औरतों और बच्चों का शहद घुली वाणी में स्वागत कर रही थीं– 'आओ जी... आओ।' हमने भी अंदर जाना चाहा, तो उन्होंने हमें धकियाते हुए बेरहमी से दरवाजा बंद कर लिया कि जगह नहीं है।

सब बच्चे निराश होकर फाटक के बाहर आ गए। चारों तरफ से फिल्मों के युगल गीतों और मारधाड़ की आवाजें गूँज रही थीं। बाकी बच्चे बिखर गए, पर मैं गली के एक मकान की खिड़की पर जा खड़ा हुआ। परदा बहुत मोटा था। मैंने हल्के से परदे का तार उठाया तो कश्मीर की बर्फीली वादियाँ दिखीं। अचानक एक नौजवान ने खिड़की से मुझे देख लिया और बड़े प्यार से बोला– 'पिक्चर देखनी है तो इधर आओ न।' मैं उत्साह से उछलता हुआ बरामदे में पहुँचा, पर वहाँ पहुँचते ही तड़ाक से एक तमाचा मेरे गाल पर पड़ा– 'तेरे बाप का टेलीविजन है न!' मैं अपमान का घूँट पीकर सड़क पर आ गया। कल स्कूल में सब बच्चे इस फिल्म की डींगें मारेंगे और मुझे चुप रहना पड़ेगा।

मेरा मन विद्रोह कर उठा। क्या हम गरीब बच्चों को मनोरंजन का कोई हक नहीं? एकाएक मुझे ऊपर का रोशनदान दिखा। मैं फाटक और खिड़की के सहारे चढ़कर रोशनदान की पट्टी पर जा बैठा। वहाँ से पूरा कमरा साफ दिख रहा था– स्वेटर बुनती महिलाएँ, देश-दुनिया पर बहस करते पुरुष और टॉफियाँ चबाते बच्चे। मैं आत्मविभोर होकर फिल्म देखने लगा। हीरो अकेले दस गुंडों को पछाड़ रहा था। सब तालियाँ बजाने लगे तो जोश में मैंने भी दोनों हाथों से ताली बजाई और धड़ाम से नीचे गली में आ गिरा। हाफ टाइम की रौनक में मैं दर्द से कराहता पड़ा रहा। एक राहगीर ने मुझे उठाया। चोट शरीर से ज्यादा मेरे दिल और दिमाग पर लगी थी।

मैं लंगड़ाता हुआ फिर खिड़की पर आ खड़ा हुआ। अंदर वही नौजवान दोस्तों के साथ हँस रहा था। मेरी कनपटी फिर झन्ना उठी। पलभर में मैंने एक निश्चय किया और खिड़की जोर से खड़काकर नीचे दुबक गया। जैसे ही वह लड़का खिड़की खोलकर परदा हटाने लगा और पीछे मुड़कर किसी की बात का जवाब देने लगा, मैंने जेब से कंचा निकाला, बाएँ हाथ की तर्जनी पर रखकर निशाना साधा और सीधे टीवी पर दे मारा। मेरा निशाना कभी नहीं चूकता। तड़ाक! शीशा झनझनाता हुआ पूरे कमरे में बिखर गया।

अंदर हड़कंप मच गया। कोई इसे फिल्म का हिस्सा समझ रहा था तो कोई वोल्टेज की गड़बड़ी। मैं भागकर बाउंड्रीवाल के पीछे छिप गया। दर्शक लौट रहे थे, लड़के बौखलाए घूम रहे थे और गृहस्वामिनी नौकर के साथ बिखरे काँच बटोर रही थीं। थोड़ी देर पहले सब तमाशा देख रहे थे और मैं परेशान था; अब सब परेशान हो रहे थे और मैं तमाशा देख रहा था।

शीत ऋतु पर कवियों की विभिन्न रचनाएं

सर्दियों का मौसम

जैसे खिड़की पर एक दिन
लौट आती है चिड़िया
जैसे बीज में लौटता है एक दिन बीज–
फूलों को याद करते हुए
वैसे ही लौट रहा है सर्दियों का मौसम
कुहरे के कंबल में ठिठुरता
स्मृतियों से लिपटा और उन्हीं की तरह धुँधला
लौट रहा है सर्दियों का मौसम।

कब तक रहा जा सकता है
ऊब और बेचैनी से लिपटकर
हवा में धूप की तरह घुलकर
घूमा जा सकता है शहर
हाथों में बीज लिए फैला जा सकता है
धरती पर हरियाली की तरह
जमा जा सकता है काइयों की तरह–
किसी कूप के इर्द-गिर्द?

जैसे लौट रहा है सर्दियों का मौसम
वैसे ही लौटा जा सकता है
जैसे खिड़की पर लौट रही है चिड़िया
जैसे स्मृतियों में उतर रही है धूप
जैसे रक्त में घुल रही है आग
जैसे मनुष्य के भीतर लौट रहा है मनुष्य!

– रवि प्रकाश

शीतलहर

तुम्हें देखकर मैं अक्सर सोचती थी
तुम्हारा घर बहुत सुंदर होगा।
कैसी होगी खाने की मेज
तुम्हारी माँ के बाल जरूर लंबे होंगे
लगाती होगी वह खुशबूदार तेल,
जिसकी खुशबू तुम्हारे कपड़ों से आती है।
हर रात सोने से पहले
थोड़ा हौसला बढ़ाकर
मैं तुम्हारे आस-पास की चीजों के संसार
के बारे में सोचती थी।



रात के बढ़ते-बढ़ते सिर्फ.तुम्हारे बारे में सोचना,
मेरी चतुराई का प्रथम पाठ था। मुझे यकीन था
आठवीं तक आते-आते
मैंने तुम्हारा घर सच में देख लिया होगा।
अगले ही दिन तुम मिले
यह कहते हुए टीचर से,
कि तुम नहीं अब से आओगे इस स्कूल
क्यूँकि तुम्हारे पिताजी का तबादला हो गया है।
सुनाई नहीं दिया कि यह कौन-सा शहर होगा,
पर मैंने समझ लिया जरूर यह कानपुर होगा।
कानपुर मेरे लिए दूरस्थ शहर था,
हमारे कस्बे से वहाँ तक कोई सीधी ट्रेन नहीं जाती।
यहाँ सब कुशल मंगल है।
अब मैं भी खुशबूदार तेल लगाती हूँ
कानपुर तक सीधी ट्रेन अभी शुरू नहीं हुई है
चतुराई का अभ्यास पड़ा हुआ है,
उपेक्षित जैसे कोई वस्तु
घर के किसी कोने में पड़ी रहती है।
नौकरीशुदा लोगों से पहला प्रश्न पूछती हूँ,
क्या उनकी नौकरी में है तबादले का विधान,
तबादला लगा है मुझे खुरदरा सरकारी शब्द
जिसका निजी अर्थ है कानपुर की असह्य शीतलहर।

– मोनिका कुमारी

दिसंबर का महीना ...

दिसंबर सर्द है ज्यादा इस बार
पहाड़ों पर बर्फ.गिर रही है लगातार...
दिसंबर का महीना मुझे आखिरी नहीं लगता
आखिरी नहीं लगतीं उसकी शामें
नई भोर की गुजर चुकी रात नहीं है यह
भूमिका है उसकी
इस सर्द महीने के रूखे चेहरे पर
यात्रा की धूल है
फटी एड़ियों में इस यात्रा की निरंतरता
दिसंबर के पास सारे महीने छोड़ जाते हैं
अपनी कोई न कोई चीज
जुलाई बरिश नवंबर पतझड़
मार्च सुगम संगीत
तेज ठंड ने फिलहाल
धकेल दिया है सभी चीजों को
पृष्ठभूमि में पारा शून्य को छूते-छूते रह गया है
समाचारों में बताया गया
ऐसी ही एक सुबह मैं देखती हूँ
एक तस्वीर / रात है... कुहरा छाया है
अनमना हो आया है कुहरे में बिजली का खंबा
चादर ओढ़े फुटपाथ पर कोई सो रहा है
नीचे लिखा है : जिन्हें नाज है हिंद पर...!

– निर्मला गर्ग

उँगलियाँ भूल आई हूँ

उँगलियाँ भूल आई हूँ, दफ़्तर में
अनामिका में फँसी अँगूठी रह गई है मेज पर
मैं वापस ले आऊँगी उन्हें शनिवार को
तुम्हारे लिए बुनने को स्वेटर
हम ऊन का रंग तय कर लें
इन सर्दियों में, तब तक

– सुदीप बनर्जी

ठंड

इस बार की ठंड में एक इच्छा है
शकरकंदी खाने की
आग में उसे तपता हुआ देखने की घर जाने की।

– विनोद भारद्वाज

सर्दियां : आम आदमी की मुसीबत



हिंदुस्तान में सर्दियां ऑफिशियली तब ही शुरू मानी जाती हैं जब बोरोलीन की हरी वाली ट्यूब घर पर आती है. आम आदमी के पास सर्दियों को पसंद करने की दो ही वजह हैं पहला तो इस मौसम में गर्मी नहीं पड़ती, दूसरा सर्दियों में पंखे-कूलर का बिल बचता है. कुछ लोग इसलिए भी खुश हो लेते हैं कि कुछ महीने टिन्डे-करेले की बजाय गोभी-लौकी टिफिन में मिलेगी. ये बिलकुल वैसा ही है जैसे किसी को फांसी से उतार कर गिलोटिन की ओर ले जाया जा रहा हो और वो बस परिवर्तन के चलते बेवजह खुश है जैसे आप सोलह मई के बाद से।

पंखे-कूलर का बिल बचने की खुशी नहाने के पानी में हाथ डालते ही काफूर हो जाती है और अचानक आपको रियलाइज होता है कि बिना गर्म किए पानी से नहाना बिना चैलेन्ज का आइस बकेट साबित होने वाला है. गर्म पानी सामने होते हुए भी उसे सिर डालने के नाम पर रीढ़ की हाड़ में जाड़ दौड़ जाए तो पता चलता है हमें खुद से कितना प्यार है. एक खास आभार उन सभी का जरूर मानना चाहिए जो इस ठंडी में खुद से ये प्यार बरकरार रख पाते हैं और हफ्ते में मुश्किल से दो बार नहाकर जल संरक्षण और ऊर्जा संरक्षण में महती भूमिका निभाते हैं. इसी तरह हम अगर जिंदगी भर खुद से प्यार और दूसरे से प्यार न करें तो वाटर हीटर और मोबाइल रिचार्ज के लाखों रुपये बचा सकते हैं.

मुसीबतें यही खत्म नही होती. पानी अगर कम गर्म रह जाए तो अंत-अंत में संगम पर माघ स्नान की याद दिलाने लगता है और अगर ज्यादा गरम रह जाए तो कुम्भीपाक और रौरव नरक में तेल के कड़ाहों में उबलने कि अनचाही प्रैक्टिस होती सी लगती है. समझदार वो लोग होते हैं जो ऐसे में थोड़ा-सा ठंडा पानी गरम में मिला नहाने लायक बना लेते हैं. नहा चुकने के बाद आपकी असल परीक्षा होती है क्योंकि उस वक्त समझ नहीं आता कि बंद बाथरूम में हवा का ठंडा झोंका किधर से आ रहा है?

स्वेटर पहनना ऐसा ही एक और दुखदायी अनुभव होता है. अगर ज्यादा पहन लो तो हाथ ढंग से नहीं चलते और काम पहनो तो सारे पेट में बिन फ्लेवर का बरफ गोला लुढ़कता रहता है. बालों का दुश्मन मफलर या टोपी भी पहनना दुधारी तलवार पर चलने जैसा है. न पहनो तो कान जमने से कोई नहीं बचा सकता और पहनने के बाद तीन दिन तक बाल 'टिनटिन' सरीखे खड़े रहते हैं.

सर्दियों की किसी रात अलाव से थोड़ा दूर बैठ घुटने के बाल जलने से बचाते और जेब में ठूंसे मटर खाते हुए ये ख्याल भी आता है कि जिंदगी कितनी आसान होती अगर रजाई, घुसते ही ठंडी न लगती.

सिंधी कविता की सम्वेदना का हिंदी में सृजनात्मक विस्तार; डॉ. संतोष अलेक्स के अनुवाद में मोहन गेहानी की कविताओं के मानवीय सरोकार

मेरी कविता के शब्द : भाषाओं की सीमाओं से परे कविता का संसार

किसी भी कविता का एक भाषा से दूसरी भाषा में अनुवाद करते समय उसके अर्थ, भाव और अभिव्यक्ति में कुछ अंतर आना स्वाभाविक है। विशेषकर कविता का अनुवाद केवल शब्दों का रूपांतरण नहीं, बल्कि उसकी संवेदना, सांस्कृतिक पृष्ठभूमि, आंतरिक लय और रचनात्मक दृष्टि को दूसरी भाषा में पुनर्सृजित करने की प्रक्रिया है। ऐसे में अनुवादक की साहित्यिक समझ और काव्य-विवेक की भूमिका महत्त्वपूर्ण हो जाती है। डॉ. संतोष अलेक्स इस दृष्टि से एक विशिष्ट अनुवादक हैं। वे स्वयं कवि होने के साथ विश्व कविता और भारतीय भाषाओं के साहित्य के गंभीर अध्येता हैं। उनके अनुवाद में कविता की मूल संवेदना को पकड़ने का रचनात्मक प्रयास दिखाई देता है।

भारतीय भाषाओं के बीच साहित्यिक संवाद

आज हिंदी साहित्य विभिन्न भाषाओं और संस्कृतियों के संवाद से समृद्ध हो रहा है। दूसरी भारतीय भाषाओं की कविताएं जब अनुवाद के माध्यम से हिंदी में आती हैं तो वे नए अनुभव, बिंब, प्रतीक और अभिव्यक्ति के नए ढंग लेकर आती हैं। प्रत्येक भाषा की अपनी सांस्कृतिक स्मृति और अभिव्यक्ति की परंपरा होती है। इस अर्थ में अनुवाद केवल कविता का विस्तार नहीं करता, बल्कि हमारी साहित्यिक समझ को भी व्यापक बनाता है। इसी क्रम में डॉ. संतोष अलेक्स द्वारा प्रख्यात सिंधी कवि मोहन गेहानी की कविताओं का अंग्रेजी से हिंदी में किया गया अनुवाद विशेष महत्त्व रखता है। उनके संग्रह 'मेरी कविता के शब्द' में शामिल कविताएं आकार में छोटी होते हुए भी अनुभव की गहराई और अभिव्यक्ति की सघनता से भरपूर हैं। इनकी विशेषता है कि वे कम शब्दों में जीवन के बड़े अर्थों को सामने रखती हैं।

जीवन के बड़े अर्थ

मोहन गेहानी की कविताओं में संक्षिप्तता के भीतर अर्थ की व्यापकता दिखाई देती है। वे अनावश्यक विस्तार और प्रचलित काव्य-रूढ़ियों से बचते हुए कुछ शब्दों और प्रतीकों के माध्यम से अपनी बात कहते हैं। उनकी कविता 'छोटे से संदूक में' मातृभाषा और सांस्कृतिक स्मृति के संकट को सहज ढंग से प्रस्तुत करती है :



मोहन गेहानी
पुस्तक लेखक



'मैंने अपने छोटे से संदूक में/ बहुत सारे सिक्के जमा कर रखे थे/ एक पैसा, एक टका, एक आना, एक चौथाई रुपया, आधा रुपया.../ सब मेरी भाषा के शब्दों की तरह गायब हो गए हैं/ मैंने इस पर ध्यान ही नहीं दिया।' सिक्कों के गायब होने के माध्यम से कवि अपनी भाषा के शब्दों के धीरे-धीरे लुप्त होने की पीड़ा व्यक्त करता है। यह कविता केवल सिंधी भाषा की चिंता तक सीमित नहीं रहती, बल्कि उन सभी भारतीय भाषाओं की स्थिति की ओर संकेत करती है, जिनके शब्द और सांस्कृतिक स्मृतियां धीरे-धीरे हमारे जीवन से दूर हो रही हैं। साधारण-सा संदूक यहां स्मृति और विरासत का प्रतीक बन जाता है।

व्यंग्य और सामाजिक चेतना

सिंधी कविता की अपनी समृद्ध परंपरा रही है। आधुनिक समय में कविता ने छंद के कठोर अनुशासन से बाहर निकलकर भाव, विषय और आंतरिक लय को अधिक महत्त्व दिया है। गेहानी की कविताओं में भी आधुनिक काव्य चेतना के ये गुण दिखाई देते हैं। उनकी कविता 'मांस बेचने वालों के बीच' इसका अच्छा उदाहरण है : 'मांस बेचने वालों के बीच/ मैंने एक दुकान खोली है/ और अब मैं फूल बेचता हूं।' यह छोटी-सी कविता अपने भीतर गहरा सामाजिक व्यंग्य समेटे हुए है। मांस बेचने वालों के बीच फूल बेचना हिंसा और संवेदनहीनता से भरे परिवेश में सौंदर्य, कोमलता और मानवीय मूल्यों को बचाए रखने की कोशिश का प्रतीक बन जाता है। कवि बहुत कम शब्दों में दो विपरीत स्थितियों को सामने रखकर पाठक को सोचने के लिए प्रेरित करता है।

प्रकृति और मनुष्य का संबंध

मोहन गेहानी की कविताओं में प्रकृति और मनुष्य के संबंधों की गहरी समझ दिखाई देती है। 'एक घने जंगल में' कविता में आध्यात्मिक अहंकार पर सूक्ष्म व्यंग्य है-जब वह समाधि से जागे तो उसे एहसास हुआ कि/ उसने पर्याप्त ध्यान कर लिया है।/ उसने चमत्कार करने की शक्ति हासिल कर ली थी।/ पेड़ ने उससे कहा-/ 'परन्तु तुम पर फूल नहीं उगते, न पक्षी तुम पर बैठते हैं।' इस कविता में पेड़ का कथन मनुष्य की आध्यात्मिक उपलब्धियों पर प्रश्न खड़ा करता है। यदि व्यक्ति दूसरों के लिए उपयोगी और आत्मीय नहीं बन पाता तो उसकी उपलब्धियों का क्या अर्थ है? फूलों और पक्षियों के माध्यम से कवि प्रकृति की सहजता, उदारता और जीवनदायिनी शक्ति को महत्त्व देता है।

क्षणभंगुरता-मानवीय संवेदना

गेहानी की कविताओं में जीवन की क्षणभंगुरता और मानवीय संवेदना भी बार-बार सामने आती है। 'फूल बहुत सुंदर और नाजुक होते हैं' कविता में वे पूछते हैं-'क्यों... ऐसा क्यों होता है/ कि फूलों और मुस्कुराहट का जीवन इतना छोटा होता है?' फूलों और मुस्कुराहट के माध्यम से कवि जीवन की सुंदरता और उसकी क्षणिकता को व्यक्त करता है। कविता कोई उत्तर नहीं देती, बल्कि पाठक को जीवन के सुख, सौंदर्य और नश्वरता पर विचार करने के लिए छोड़ देती है। इसी प्रकार 'एक बच्चे की हंसी' कविता में कवि हंसी के अलग-अलग रूपों के माध्यम से सामाजिक चरित्र को सामने रखते हैं। बच्चे, मां और प्रियतम की हंसी में सहजता और आत्मीयता है, जबकि अधिकारी और मंत्री की हंसी में कृत्रिमता और भय की छाया दिखाई देती है। अंत में अपनी ही हंसी को व्यंग्य के दायरे में लाकर कवि आत्मनिरीक्षण भी करता है।

मोहन गेहानी और डॉ. संतोष अलेक्स का योगदान

मोहन गेहानी (1938, कराची, सिंध) सिंधी साहित्य के प्रतिष्ठित रचनाकार हैं। वे उस पीढ़ी के साहित्यकार हैं जिसने विभाजन के बाद सिंधी भाषा और सांस्कृतिक पहचान को बनाए रखने का संघर्ष देखा। कविता, कहानी, नाटक और अनुवाद सहित विभिन्न विधाओं में उनका योगदान उल्लेखनीय है। उनकी रचनाओं में जन्मभूमि से बिछुड़ने की पीड़ा के साथ सिंधी समाज की सांस्कृतिक स्मृतियां भी दिखाई देती हैं। यही ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि उनकी कविताओं को व्यापक मानवीय संदर्भ प्रदान करती है। इस संग्रह के अनुवादक डॉ. संतोष अलेक्स हिंदी, मलयालम और अंग्रेजी के साहित्यिक संसार से जुड़े रहे हैं। 'पांव तले की मिट्टी', 'हमारे बीच का मौन' और 'पिता मेरे' जैसे उनके काव्य संग्रह उनकी रचनात्मक पहचान को सामने लाते हैं। वहीं 'अनुवाद : प्रक्रिया एवं व्यावहारिकता' और 'अनुवाद की बहुभाषिकता' जैसी पुस्तकें अनुवाद के प्रति उनकी गंभीर वैचारिक प्रतिबद्धता दर्शाती हैं।

अनुवाद : दो संस्कृतियों के बीच सेतु

किसी अनूदित कविता संग्रह का मूल्यांकन करते समय यह देखना आवश्यक है कि वह मूल रचना की संवेदना को दूसरी भाषा में किस सीमा तक संप्रेषित कर पाता है। 'मेरी कविता के शब्द' इस दृष्टि से महत्त्वपूर्ण संग्रह है। मूल सिंधी से अंग्रेजी और फिर अंग्रेजी से हिंदी तक की यात्रा में कुछ भाषिक बारीकियां और सांस्कृतिक संकेत बदलना स्वाभाविक है, लेकिन संग्रह की कविताएं अपनी मूल संवेदना, प्रतीकात्मकता और विचारों की सघनता से पाठक को प्रभावित करती हैं।

अंततः कहा जा सकता है कि 'मेरी कविता के शब्द' केवल सिंधी कविताओं का हिंदी अनुवाद नहीं, बल्कि दो भाषाओं और साहित्यिक संस्कृतियों के बीच एक रचनात्मक संवाद है। मोहन गेहानी की कविताएं यह विश्वास दिलाती हैं कि कविता किसी एक भाषा, भूगोल या अभिव्यक्ति पद्धति की सीमा में बंधी नहीं होती। डॉ. संतोष अलेक्स का यह अनुवाद हिंदी पाठकों को सिंधी कविता के एक अलग संसार से परिचित कराता है और भारतीय भाषाओं के बीच साहित्यिक संवाद को अधिक सघन बनाने की दिशा में महत्त्वपूर्ण प्रयास सिद्ध होता है। संग्रह को प्रकाशक ओथर्स प्रेस ने भी आकर्षक रूप में प्रस्तुत किया है।

– डॉ. नीरज दइया, बीकानेर
मो. 9461375668

बर्थ-डे सेलिब्रेशन

रायसिंहनगर। भावेश बारूपाल के जन्मदिन पर दादा-दादी सोनाराम बारूपाल-प्रियंका, पापा-मम्मी राहुल बारूपाल-सोमा, चाचा-चाची किशोर-रेणु, भाई अभिमन्यु, बहन सृष्टि बारूपाल की तरफ से बधाई।



न्यूज इन ब्रीफ

27 नवंबर को होगा व्याख्यान कार्यक्रम

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच श्रीगंगानगर एवं हनुमानगढ़ चैप्टर की ओर से 27 नवंबर को राष्ट्रीय सुरक्षा के समक्ष उभरती चुनौतियों एवं समाज की भूमिका विषय पर व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक एवं राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच के राष्ट्रीय सचिव गिरीश कुमार चावला संबोधित करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरस्वती शिक्षण समूह के प्रबंध निदेशक अनिल कुमार खालिया करेंगे। विशिष्ट अतिथि वेद प्रकाश बिलंदी होंगे। वहीं राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच के जिलाध्यक्ष रविन्द्र मोदी का उद्बोधन भी होगा। कार्यक्रम 27 नवंबर को प्रातः 11:15 बजे सरस्वती गर्ल्स पीजी कॉलेज, बींझबायला में आयोजित होगा। कार्यक्रम संयोजक प्रमोद हिंदुत्व ने बताया कि इस व्याख्यान का उद्देश्य राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी वर्तमान चुनौतियों, सामाजिक जिम्मेदारियों एवं राष्ट्रहित में आमजन की भूमिका पर विचार-विमर्श करना है। कार्यक्रम में सभी पदाधिकारीगण, कार्यकारिणी सदस्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे।

देव दीपावली मनाई

सीमा सन्देश #कीकरवाली। क्षेत्र के गांवों में देव दीपावली पर घरों एवं मंदिरों में दीप माला की गई। श्री ठाकुर जी मंदिर में कार्तिक माह की पूर्णिमा को पूजा अर्चना कर इलाके की खुशहाली की मन्नत मांगी गई। पंडित रामेश्वर लाल जोशी ने देव पूर्णिमा पर्व का महत्व बताया। बच्चों ने पटाखे बजाकर खुशी मनाई।

सूरतगढ़ रेलवे स्टेशन का सीसीएम ने किया निरीक्षण

सीमा सन्देश # सूरतगढ़। अमृत स्टेशन योजना के तहत विकसित हो रहे स्थानीय रेलवे स्टेशन का उत्तर पश्चिम रेलवे मुख्यालय जयपुर के प्रमुख मुख्य वाणिज्यिक प्रबंधक (सीसीएम) धीरू मल ने निरीक्षण किया। उन्होंने यात्री सुविधाओं और निर्माण कार्यों का अवलोकन कर अधिकारियों से जानकारी ली। इस दौरान स्थानीय स्टेशन अधीक्षक, वाणिज्यिक निरीक्षक संदीप मीणा और फैसिलिटी मैनेजर संदीप शर्मा ने उनकी अगुवानी की। निरीक्षण के दौरान रेल विकास संघर्ष समिति के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष एडवोकेट ललित शर्मा के नेतृत्व में सीसीएम को ज्ञापन सौंपकर यात्री सुविधाओं के विस्तार की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने नए फुट ओवरब्रिज के साथ चारों प्लेटफार्मों पर लिफ्ट लगाने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया, ताकि दिव्यांगजनों, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों और बीमार यात्रियों को आवागमन में सुविधा हो। इसके अलावा सकुर्लेटिंग एरिया में फूड प्लाजा स्थापित करने, अधिकारियों के पदनाम व मोबाइल नंबर प्रदर्शित करने, वाणिज्यिक विभाग के रिक्त पद भरने, तत्काल टिकट के लिए नंबर व्यवस्था पुनः शुरू करने और कुलियों की व्यवस्था बहाल करने की मांग की गई। सीसीएम धीरू मल ने मांगों को यात्री भार के लिहाज से महत्वपूर्ण बताते हुए अपने अधिकार क्षेत्र के कार्यों के लिए अधिकारियों को निर्देश देने की बात कही। उन्होंने लिफ्ट की मांग पर मंडल स्तर से रिपोर्ट लेकर कार्रवाई का आश्वासन दिया तथा स्टेशन की सफाई व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता भी जताई। इस अवसर पर समिति के संरक्षक इंजी. रमेशचंद्र माथुर, बद्रीप्रसाद बिनान्नी, पार्षद किशनलाल स्वामी, कृष्ण गोपाल स्वामी, सुरेंद्र कोठारी, मुरली पारीक, योगेश स्वामी, सतपाल गोदारा, पवन शर्मा, किशनलाल सिंधी, प्रेम सिंधी और नरपत सिंह मौजूद रहे।



आचार संहिता से श्रमिकों के कार्य ठप

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। राजस्थान असंगठित एवं निर्माण मजदूर संघ (इंटक) की जिला शाखा ने आचार संहिता के कारण श्रम विभाग व लेबर कोर्ट में ठप पड़े कार्यों को पुनः शुरू करने की मांग को लेकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा है। प्रदेश अध्यक्ष जगदीश राज श्रीमाली के निर्देशानुसार, जिलाध्यक्ष महेंद्र कुमार वर्मा करड़वाल की अध्यक्षता में इंटक कार्यकर्ताओं ने प्रशासनिक अधिकारी नयन गौतम के माध्यम से यह ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन में बताया गया कि पिछले ढाई महीने से आचार संहिता के नाम पर नए श्रमिक कार्ड बनने, नवीनीकरण और सरकारी योजनाओं की सहायता राशि पूरी तरह बंद है, जिससे गरीब मजदूर दफ्तरों के चक्कर काटने को मजबूर हैं। इसके साथ ही, संघ ने प्रदेश के अन्य जिलों के मुकाबले श्रीगंगानगर सहित चार जिलों में पंचायत चुनावों की मतगणना 20 नवंबर से टालकर 17 दिसंबर करने पर भी विरोध जताया। संघ ने श्रमिकों के हित में आचार संहिता हटाकर रुके कार्य तुरंत शुरू करने की मांग की है। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष मेनपाल वर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कनिका सिंह राठौड़ बनीं चूरू जिला प्रमुख

समाजसेवी अशोक चांडक ने दी जीत की शुभकामनाएं

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। समाजसेवी अशोक चांडक ने भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह राठौड़ की पुत्रवधू कनिका सिंह राठौड़ को चूरू जिला परिषद की जिला प्रमुख निर्वाचित होने पर शुभकामनाएं दी हैं। वार्ड नंबर 23 से जिला परिषद सदस्य चुनी गईं भाजपा प्रत्याशी कनिका सिंह राठौड़ ने जिला प्रमुख चुनाव में कांग्रेस की प्रकाश बुडानिया को 5 वोटों से पराजित किया। इस चुनाव में कनिका सिंह को 22 और प्रकाश बुडानिया को 17 वोट प्राप्त हुए। उल्लेखनीय है कि चुनाव के दौरान अशोक चांडक अपने समर्थकों के साथ कुछ दिनों तक चूरू प्रवास पर भी रहे थे।



निष्पक्ष विकास रहेगी प्राथमिकता : सरपंच राजविंदर कौर



सीमा सन्देश # रामसिंहपुर

ग्राम पंचायत 59 जीबी की नवनिर्वाचित सरपंच राजविंदर कौर पत्नी सुखविंदर सिंह सुखा ने बुधवार को विधि-विधान और धार्मिक परंपराओं के साथ सरपंच पद का कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर पंचायत परिसर में धार्मिक आस्था और उत्साह का माहौल रहा। कार्यक्रम की शुरूआत सुखमणि साहिब के पाठ से हुई। पाठ के भोग के बाद सरपंच राजविंदर कौर ने विधिवत रूप से पंचायत की जिम्मेदारी संभाली। समारोह में वार्ड पंचों के साथ उपसरपंच लिखमाराम और ग्राम विकास अधिकारी दलजीत सिंह सहित ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यभार ग्रहण करने के बाद सरपंच राजविंदर कौर ने ग्रामवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पंचायत क्षेत्र के सभी गांवों और वार्डों में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य करवाना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि पात्र ग्रामीणों तक पंचायती राज विभाग की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने ग्रामीणों से सहयोग और सहभागिता की अपील करते हुए कहा कि सभी के साथ मिलकर ग्राम पंचायत 59 जीबी को विकास के नए आयामों तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर ग्रामीणों ने नवनिर्वाचित सरपंच और उनकी पूरी टीम को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।

सूचना केंद्र में हुई तैयारियों की समीक्षा बैठक

नशामुक्त अभियान : साइक्लोथॉन में पुरानी आबादी के केमिस्ट भी दौड़ेंगे



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। नशामुक्त गंगानगर अभियान से जुड़े पुरानी आबादी के केमिस्ट अब 6 दिसम्बर को शहीद मेजर हरबंस सिंह चहल की स्मृति में फिट गंगानगर सोसायटी द्वारा आयोजित साइक्लोथॉन में भी भागीदारी निभाएंगे। तैयारियों की समीक्षा के लिए जिला कलेक्टर डॉ. अमित कुमार के निर्देश पर बुधवार को सूचना केंद्र में बैठक हुई। औषधि नियंत्रण अधिकारी श्वेता छाबड़ा व उद्यान विभाग की संयुक्त निदेशक प्रीति गर्ग ने केमिस्टों को आयोजन के उद्देश्य की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक पंजीयन का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि दवा व्यवसाय से जुड़े होने के कारण समाज के स्वास्थ्य के प्रति केमिस्टों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। प्रवक्ता इंद्रजीत नागपाल ने बताया कि दवा विक्रेताओं ने स्वस्थ जीवनशैली का संदेश देने और अधिकतम रजिस्ट्रेशन का भरोसा दिलाया। बैठक में रामलाल सुखीजा, रजनीश मारवाह, कृष्ण देवरथ, राजकुमार गुंबर, समन सिंह गिल, तरसेम सिंह, सुभाष उतरेजा, दलीप मदान, विकास जोशी, बिट्टू कालड़ा, प्रसन सिंह, नरेन्द्र, सुनील गुप्ता, लिमिटलेस ग्रुप के राजेश पाल, अमित बंसल, कर्ण नागपाल, हिमांशु भाटिया और भारत भूषण चुघ मौजूद रहे।

विधायक कुन्नर की मौजूदगी में समारोह, बालिका शिक्षा के लिए 2 लाख की घोषणाएं

विकास और पारदर्शिता के संकल्प के साथ करेंगे सेवा : मंशा मांझू

सीमा सन्देश # रिडमलसर

ग्राम पंचायत रिडमलसर में बुधवार को नवनिर्वाचित सरपंच मन्शा रामकुमार मांझू ने भव्य समारोह के बीच विधिवत कार्यभार ग्रहण किया। पंचायत भवन में आयोजित कार्यक्रम में हजारों ग्रामीणों ने भाग लिया। समारोह में श्रीकरणपुर विधायक एवं कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रूपिंदर सिंह कुनर तथा जिला प्रमुख सहित क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। विधायक रूपिंदर सिंह कुनर ने सरपंच मन्शा मांझू, उपसरपंच शकीला देवी और सभी वार्ड पंचों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने गांव में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के नाम पर पार्क निर्माण और उनकी प्रतिमा स्थापित करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि पंचायत के माध्यम से ग्रामीण विकास को नई दिशा दी जाएगी। जिला प्रमुख ने कहा कि ग्राम पंचायत विकास की पहली इकाई होती है। उन्होंने सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने और युवाओं के लिए आधुनिक पुस्तकालय निर्माण की आवश्यकता पर जोर दिया। अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं तीन बार सरपंच रह चुके रामस्वरूप मांझू ने अपने अनुभव साझा करते हुए सभी को साथ लेकर गांव के विकास का आह्वान किया।



राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक राजाराम बिश्नोई ने शिक्षा और ग्राम विकास पर विचार रखे। वहीं सुभाष मांझू ने पंचायत के सभी कार्य पारदर्शिता के साथ भ्रष्टाचार मुक्त तरीके से कराने का भरोसा दिलाया। समारोह में बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन देने के लिए भामाशाहों ने आर्थिक सहयोग की घोषणा की। बलवंत राय सिंघल ने बालिका विद्यालय के हॉल की मरम्मत के लिए एक लाख रुपये देने की घोषणा की। वहीं सेवानिवृत्त फूड इंस्पेक्टर हरनेक सिंह ने छात्राओं के लिए 90 हजार रुपये के फर्नीचर उपलब्ध करवाने का ऐलान किया। कार्यक्रम में बीकानेर के सेवानिवृत्त कमांडेंट सोहनलाल बिश्नोई, हरखेवाला सरपंच बलराम नैण, क्रय-विक्रय सहकारी समिति अध्यक्ष रामकुमार मांझू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। अंत में सुभाष मांझू ने सभी अतिथियों और ग्रामीणों का आभार जताया।

जलवायु परिवर्तन से पशुधन स्वास्थ्य व चारा सुरक्षा पर मंथन



सीमा सन्देश # बीकानेर

राजस्थान पशुचिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर के पशुधन चारा संसाधन प्रबंधन एवं तकनीक केंद्र की ओर से बुधवार को जलवायु परिवर्तन के प्रभावों पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कुलगुरु डॉ. सुमंत व्यास की अध्यक्षता में हुई कार्यशाला में पशुधन स्वास्थ्य, खाद्य एवं चारा सुरक्षा जैसे विषयों पर विशेषज्ञों ने विचार रखे। कुलगुरु डॉ. व्यास ने कहा कि वर्षा की कमी और बदलते मौसम के कारण पशुओं के लिए चारे की उपलब्धता चुनौती बन रही है। इससे निपटने के लिए तकनीकी उपायों और विभागीय समन्वय की आवश्यकता है। कार्यशाला में विशेषज्ञों ने चारा उत्पादन बढ़ाने, जल संरक्षण, माइक्रो इरिगेशन तकनीक और संरक्षित चारागाहों में सेवण संरक्षण पर जोर दिया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केंद्र के निदेशक डॉ. अनिल कुमार पूनिया सहित कृषि, पशुपालन और अनुसंधान संस्थानों के अधिकारी व वैज्ञानिक उपस्थित रहे।

एंबुलेंस कर्मियों ने अधिकारियों के समक्ष रखी विभिन्न मांगें



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। 108 एंबुलेंस कर्मियों ने एनएचएम एमडी के नाम मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी श्रीगंगानगर को अपनी लंबित मांगों के समाधान के लिए ज्ञापन सौंपा। जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार बिश्नोई के नेतृत्व में जिले भर से आए हुए एंबुलेंस कर्मियों ने काफी लंबे समय से चल रही है। जिले के स्टाफ सुरेंद्र कुमार बिश्नोई, मंगल सिंह, बादल सिंह, सुनील कुमार, संदीप वर्मा, कुलदीप सिंह, मलकीत सिंह आदि शामिल हुए।

टांटिया यूनिवर्सिटी में अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार शुरू, देश-विदेश के वक्ताओं ने साझा किए विचार

सतत विकास के लिए शोध और नवाचार जरूरी : प्रो. धनंजय जोशी

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

टांटिया यूनिवर्सिटी में शिक्षा संकाय तथा कला, शिल्प एवं सामाजिक विज्ञान संकाय के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार का शुभारंभ हुआ। 'सतत विकास के लिए अंतर-विषयक अनुसंधान एवं नवाचार : चुनौतियां और अवसर' विषय पर आयोजित सेमिनार में देश-विदेश के विशेषज्ञों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों ने भाग लिया।



भारतीय ज्ञान परंपरा को बताया समृद्धः उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि दिल्ली टीचर्स यूनिवर्सिटी के पूर्व फाउंडिंग वाइस चांसलर प्रो. धनंजय जोशी ने कहा कि भारत ने दुनिया को ज्ञान, विज्ञान और संस्कृति के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि शून्य और दशमलव जैसी खोजों ने विज्ञान के विकास को नई दिशा दी। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और भारतीय संस्कृति के संरक्षण पर जोर देते हुए कहा कि ज्ञान का उपयोग समाज और राष्ट्र सेवा के लिए होना चाहिए। प्रो. जोशी ने कहा कि मां, पिता और शिक्षक जीवन निर्माण के प्रमुख मार्गदर्शक होते हैं। उन्होंने चिंता जताई कि शिक्षा व्यवस्था कई बार केवल डिग्री तक सीमित होती जा रही है, जबकि शिक्षा का उद्देश्य चरित्र निर्माण और ज्ञान का विस्तार होना चाहिए।

शोध में गहन अध्ययन जरूरी: सेमिनार की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. (डॉ.) एमएम सक्सेना ने कहा कि शोध में वास्तविक तथ्यों की समझ और विषय पर मजबूत पकड़ जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों को गहन अध्ययन और मेहनत के साथ शोध कार्य करने की सलाह दी। ऑस्ट्रेलिया की कर्टिन यूनिवर्सिटी की प्रो. रेखा कौल ने वर्चुअल माध्यम से जुड़कर शोधकताओं को विषय के सूक्ष्म पहलुओं को समझने पर जोर दिया। वहीं जामिया मिलिया इस्लामिया के प्रो. जसिम अहमद ने कहा कि शोध ही ज्ञान की आधारशिला है। सेमिनार संयोजक डॉ. राजेंद्र गोदारा ने सभी अतिथियों का आभार जताया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के अधिकारी, शिक्षक, शोधार्थी और विद्यार्थी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दी श्रद्धांजलि

राजेन्द्र अरोड़ा के पिता भगवानदास अरोड़ा के निमित्त हुआ अमृतवाणी पाठ

श्रीगंगानगर। बसन्ती चौक पानी वाली टंकी गली नंबर तीन सहयोग नगर निवासी श्री भगवान दास अरोड़ा का 19 नवम्बर को स्वर्गवास हो गया था। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गये हैं। उनकी आत्मिक शांति निमित्त 25 नवम्बर बुधवार को दोपहर 11 से 12 बजे तक जस्सा सिंह मार्ग रोड, बसन्ती चौक के पास ब्रह्म कॉलोनी स्थित श्री हनुमान धाम मंदिर श्रीगंगानगर में अमृत वाणी पाठ का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में अरोड़ा परिवार के रिश्तेदार व शुभचिन्तकों ने दिवंगत आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की व श्रद्धांजलि अर्पित की। दिवंगत श्री भगवानदास अरोड़ा जगदीश अरोड़ा, शीतल अरोड़ा तथा सीमा सन्देश के मुद्रण विभाग में कार्यरत राजेन्द्र अरोड़ा उर्फ नीटू के पिता थे। सीमा सन्देश परिवार ने भी दिवंगत की आत्मिक शांति और शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त की।



आयोजन

पतंजलि में कोब्से का राष्ट्रीय सम्मेलन शुरू, शिक्षा में मूल्य, संस्कार और सामाजिक जिम्मेदारी पर जोर

बच्चों के सर्वांगीण विकास पर देश के 37 शिक्षा बोर्डों का महामंथन

सीमा सन्देश # हरिद्वार



पतंजलि रिसर्च इंस्टीट्यूट में कोब्से की पुस्तक का विमोचन करते अतिथिगण।

बदलते सामाजिक परिवेश, डिजिटल प्रभाव और परिवारों की बदलती संरचना के बीच विद्यार्थियों के सामाजिक एवं भावनात्मक विकास की चुनौतियों पर मंथन के लिए हरिद्वार में देशभर के शिक्षा बोर्डों का तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन शुरू हुआ। 'छात्रों में सामाजिक-भावनात्मक विकास एवं कल्याण की चुनौतियां' विषय पर आयोजित सम्मेलन में देश के 37 केंद्रीय एवं राज्य स्तरीय शिक्षा बोर्डों के अध्यक्ष, सचिव और शिक्षाविद हिस्सा ले रहे हैं।

पारदर्शिता और जवाबदेही जरूरी : धन सिंह रावत

पतंजलि रिसर्च इंस्टीट्यूट में आयोजित सम्मेलन का उद्घाटन उत्तराखंड के शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, योगगुरु स्वामी रामदेव, आचार्य बालकृष्ण, भारतीय शिक्षा बोर्ड के कार्यकारी चेयरमैन एनपी सिंह और कोब्से पदाधिकारियों ने किया। डॉ. रावत ने कहा कि भारतीय शिक्षा बोर्ड एक आदर्श बोर्ड के रूप में उभर रहा है। सभी शिक्षा बोर्डों को अपनी कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करनी चाहिए, ताकि विद्यार्थी राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकें। उन्होंने बोर्ड परीक्षाओं, मूल्यांकन प्रणाली और शिक्षा व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि आने वाले वर्षों में शिक्षा क्षेत्र में बड़े बदलाव देखने को मिलेंगे।

डिग्री नहीं, संस्कारयुक्त नागरिक तैयार करना लक्ष्य: रामदेव

स्वामी रामदेव ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री और रोजगार तक सीमित नहीं होना चाहिए। विद्यार्थियों में चरित्र, अनुशासन, नैतिकता, राष्ट्रभावना और सामाजिक जिम्मेदारी विकसित करना जरूरी है। उन्होंने भारतीय शिक्षा बोर्ड को गुरुकुल परंपरा और आधुनिक शिक्षा के समन्वय की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया।

संयुक्त परिवार संस्कारों की पाठशाला: आचार्य बालकृष्ण

आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि संयुक्त परिवार बच्चों के संस्कार और व्यक्तित्व विकास की मजबूत पाठशाला रहे हैं। बदलती जीवनशैली और सोशल मीडिया के प्रभाव के बीच शिक्षा व्यवस्था को बच्चों की समस्याओं के समाधान और उनके समग्र विकास पर ध्यान देना होगा। सम्मेलन में कोब्से अध्यक्ष डॉ. जी. इम्मानुएल और सचिव एमसी शर्मा ने भी विचार रखे। कार्यक्रम में शिक्षा क्षेत्र से जुड़े कई अधिकारी और विशेषज्ञ उपस्थित रहे।

शुरूआती वर्षों में बनता है व्यक्तित्व: एनपी सिंह

भारतीय शिक्षा बोर्ड के कार्यकारी चेयरमैन एनपी सिंह ने कहा कि बच्चे के जीवन के शुरूआती 14-15 वर्ष व्यक्तित्व निर्माण के लिए निर्णायक होते हैं। शिक्षा व्यवस्था को विद्यार्थियों को केवल अकादमिक रूप से नहीं, बल्कि सामाजिक और भावनात्मक रूप से भी मजबूत बनाना होगा।

चिकित्सा शिक्षा हेतु पार्थिव देह टांटिया होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज को सुपुर्द

86 वर्षीय दीवान चंद के निधन के बाद की देहदान

सीमा सन्देश # सूरतगढ़

मानव सेवा का संकल्प जीवन तक ही सीमित नहीं होता, बल्कि मृत्यु के बाद भी किसी के काम आकर इसे सार्थक बनाया जा सकता है। इसी भावना का अनुकरण करते हुए वार्ड नं. 2 निवासी 86 वर्षीय दीवान चंद चुघ के निधन के बाद परिजनों ने उनकी अंतिम इच्छा अनुसार उनकी पार्थिव देह का दान कर चिकित्सा शिक्षा व अनुसंधान के उद्देश्य से टांटिया होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज श्रीगंगानगर को सुपुर्द किया। पूर्व विधायक अशोक नागपाल के ताऊजी के बहनोई दीवान चंद चुघ का मंगलवार दोपहर को निधन हो गया था। उनकी देहदान की इच्छा के संबंध में टांटिया होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज के निर्मल जैन ने परिजनों को प्रेरित किया। इसके बाद उनके पुत्र राजकुमार चुघ, पौत्र अमन, नितीन, मोहनलाल चुघ, एडवोकेट सुनील चुघ आदि सदस्यों ने सहमति से देहदान की प्रक्रिया संपन्न करवाई। कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. प्रणव चक्रवर्ती व सुपरिंटेंडेंट महेंद्र कुमार ने पार्थिव देह स्वीकार कर परिवार का आभार जताया। इस दौरान कॉलेज के चालक संदीप कुमार भी मौजूद रहे। दिवंगत दीवान चंद चुघ के पौत्र नितिन चुघ ने बताया कि उनके दादाजी की पहले से ही देहदान करने की इच्छा थी। परिवार के सभी सदस्यों ने उनकी इच्छा का सम्मान करते हुए समाज के लोगों की उपस्थिति में यह निर्णय लिया। राष्ट्रीय रक्तदान संघ के अध्यक्ष निर्मल जैन ने बताया कि यह सूरतगढ़ क्षेत्र का 30वां देहदान है। उन्होंने कहा कि दीवान चंद चुघ ओशो की विचारधारा से प्रभावित होने के साथ आध्यात्मिक, तार्किक, विवेकशील व प्रगतिशील सोच रखते थे। उनका मानना था कि मानव शरीर प्रकृति की अनमोल देन है और मृत्यु के बाद भी यह चिकित्सा शिक्षा व अनुसंधान के माध्यम से समाज के काम आ सकता है। इससे भावी चिकित्सकों के प्रशिक्षण व बेहतर चिकित्सा सेवाओं के विकास में भी योगदान मिलेगा। व्यक्तिगत दुख की घड़ी में परिवार ने सामाजिक सरोकार को प्राथमिकता देते हुए मानव कल्याण की मिसाल पेश की। देहदान प्रक्रिया के दौरान पूर्व विधायक अशोक नागपाल, अमन चुघ, दुष्यंत नागपाल, अरोड़वंश समाज के पूर्व अध्यक्ष चंद्रप्रकाश जनवेजा, वेदप्रकाश गावड़ी, राहुल अरोड़ा सहित शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि नागपाल परिवार की ओर से भी करीब दो वर्ष पूर्व अपने पिता का देहदान किया गया था। दीवान चंद चुघ का यह निर्णय समाज में देहदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ ही मृत्यु के बाद भी मानवता की सेवा करने की प्रेरणा देता रहेगा।



वर्ग पहली क्रमांक 7989



ó बायें से दायें:- 1) चालबाज़ी, 3) एक जलचर, 7) रेखा, 9) बहुत अमीर, 10) फाँक, 12) जादू, 14) स्त्री, 15) पुलिंदा, 16) दस वर्ष, 18) उत्पात, 20) अत्यधिक दुर्दशा, 22) भड़काना, 25) शिव, 27) तिब्बती धर्मगुरू, 28) चुंगीचोर, 29) सहोदर, 30) संग्रहित, 32) दुष्कर्म, 33) जैसे तैसे. ó ऊपर से नीचे:- 1) बहना (आँखों से आँसू), 2) नक़ली, 4) चालनी, 5) जूँ का अंडा, 6) उल्लंघन, 8) वह पात्र जिसमें मल-मूत्र त्यागा जाता है, 11) ओर, 13) शपथपत्र, 15) नौकाघाट, 16) आतंक; भय, 17) सी, 19) समुद्र, 21) मुरीद; प्रशंसा करनेवाला, 23) धनाढ्य, 24) सर्वदा, 26) किनारा, 31) जाति; वंश. (उत्तर: अगले अंक में)

पिछली पहेली का उत्तर

ब	क	ब	क	■	भ	न	भ	ना	ना
खा	■	स	म	भा	र	■	र	च	ना
र	त	■	ल	■	स	द	मा	■	■
■	■	बा	■	ना	न	क	■	र	स	ना
■	द	रा	ल	■	■	भ	■	खा	जा
गु	ला	ब	■	वि	धा	य	क	■	य
म	■	र	वि	क	र	■	म	ह	ज़
ना	टा	■	■	ली	■	कु	रा	न	■
म	ल	बा	■	ग	णे	श	■	न	ष्ट

आज का इतिहास

नयी दिल्ली (वार्ता) 26 नवंबर की महत्वपूर्ण घटनाएं -

1688- फ्रांस के राजा लुईस चौदहवें ने नीदरलैंड के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
1703- भयानक तूफान में ब्रिटिश नौसेना के करीब 1500 नौसैनिक मरे।
1919 - भारत के प्रसिद्ध इतिहासकार और शिक्षाविद् राम शरण शर्मा का जन्म।
1921 - देश में श्वेत क्रांति के जनक माने-जाने वाले वर्गीज कुरियन का जन्म।
1949 - देश में संविधान को अंगीकार किया गया। संविधान सभा के अध्यक्ष ने स्वतंत्र भारत के संविधान पर हस्ताक्षर किए।
1967 - लिस्बन में बादल फटने से करीब 450 लोगों की मौत।
1984 - इराक और अमेरिका ने कूटनीतिक संबंधों को पुनः स्थापित किया।
1992 - विश्व पर्यावरण संरक्षण दिवस मनाने की शुरूआत।
1998 - तुर्की के प्रधानमंत्री मेसुत यिल्माज ने संसद में अपनी सरकार के विश्वासमत हासिल नहीं कर पाने के बाद इस्तीफा दिया।
2001 - नेपाल में 200 विद्रोही मारे गए।
2006 - इराक बम धमाके में 202 लोगों की मौत।
2008 - मुंबई के कई स्थानों पर आतंकवादी हमलों में 166 लोग मारे गए।
2012 - अरविंद केजरीवाल ने आम आदमी पार्टी के नाम से एक नई राजनीतिक पार्टी बनाई।
2018 : नासा का इनसाइट मिशन सात महीने की यात्रा के बाद मंगल ग्रह पर उतरा।

कल क्या होगा

नई दिल्ली, 27 नवंबर (एनएनएस) शुक्रवार मार्गशीर्ष बदी तृतीया तथा चतुर्थी का क्षय है। बारीक चावल, गेहूं, जौ, जई, मक्की, बाजरा, काबुली चना, लोबिया, राजमा चित्रा, तुअर, ग्वार, चना, मोठ, उड़द, मसूर, मेथी, कालीमिर्च, अजवायन, साबुदाना, धनिया, आंवला, लौंग, काजू, बादाम, हींग, सौंफ, लोहा इस्पात में लाभ एवं काजू, पिस्ता, असगंध, मूंग, बेलगिरी, सितावर, आबजोश, अंजीर, पोस्तदाना, छुहारा, जीरा, सरसों, सोयाबीन तेल, सोया एवं डीओसी, सोना, चांदी में हानि की संभावना है। भाग्यांक 3-6-7-8 है। यात्रा विचार- पूरब दिशा की ओर 8.19 बजे प्रातः के बाद यात्रा करना लाभप्रद होगा।

आज का राशिफल

26 नवम्बर गुरुवार

श्रीचन्द शर्मा शास्त्री, श्री स.ध. गायत्री संस्कृत महाविद्यालय, जवाहरनगर, श्रीगंगानगर, मो.: 9772765993

मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष द्वितीया, नक्षत्र - मृगशिरा, योग - सिद्ध/साध्य, करण - विष्कुम्भ, दिशाशूल - दक्षिण, सूर्योदय 6.53 बजे, सूर्यास्त 5.33 बजे।

ग्रह स्थिति : चंद्रमा - मेष, मंगल, गुरु, केतु - सिंह, शुक्र - कन्या, बुध-कन्या, सूर्य-तुला, राहू - कुम्भ, शनि - मीन राशि में स्थित है।

मेष : परिवार में खुशियों का माहौल रहेगा और लंबे समय से अटके काम पूरे होने लगेंगे। सामाजिक संपर्क बढ़ेंगे तथा बच्चों और बुजुर्गों के साथ समय बिताने का अवसर मिलेगा।

वृषभ : वैवाहिक जीवन में मधुरता बढ़ेगी और घर की सुख-सुविधाओं से जुड़ी खरीदारी हो सकती है। व्यापार में धीमापन रहेगा।

मिथुन : नई नौकरी मिलने के योग हैं और पुरानी परेशानियों से राहत मिल सकती है। आर्थिक मामलों में सावधानी रखें।

कर्क : अनुशासित दिनचर्या से काम समय पर पूरे होंगे और आध्यात्मिक गतिविधियों में रुचि बढ़ेगी।

सिंह : रुका हुआ धन वापस मिलने और वरिष्ठ अधिकारियों का सहयोग मिलने के योग हैं। परिवार में शुभ समाचार से खुशी रहेगी।

कन्या : कामकाज की अधिकता के कारण दिन व्यस्त रहेगा और परिवार के साथ घूमने का कार्यक्रम बन सकता है। संदेह करने की आदत से बचें।

तुला : रुका हुआ धन मिलने और संपत्ति या घर की सुख-सुविधाओं से जुड़ी खरीदारी के योग हैं।

वृश्चिक : जरूरी काम समय पर पूरे होंगे और परिवार में खुशियां बनी रहेंगी। सामाजिक व कार्यक्षेत्र में प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

धनु : जीवनसाथी के साथ समय बिताने से प्रेम और विश्वास बढ़ेगा तथा स्वास्थ्य संबंधी परेशानी से राहत मिल सकती है। अनुभवी व्यक्ति का मार्गदर्शन मिलेगा।

मकर : परिवार के सहयोग से महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे और सकारात्मक सोच से परिस्थितियां अनुकूल बनेंगी।

कुंभ : विद्यार्थियों का पढ़ाई में मन लगेगा और कार्यक्षेत्र में अतिरिक्त जिम्मेदारियां आसानी से पूरी होंगी।

मीन : कार्यस्थल पर सहयोगियों के साथ तालमेल अच्छा रहेगा और व्यवसाय में विशेषज्ञ की सलाह लाभदायक साबित होगी।

रेल विकास समिति ने सौंपा रेलवे मण्डल प्रबंधक के नाम ज्ञापन

रेलवे स्टेशन पर अतिरिक्त प्लेटफार्म निर्माण की उठी मांग, आधारभूत सुविधाओं का हो विस्तार

सीमा सन्देश # अनूपगढ़। अनूपगढ़ रेलवे स्टेशन पर अतिरिक्त नए प्लेटफार्म के निर्माण की मांग को लेकर रेल विकास समिति ने स्टेशन अधीक्षक यशदीप सिंह को उत्तर पश्चिम रेलवे मंडल बीकानेर के मंडल प्रबंधक के नाम ज्ञापन सौंपा। समिति ने मांग की कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत करोड़ों रुपये की लागत से चल रहे विकास एवं पुनर्निर्माण कार्यों में ही दूसरे प्लेटफार्म का निर्माण शामिल किया जाए, ताकि भविष्य में बढ़ती यात्री संख्या के अनुरूप रेल सुविधाओं का विस्तार हो सके। समिति का कहना है कि केवल सौंदर्यीकरण और भवनों का निर्माण पर्याप्त नहीं है, बल्कि यात्रियों की वास्तविक जरूरतों के अनुसार आधारभूत सुविधाओं का विस्तार आवश्यक है।



इस अवसर पर समिति अध्यक्ष एडवोकेट रमेश शेवकानी, गंगाविशन सेतिया, सुखविंदर सिंह मक्कड़, ओम गुप्त, सर्वजीत सिंह सरबा, मनोज फुटेला और अमरचंद कुक्कड़ उपस्थित रहे। एडवोकेट रमेश शेवकानी ने कहा कि क्षेत्रवासी लंबे समय से दिल्ली, हरिद्वार और अमृतसर सहित प्रमुख शहरों के लिए सीधी एवं लंबी दूरी की रेल सेवाएं शुरू करने की मांग कर रहे हैं।

अतिरिक्त प्लेटफार्म समय की आवश्यकता

क्षेत्र की बढ़ती आबादी और व्यापारिक गतिविधियों को देखते हुए अतिरिक्त प्लेटफार्म अब समय की आवश्यकता है, जिससे रेल परिचालन सुचारु होगा और नई गाड़ियों के संचालन के लिए बेहतर ढांचा मिलेगा। समिति ने आग्रह किया कि वर्तमान निर्माण कार्यों के साथ ही दूसरे प्लेटफार्म के लिए तकनीकी सर्वेक्षण, डिजाइन, बजट और स्वीकृति की प्रक्रिया पूरी की जाए, ताकि भविष्य में देरी न हो। ज्ञापन सौंपने के बाद पदाधिकारियों ने मौके पर मौजूद ठेकेदार प्रतिनिधि से निर्माण कार्य में निर्धारित मानकों के अनुरूप उच्च गुणवत्ता वाली ईंटों व सामग्री का उपयोग करने की मांग की।

देव दिवाली पर मंदिरों में उमड़ी श्रद्धा



सूरतगढ़। कार्तिक पूर्णिमा पर देव दिवाली का पर्व शहर में श्रद्धा व उल्लास से मनाया गया। मंदिरों में श्रद्धालु महिलाओं की भीड़ उमड़ी। पूरे कार्तिक मास अलसुबह स्नान कर पथवारी माता की पूजा व कथा करने वाली महिलाओं ने पूर्णिमा पर मासिक अनुष्ठान का समापन किया। शाम को मंदिरों में दीपमालाएं सजाकर आरती की गई। ढाब के पास प्राचीन श्री हनुमान मंदिर में पुजारी भंवरलाल आसोपा ने कथा वाचन, पूजा व हवन कराया। सावित्री देवी आसोपा ने आरती कर प्रसाद बांटा। हवन में डिम्पल, मीनू, निष्ठा, प्राची, रामप्यारी सोनगरा, दुर्गा सोनगरा, दिव्या कश्यप, आरती कश्यप, जूली आसेरी, कांता चौहान, गोदावरी देवी, चकड़ी चौहान, मीरा देवी डाबी, सुमन कश्यप, भुगली देवी, नत्थूराम सोनगरा, विशु सोनी, सरिता सोनी, सरोज, शारदा, वैष्णवी, कल्पना, सरोज सिरावो व कमला चौहान ने आहुतियां दीं। वयोवृद्ध राजकुमारी कच्छावा के अनुसार इस दिन शिव ने त्रिपुरासुर का वध कर देवताओं को मुक्ति दिलाई थी, जिससे दीपोत्सव मनाया गया। श्रद्धालुओं ने स्नान, दान व दीपदान कर मंगल कामना की।

राजस्थानी को जल्द मिलेगी संवैधानिक मान्यता : कुमावत



सीमा सन्देश # सूरतगढ़। भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य भवानी शंकर कुमावत का सूरतगढ़ पहुंचने पर राजस्थानी भाषा आंदोलन से जुड़े पदाधिकारियों ने माल्यार्पण व राजस्थानी साहित्य भेंटकर अभिनंदन किया। एक कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे कुमावत का अखिल भारतीय राजस्थानी भाषा मान्यता संघर्ष समिति के प्रदेश महामंत्री मनोज कुमार स्वामी, राजस्थानी छात्र मोर्चा के प्रदेश संयोजक डॉ. गौरीशंकर निमीवाल, ऑल इंडिया पारीक महासभा के प्रदेश मीडिया प्रभारी कन्हैयालाल पारीक, सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता भौतिक पटेल, युवा उद्योगपति तरुण कौशिक व अरविंद, दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) के वरिष्ठ प्रबंधक भारत भूषण, रामवीर राणा तथा दिल्ली के फार्मासिस्ट श्रीलाल मीणा आदि ने स्वागत किया। इस अवसर पर कुमावत ने कहा कि मातृभाषा राजस्थानी को संवैधानिक मान्यता दिलाने के लिए केंद्र व राज्य सरकार पूर्णतः प्रतिबद्ध हैं और जल्द ही इसे मान्यता मिलेगी। उन्होंने बताया कि उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली के निर्णय के बाद राजस्थान सरकार प्राथमिक से उच्च शिक्षा तक राजस्थानी भाषा लागू करने की दिशा में प्रयासरत है।

सरदारशहर : जुटीं दिग्गज हस्तियां, हाईवे पर लगा वाहनों का रैला

विवाह के प्रीतिभोज में उमड़ा जनसैलाब

सरदारशहर। विधायक पंडित अनिल भंवरलाल शर्मा-रेणु शर्मा के पुत्र निखिल शर्मा और राजस्थान ब्राह्मण महासभा के प्रदेशाध्यक्ष पंडित केशरी चंद भंवरलाल शर्मा-अंजु बाला शर्मा के पुत्र कार्तिक शर्मा के विवाह के उपलक्ष्य में पूर्व मंत्री स्वर्गीय पंडित भंवरलाल शर्मा के समाधि स्थल पर मंगलवार को प्रीतिभोज समारोह हुआ। सुबह से शुरू हुआ अतिथियों के पहुंचने का सिलसिला देर तक चला, जिससे हाईवे पर वाहनों का रैला लगा रहा। सोमवार रात सांस्कृतिक कार्यक्रम और मंगलवार सुबह वैदिक पैलेस में भात-मायरा आयोजित हुआ। समारोह में दिल्ली, जयपुर और प्रदेशभर से पहुंचे जनप्रतिनिधियों, सामाजिक पदाधिकारियों, पत्रकारों, अधिकारियों व आमजन ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। भाजपा से ओम सारस्वत व विधायक ताराचंद सारस्वत, जबकि कांग्रेस से सांसद राहुल कस्वां, विधायक मनोज मेघवाल, भंवर सिंह भाटी, कृष्णा पूनिया, रेहाना रियाज, रफीक मंडेलिया, तनवीर खान, विधायक नरेंद्र बुडानिया, विधायक पूसाराम गोदारा व मुस्ताक खान सहित चूरू जिले के अनेक नेताओं ने शिरकत की।



प्रवेश नवीनीकरण शुल्क की अंतिम तिथि बढ़ी

श्रीगंगानगर। राजकीय महाविद्यालयों में सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश नवीनीकरण शुल्क जमा करवाने की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। चौधरी बल्लूराम गोदारा राजकीय कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. पूनम सेतिया ने बताया कि छात्राएं अब 22 दिसंबर तक ऑनलाइन फीस जमा करवा सकती हैं। निर्धारित तिथि तक शुल्क जमा नहीं करवाने वाली छात्राएं प्रवेश से वंचित रहेंगी। इसके अलावा स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के लिए दस्तावेज सत्यापन की तिथि भी बढ़ाकर 28 नवंबर कर दी गई है। छात्राएं इस तारीख तक महाविद्यालय में उपस्थित होकर अपने सभी आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन करवा सकती हैं।

गंगनहर का वरीयताक्रम



26 नवम्बर 2026, गुरुवार [सम्भावित]

पेयजल व छीजत	250	खुलने का समय	बंद होने का समय
बीबी	448 (8)	19 नवम्बर रात्रि 9 बजे	27 नवम्बर दोपहर 12 बजे
जैड	603 (7)	20 नवम्बर सायं 3 बजे	27 नवम्बर रात्रि 12 बजे
डी-भागसर	621 (6)	21 नवम्बर रात्रि 12 बजे	29 नवम्बर प्रातः 9 बजे
बीआईएफ+जे	662 (6)	21 नवम्बर रात्रि 12 बजे	29 नवम्बर प्रातः 9 बजे
एच	969 (3)	24 नवम्बर दोपहर 12 बजे	02 नवम्बर प्रातः 3 बजे
पीएस	1129 (3)	24 नवम्बर सायं 3 बजे	02 नवम्बर प्रातः 6 बजे
समेजा	1331		
आरबी	1601		
एचएच	1636		
रिड़मलसर	1647		
फार्म	1708		
एमएल	1768		
एमएलए	1809		
हिरणावाली	1831		
नेतेवाला	1852		
जीजी	2053		
करणीजी	2383		
वाई	2414		26 नवम्बर रात्रि 9 बजे
एलएनपी	2691		26 नवम्बर प्रातः 9 बजे
एमके	2789		26 नवम्बर प्रातः 6 बजे
एफ	3292		24 नवम्बर दोपहर 12 बजे
ईईए	3352		21 नवम्बर प्रातः 9 बजे
केके	3365		20 नवम्बर प्रातः 6 बजे

नोट : गंगनहर में बुधवार सायं 6 बजे तक पानी की मात्रा 1509 क्यूसेक।

इन्दिरा गांधी नहर

इंदिरा गांधी नहर की आरडी 243 तक चल रही नहरों की स्थिति

मसीतांवाली	7266	साहवा	121
आरडी-496	एनएम	अनूपगढ़	निल
एनडी	निल	कंवरसैन	540
रावतसर	55	बिरधवाल हैड से नीचे	3513
सूरतगढ़	निल		
जोरावरपुरा	निल		
खेतेवाली	निल		

बुधवार सायं 6 बजे हरिके बैराज से इंदिरा गांधी नहर में ..... क्यूसेक पानी।

बांधों में जलस्तर, पानी की आवक व निकासी 25.11.2026 को सायं 6 बजे की स्थिति

भाखड़ा बांध में जलस्तर (भराव क्षमता 1680) : 1629.69
पानी की आवक - 7255 क्यूसेक, निकासी- 9643 क्यूसेक।

पौंग बांध में जलस्तर (भराव क्षमता 1390) : 1348.65
पानी की आवक- 2607 क्यू., निकासी- 10076 क्यू., बीकानेर - 1998

सार्दुल ब्रांच 785, करणीसिंह ब्रांच- 415, पानी की कुल मात्रा- 1200

भाखड़ा वरीयताक्रम

21 नवम्बर से 29 नवम्बर तक रहेगा प्रभावी

संगरिया	16	अमरपुरा	1317
भगतपुरा	54	मोरजण्डा	1527
सूरतगढ़	259	रतनपुरा	1538
नगराना	267	नाथवाना	1566
लीलांवाली	515	प्रतापपुरा	1671
भाखरांवाली	565	हरिपुरा	1684
करनीसिंह	920	दीनगढ़	1697
मम्मड़खेड़ा	1115	सूरतपुरा	1706
जोड़कियां	1200	मोडिया	1866
नवां-सतीपुरा	1211	लोंगवाला	2001
रोड़ांवाली	1224	पीलीबंगा	2216

श्रीगंगानगर-हनुमानगढ़ जिले की मंडियों के भाव

श्रीगंगानगर जिला

श्रीगंगानगर : मूंग 8135-7000 (आ. 786 क्विं.), ग्वार 7901-6400 (आ. 275 क्विं.), नरमा 9030-8350 (आ. 2939 क्विं.), सरसों 9826-9321 (आ. 149 क्विं.), कपास 9100-8400 (आ. 120 क्विं.), गेहूं 2739 (आ. 60 क्विं.), मक्का 2911-2890 (आ. 170 क्विं.), बाजरा 2747-2625 (आ. 45 क्विं.), चना 7425 (आ. 30 क्विं.), **श्रीकरणपुर :** नरमा 9421-8000, कपास 8600-8201, ग्वार 7881-7681, मूंग 7900-5700, **गजसिंहपुर:** सरसों 8900-9819, ग्वार 6900-7836, मूंग 7151-8200, नरमा 8300-9031, कपास 8201-8600, बाजरा 2651, जौ 2700, **रायसिंहनगर:** ग्वार 7750-7910, बाजरी 2700-2871, चना 6200-7300, सरसों 9900-10200, मूंग 7400-8421, नरमा 8400-8996, **सब मंडी यार्ड:** गेहूं 2200-2810, सरसों 5500-9880, पीली सरसों 6200-10000, ग्वार 6500-7925, मूंग 5000-8130, नरमा 8000-9030, बाजरी 20000-2731, कपास 7000-9305, **जैतसर:** सरसों 8994-9633, मूंग 7000-8200, ग्वार 7691-8060, नरमा 7551-9200, कपास 8400-8801, बाजरी 2601-2662, गेहूं 2850, **घड़साना:** मूंग 8795-7230, नरमा 9185-8880, ग्वार 7770-7325, सरसों 9878-9156, **अनूपगढ़ :** नरमा 9140-8500, धान 4770-1985, मूंग 8411-7500, ग्वार 7900-7200, सरसों 9788-9200, गेहूं 2770-2740, कपास 8850-8201, बाजरा 2780-2700,

किरयाना

धनिया 19000-22000, हल्दी 23000-26000, जीरा 28000-31000, अजवाइन 22000-23000, सौंफ 18000-29000, मेथी 8700, खोपरा 1880, गट गोला 400 रु. प्रति किग्रा., नारियल सूखा 2900-3000, मिर्च एमपी 19000-23000, मिर्च जोधपुरी 25000-30000, मिर्च गंटूर 25000, मैदा (कट्टा 45 किग्रा.) 1450, आटा (45 किग्रा.) 1430, सूजी 1500, बेसन 9200, चावल टुकड़ी 3500-4200, चावल डबल छनाई 4200-4500, चावल सेला 3800, चावल बासमती 6000-10000

दाल-दलहन

मूंग धूली 10500, मूंग छिल्का 9800, उड़द धुली 12500-13000, उड़द साबुत 11300-11800, अरहर दाल 13500-14500, दाल मसूर 7800, दाल चना 8600, देशी चना 8800, सिंगल डालर चना 9000-9200, डबल डालर चना 10000-10300, काला चना 8500-9000.

गुड़ चीनी

गुड़ लड्डू 5500, गुड़ पेड़ी 5200, गुड़ शिवलिंग 6800, गुड़ बर्फी 5500, चीनी महाराष्ट्र 5800-5900, चीनी एल 6100, चीनी एस 5900, चीनी गंगानगर -

तेल-तिलहन व घी

तेल सरसों (एक्सपेलर) 205-210 रु. प्रति लीटर, कच्ची घाणी 210-215 रु. प्रति लीटर, घी वनस्पति : 2350-2450रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व प्रति लीटर 155-165 रु., तेल रिफाइंड 145-155 रु. प्रति लीटर, घी देशी : 10300-11000 रु.(15 कि.ग्रा. टिन), 520-660 रु. प्रति लीटर। घी सरस : 10500 रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व प्रति लीटर 590 रु., पंजाब किंग : 10500-11000रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व 610 रु. प्रति किग्रा., अमूल : 710 रुपये प्रति लीटर, एवरीडे : 710 रु. प्रति लीटर।

हनुमानगढ़ जिला

हनुमानगढ़ जं. : कपास 8760, नरमा 9071, बाजरा 2681, ग्वार 7851, मूंग 7720, धान पीआर 2276, धान मुछल 4751, **डबली राठान :** नरमा व्यापारी 8825, बाजरा 2615, ग्वार 8009, धान मुछल 4950, **हनुमानगढ टा :** कपास 8935, नरमा 9100, बाजरा 2640 ,ग्वार 7736, मूंग 7825, धान पीआर 2400, **रावतसर :** कपास 8521, नरमा 9000, गेहूं 2700, बाजरा 2693, ग्वार 7885, चना 7061, मूंग 7900, मूंग 9400, सरसों 10070, तिल 19000, अरण्डी 7150, मूंगफली 7391, **नोहर :** मूंग 7850, मोठ 9370, तिल 21000, अरण्डी 7550, मूंगफली 7000, **भादरा:** गेहूं 2860, ग्वार 7900, **संगरिया :** नरमा 8700, गेहूं 2672, बाजरा 2760, ग्वार 7790, मूंग 7840, **गोलूवाला :** कपास 8325, नरमा 9075, गेहूं 2625, बाजरा 2769, ग्वार 7900, चना 6951, मूंग 8050, सरसों 10166, तिल 17500, **पीलीबंगा :** कपास 8990, नरमा 9000, बाजरा 2611, ग्वार 7900

मृतक शिक्षक की पेंशन हड़पने का मामला दर्ज

सीमा सन्देश # सूरतगढ़। सेवानिवृत्त शिक्षक की मृत्यु के बाद फर्जी दस्तावेजों से पेंशन उठाने के आरोप में न्यायालय के आदेश पर एसबीआई के तत्कालीन शाखा प्रबंधक व एक महिला के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है। पुलिस के अनुसार पंजाब के गांव तूतवाला निवासी 76 वर्षीय करतार कौर ने इस्तगासे में बताया कि उसका विवाह 1973 में बूड़ सिंह से हुआ था और कभी तलाक नहीं हुआ। रामसिंहपुरा न्यौला स्कूल के सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक बूड़ सिंह की मृत्यु 13 दिसंबर 2024 को हो गई थी। इसके बावजूद कुलविन्द्र कौर ने खुद को पत्नी बताकर 31 जनवरी 2026 तक 7 लाख 27 हजार 913 रुपए की पेंशन उठा ली। बैंक में मृत्यु प्रमाण पत्र देने और 24 फरवरी 2026 को श्रीगंगानगर कोषाधिकारी कार्यालय द्वारा वसूली के निर्देश देने के बाद भी कार्रवाई नहीं होने पर परिवादिया ने न्यायालय की शरण ली। जांच एएसआई छोटूराम कर रहे हैं।

आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने, अग्नि दुर्घटनाओं में त्वरित बचाव एवं राहत कार्यों का किया अभ्यास

औद्योगिक क्षेत्र एग्रो फूड पार्क रीको में सिविल डिफेंस ने करवाई मॉक ड्रिल

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर।

औद्योगिक क्षेत्रों में संभावित आपातकालीन परिस्थितियों एवं आपदाओं से प्रभावी ढंग से निपटने तथा विभिन्न विभागों की तैयारियों को परखने के उद्देश्य से बुधवार शाम को औद्योगिक क्षेत्र एग्रो फूड पार्क रीको श्रीगंगानगर स्थित शुगर मिल गोदाम में सिविल डिफेंस की ओर से मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान अग्नि दुर्घटना जैसी आपातकालीन स्थिति उत्पन्न होने पर त्वरित बचाव, राहत एवं आवश्यक चिकित्सा सहायता उपलब्ध करवाने की कार्यप्रणाली का व्यावहारिक अभ्यास किया गया। मॉक ड्रिल के माध्यम से यह परखा गया कि किसी औद्योगिक प्रतिष्ठान में आग लगने अथवा अन्य आकस्मिक दुर्घटना होने की स्थिति में संबंधित विभाग कितनी तत्परता से घटनास्थल पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य प्रारंभ करते हैं। इस दौरान विभिन्न विभागों के बीच आपसी समन्वय, सूचना तंत्र, उपलब्ध संसाधनों के उपयोग तथा आपातकालीन प्रतिक्रिया की प्रक्रिया का भी परीक्षण किया गया। अभ्यास के दौरान मौके पर दो फायर ब्रिगेड, एक एम्बुलेंस सहित आवश्यक बचाव एवं राहत संसाधनों को तैनात रखा गया। अग्नि दुर्घटना की स्थिति में आग पर नियंत्रण पाने, प्रभावित क्षेत्र में बचाव कार्य संचालित करने तथा जरूरतमंदों को तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध करवाने से संबंधित प्रक्रियाओं का अभ्यास किया गया। संबंधित टीमों ने निर्धारित कार्ययोजना के अनुसार अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए आपातकालीन प्रबंधन की तैयारियों का प्रदर्शन किया।



लोगों को घटना के प्रति सजग रहने और घबराने की बजाए घटना से निपटने से बताने वाली मॉक ड्रिल टीम।



मॉक ड्रिल के दौरान बचाव कार्य करते कर्मी।

जिला प्रशासन के अनुसार मॉक ड्रिल के माध्यम से औद्योगिक क्षेत्र में किसी भी संभावित दुर्घटना अथवा आपदा की स्थिति में प्रशासन, पुलिस, अग्निशमन, चिकित्सा एवं सिविल डिफेंस सहित संबंधित विभागों की तत्परता और कार्यक्षमता का आकलन करना रहा। इसके साथ ही उपलब्ध संसाधनों की पर्याप्तता, आपातकालीन सूचना तंत्र, त्वरित प्रतिक्रिया तथा विभिन्न एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल की व्यवस्था को परखना भी अभ्यास का महत्वपूर्ण हिस्सा रहा।

इस अवसर पर जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव एवं पुलिस अधीक्षक हरिशंकर, अतिरिक्त अतिरिक्त जिला कलक्टर (सतर्कता) अश्विन के. पवार, गंगानगर उपखंड अधिकारी नयन गौतम, तहसीलदार, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय सिंगला, नगर परिषद आयुक्त मिलखराज चुघ तथा रीको से सज्जन सिंह एवं निर्मल जैन के नेतृत्व में सिविल डिफेंस की टीम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

हत्या के तीन दोषियों को उम्रकैद

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के बासंती में 14 वर्षीय लड़की की हत्या के मामले में अलीपुर की फास्ट ट्रैक अदालत ने तीन आरोपियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। लड़की जनवरी 2025 में लापता हुई थी और 12 दिन बाद उसका शव घर के पीछे धान के खेत में दफन मिला था। अदालत ने दीपेन कायल, बुद्धदेव सरदार और प्रतीक सरदार को हत्या, अपहरण, साक्ष्य नष्ट करने और आपराधिक साजिश का दोषी मानते हुए जुर्माना भी लगाया।

कार ट्रॉले में टकराई, तीन जनों की मौत

अलवर। कोटपुतली-बहरोड़ जिले के बहरोड थाना क्षेत्र में दिल्ली-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग-48 पर मंगलवार देर रात एक कार के ट्रॉले के पीछे टकराने से तीन युवकों की मौत हो गई जबकि दो अन्य घायल हो गए।

राजकीय कन्या महाविद्यालय में कौमी एकता सप्ताह संपन्न

छात्राओं की नृत्य व वेशभूषा प्रति. से जीवंत हुई सांस्कृतिक विविधता

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। चौ. बल्लूराम गोदारा राजकीय कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों इकाइयों के तत्वावधान में 19 से 25 नवंबर तक आयोजित कौमी एकता सप्ताह का बुधवार को समारोह के साथ समापन हुआ। अंतिम दिन प्रांतीय नृत्य व वेशभूषा प्रतियोगिताओं में स्वयंसेविकाओं ने विभिन्न राज्यों के लोकनृत्य और पारंपरिक परिधानों के जरिए 'विविधता में एकता' का संदेश दिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया। निर्णायक मंडल में डॉ. रेखा बैरवाल व प्रो. पूनम बजाज शामिल रहीं। एनएसएस प्रभारी डॉ. मोनिका कटारिया ने बताया कि सप्ताहभर स्लोगन, काव्य पाठ, देशभक्ति गायन, एकता शपथ, विचार गोष्ठी तथा सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। प्राचार्य प्रो. पूनम सेतिया ने ऐसे आयोजनों को सामाजिक सद्भाव और भाईचारे के लिए उपयोगी बताया। इस दौरान प्रो. कमलजीत मान, प्रो. इंदिरा सहारण, प्रो. शालिनी आल्हा, डॉ. रेखा भारद्वाज, हर्षिता, मनीषा, पारुल, धापू व छात्राएं मौजूद रहीं। आयोजन में डॉ. मोनिका कटारिया, संतोष परिहार व सारिका मिड्ढा का योगदान रहा।



पद्मा फेस्टिवल में बोले संघ प्रमुख : देश के युवाओं को झूठ से नफरत, वे सच के साथ

भारत नफरत करने वाले पड़ोसियों की भी मदद चाहता है : मोहन भागवत

छत्रपति संभाजीनगर।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी झूठ को स्वीकार नहीं करती और सच बोलने वालों के साथ खड़ी होने को तैयार रहती है। उन्होंने कहा कि युवा भारत को महान बनाने का संकल्प लेकर आगे बढ़ रहे हैं और गुलामी की मानसिकता से बाहर निकल चुके हैं। वे महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में आयोजित पांचवें पद्मा फेस्टिवल के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में पूर्व चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान भी मौजूद थे।

भारत की सोच सबकी भलाई की

भागवत ने कहा कि भारत की सोच दुनिया के अन्य देशों से अलग है। भारत केवल अपने हितों तक सीमित नहीं है, बल्कि उन पड़ोसी देशों की भी मदद करना चाहता है, जो उससे नफरत करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत का मानना है कि शक्ति का उपयोग कमजोरों की रक्षा और शांति स्थापित करने के लिए होना चाहिए।

अच्छे कार्यों से सीखने की जरूरत

संघ प्रमुख ने कहा कि समाज में जो लोग अच्छा कार्य कर रहे हैं, उनके प्रयासों की सराहना होनी चाहिए। यदि किसी ने निजी लाभ के लिए भी अच्छा काम किया है, तो उससे सीख लेने में कोई बुराई नहीं है।



2047 के लक्ष्य में युवाओं की अहम भूमिका

पूर्व सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में युवाओं की सबसे बड़ी भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि बदलते वैश्विक परिदृश्य में कुछ विकसित देश भारत की बढ़ती ताकत और प्रभाव से असहज हो सकते हैं तथा उसकी प्रगति में बाधाएं डालने का प्रयास कर सकते हैं। ऐसे समय में युवाओं की ऊर्जा, क्षमता और राष्ट्र के प्रति समर्पण देश की सबसे बड़ी ताकत साबित होगी।

बर्खास्त कांस्टेबल को 20 लाख मुआवजा देने के आदेश

जोधपुर।

राजस्थान हाईकोर्ट ने पुलिस कांस्टेबल शैताना राम की बर्खास्तगी को अवैध और विरोधाभासी करार देते हुए राज्य सरकार को 20 लाख रुपये मुआवजा देने का आदेश दिया है। जस्टिस विनीत कुमार माथुर की खंडपीठ ने कहा कि 28 साल से अधिक समय तक सेवा से बाहर रहने और पुलिस विभाग की अनुशासनात्मक प्रकृति को देखते हुए बहाली उचित नहीं होगी। शैताना राम को 1998 में बिना अनुमति अनुपस्थिति और हत्या के मामले में गिरफ्तारी के बाद सेवा से बर्खास्त किया गया था। हालांकि, हत्या मामले में उन्हें ट्रायल कोर्ट से बरी कर दिया गया था। हाईकोर्ट ने कहा कि जब अनुपस्थिति अवधि को अवकाश मानकर नियमित किया गया, तो उसी आधार पर बर्खास्तगी उचित नहीं है। कोर्ट ने तीन माह में मुआवजा देने का निर्देश दिया।

हाईकोर्ट ने डीजीपी की 6 याचिकाएं खारिज कीं, पुलिस पर लगाया जुर्माना

जबलपुर। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने सिवनी जिले में पुलिस बस और कार की टक्कर से तीन लोगों की मौत के मामले में मुआवजा राशि को चुनौती देने वाली पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) की छह याचिकाएं खारिज कर दीं। कोर्ट ने प्रत्येक याचिका पर 10 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। वहीं मृतकों के परिजनों की मुआवजा बढ़ाने संबंधी दो अपीलों को स्वीकार करते हुए अतिरिक्त राशि देने के निर्देश दिए। एकलपीठ ने कहा कि हर नागरिक को अपनी क्षमता और सुविधा के अनुसार बेहतर इलाज कराने का अधिकार है। पुलिस का यह तर्क कि पीड़ितों ने नागपुर में इलाज कराकर अधिक खर्च दिखाया, जबकि मंडला में भी इलाज संभव था, हास्यास्पद और मनमाना है। 5 अप्रैल 2024 को केवलारी थाना क्षेत्र में पुलिस बस और टाटा नेक्सन कार की भिड़ंत में तीन लोगों की मौत हुई थी। पुलिस विभाग ने सह-लापरवाही का दावा किया, लेकिन कोर्ट ने कहा कि इसे साबित करने के लिए कोई स्वतंत्र साक्ष्य या गवाह पेश नहीं किया गया। कोर्ट ने निखिलेश जसवानी की पत्नी दीप्ति जसवानी के मामले में 12 लाख रुपये और चालक काजू महोबिया के मामले में 4.55 लाख रुपये अतिरिक्त मुआवजा देने का आदेश दिया। राज्य सरकार को मुकदमे के खर्च के रूप में भी राशि देने के निर्देश दिए गए।

अंबेडकर फाउंडेशन की निबंध प्रतियोगिता की जानकारी दी

'आओ संविधान को जानें' जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित हुई



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर।

चौ. बल्लूराम गोदारा राजकीय कन्या महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा प्राचार्य डॉ. पूनम सेतिया के निर्देशन में पांच दिवसीय कार्यक्रम 'आओ संविधान को जानें' के तहत 25 नवंबर को 'भारतीय संविधान : निर्माण से अब तक' विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता हुई। निर्णायक मंडल ने सुश्री कोमल को प्रथम, अर्चना को द्वितीय, महिमा व पूनम को संयुक्त तृतीय, लवप्रीत व पूजा को संयुक्त चतुर्थ और प्रिया को पंचम स्थान दिया। डॉ. सेतिया ने स्नातकोत्तर छात्राओं के पोस्टर व्याख्यान कौशल की सराहना की व अन्य को प्रेरित किया। विभागाध्यक्ष सोहनलाल ने बताया कि संविधान दिवस 26 नवंबर को डॉ. भीमराव अंबेडकर फाउंडेशन (अंबेडकर पीठ), सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, मूंडला, जयपुर द्वारा 'महिला सशक्तिकरण में डॉ. अंबेडकर का योगदान' विषय पर निःशुल्क निबंध प्रतियोगिता प्रस्तावित है। शब्द सीमा 2000 है। जिला स्तर पर 5100, 3100 व 2100 रुपये तथा राज्य स्तर पर क्रमशः 51000, 31000 व 11000 रुपये पुरस्कार राशि दी जाएगी। परिणाम फाउंडेशन की वेबसाइट पर अपलोड होंगे। सहायक आचार्य श्रीमती गरिमा यादव ने परिणाम घोषित कर छात्राओं को निबंध प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। संकाय सदस्य व छात्राएं उपस्थित रहीं।

कार्तिक पूर्णिमा पर यूपी के तीर्थों में महासंगम

30 लाख ने किया पवित्र स्नान



लखनऊ। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर मंगलवार को उत्तर प्रदेश के प्रमुख तीर्थस्थलों में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। प्रदेशभर में करीब 30 लाख श्रद्धालुओं ने गंगा, सरयू और अन्य पवित्र नदियों में स्नान कर पूजा-अर्चना, दान-पुण्य और धार्मिक अनुष्ठान किए। प्रयागराज, काशी, अयोध्या समेत प्रमुख तीर्थों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। तीर्थराज प्रयागराज में करीब 10 लाख श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान किया। भोर से ही घाटों पर श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था। वहीं, काशी में करीब आठ लाख लोगों ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। देव दीपावली की परंपरा से जुड़े धार्मिक आयोजनों के चलते वाराणसी के घाटों पर दिनभर उत्सव जैसा माहौल रहा। रामनगरी अयोध्या में करीब पांच लाख श्रद्धालुओं ने सरयू स्नान कर मंदिरों में दर्शन-पूजन किया। जय श्रीराम के उद्घोष से पूरी नगरी भक्तिमय नजर आई। इसके अलावा हापुड़ के गढ़मुक्तेश्वर में तीन लाख, रायबरेली के डलमऊ और सीतापुर के नैमिषारण्य में करीब दो-दो लाख श्रद्धालुओं ने स्नान किया। योगी सरकार द्वारा तीर्थस्थलों के विकास और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के बीच इस बार सभी प्रमुख धार्मिक स्थलों पर सुरक्षा और व्यवस्थाओं के विशेष इंतजाम किए गए थे।

मेरे वस्त्रों से चिढ़ है तो होने दीजिए, इन्हें नहीं बदलूंगा : योगी आदित्यनाथ

सनातन धर्म और भगवा पर गर्व जताया, बोले- आत्मनिर्भर यूपी को युवाओं के दम पर आगे बढ़ाएंगे

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने पारंपरिक भगवा वस्त्रों को लेकर होने वाली आलोचनाओं पर कहा कि किसी को उनके कपड़ों से चिढ़ होती है तो होने दीजिए। वह अपने वस्त्र किसी के कहने पर नहीं बदलेंगे। एक मीडिया कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय मीडिया के एक वर्ग द्वारा उन्हें कट्टर हिंदू नेता के रूप में पेश किए जाने से जुड़े सवाल पर योगी ने कहा कि उन्हें अपने सनातन धर्म, देश और हिंदू होने पर गर्व है।

हमें किसी की मेहरबानी की जरूरत नहीं : योगी ने कहा कि यदि कोई समर्थन के बदले अपनी पहचान छोड़ने की बात करे तो वह इसे स्वीकार नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि भारत अपनी क्षमता के बल पर आगे बढ़ेगा और उसे किसी की मेहरबानी की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने बताया कि वह जापान, ब्रिटेन और रूस जैसे देशों की यात्राओं में भी अपने पारंपरिक वस्त्रों में ही गए हैं।



यूपी बनेगा एआई और रक्षा निर्माण का केंद्र : योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर और विकसित भारत के लक्ष्य के अनुरूप उत्तर प्रदेश को भी आत्मनिर्भर और विकसित बनाने का काम जारी है। मेरठ में गंगा एक्सप्रेसवे के किनारे विकसित हो रहे लॉजिस्टिक सेंटर में अमेरिकी कंपनी के निवेश का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में डेटा सेंटर, सेमीकंडक्टर यूनिट और एआई से जुड़े प्रोजेक्ट पर तेजी से काम हो रहा है। उन्होंने कहा कि लखनऊ को एआई सिटी के रूप में विकसित किया जा रहा है। प्रदेश में ड्रोन तकनीक, रोबोटिक्स और डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में भी बड़ी संभावनाएं विकसित हो रही हैं।

हमारा काम जोड़ने का है : 2027 के विधानसभा चुनाव में टिकट कटने से जुड़े सवाल पर योगी ने कहा कि एनडीए विधायकों ने पिछले 10 वर्षों में उल्लेखनीय काम किया है। उन्होंने कहा कि चुनाव के समय कई तरह की चर्चाएं होती हैं, लेकिन सरकार का उद्देश्य लोगों को जोड़कर आगे बढ़ना है।

न्यायालय :- उपखण्ड अधिकारी राजस्व, श्रीकरणपुर
पीठासीन अधिकारी:- श्रीमति सुमित्रा बिश्नोई (आरएएस)
दिलबाग सिंह बनाम कलवन्त सिंह आदि प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 251 ए आरटीए, केस नं. 37/2025
प्राप्तकर्ता:-
सिमर कौर पत्नी सरबन सिंह जाति जटसिख निवासी नंदराम की ढाणी, टिब्बी रोड़, हनुमानगढ़।
उपरोक्त अनवान का प्रकरण प्रार्थी ने आपके विरूद्ध पेश किया गया है। अतः आपको सूचना दी जाती है कि आप दिनांक 21.12.2026 को सुबह 10 बजे न्यायालय में व्यक्तिगत रूप से स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर, उक्त प्रकरण के संबंध में अपना पक्ष रखे अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में उक्त प्रकरण में एक पक्षीय सुनवाई की जाकर, अग्रिम आदेश पारित किया जावेगा। मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक **25-11-2026/ D.N.365** को निकाला गया।
- न्यायालय की आज्ञा से
मोहर रीडर
उपखण्ड अधिकारी (राजस्व) श्रीकरणपुर, जिला श्रीगंगानगर

शादी में फायरिंग, दो की हत्या

आरा। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के चकिया गांव में शादी समारोह के दौरान हुई फायरिंग में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक घायल हो गया। वरमाला के बाद रात करीब 11:30 बजे दो बाइक पर सवार छह बदमाशों ने हमला किया। मृतकों की पहचान राहुल कुमार और दीपक कुमार के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, वारदात के पीछे पुराना विवाद सामने आ रहा है। एसआईटी गठित कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है।

5 आतंकियों की जमीन कुर्क

जम्मू। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने पाकिस्तान से संचालित रियासी जिले के पांच आतंकवादियों की करीब 29 कनाल जमीन कुर्क कर दी है। डीजीपी नलिन प्रभात ने गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) की धारा 25 के तहत यह कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार, ये आतंकी प्रतिबंधित संगठन हिजबुल मुजाहिदीन से जुड़े हैं और पाकिस्तान में प्रशिक्षण ले चुके हैं। आरोप है कि वे जमीन बेचकर मिलने वाली राशि का इस्तेमाल आतंकी गतिविधियों के लिए करना चाहते थे।

चोरी, प्रेमी सहित 4 गिरफ्तार

इटावा। व्हाट्सएप स्टेटस पर पड़ोसन के सोने-चांदी के गहने देखकर एक महिला ने प्रेमी और उसके साथियों के साथ चोरी की योजना बना डाली। फ्रेंड्स कॉलोनी क्षेत्र में हुई चोरी का खुलासा करते हुए पुलिस ने महिला पूजा यादव समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

उमर खालिद-शरजील इमाम की जमानत पर सुनवाई करते हुए सीजेआई ने दिल्ली पुलिस से मांगा जवाब और बोले

मैं शर्मिंदा हूं, मेरे ही फैसले की अलग व्याख्या हो रही

नई दिल्ली। फरवरी 2020 के उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगा मामले में यूएपीए के तहत जेल में बंद उमर खालिद और शरजील इमाम की जमानत याचिकाओं पर बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। देश के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ ने मामले को बड़ी पीठ के समक्ष भेजने का निर्देश दिया। साथ ही दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया। हालांकि दोनों आरोपियों को तत्काल अंतरिम जमानत देने से अदालत ने इनकार कर दिया। सुनवाई के दौरान सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि उन्हें शर्मिंदगी महसूस हो रही है, क्योंकि उनके द्वारा 2021 में दिए गए के.ए. नजीब फैसले की अलग-अलग व्याख्या की जा रही है। उसी कारण अब इस कानूनी प्रश्न पर बड़ी पीठ से स्पष्टता जरूरी हो गई है। उस फैसले में कहा गया था कि यूएपीए के तहत कड़ी जमानत शर्तों के बावजूद त्वरित सुनवाई का संवैधानिक अधिकार प्राथमिकता पा सकता है।



अंतरिम जमानत पर फिलहाल राहत नहीं : उमर खालिद की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और शरजील इमाम की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे ने लंबे समय से जेल में बंद होने का हवाला देते हुए अंतरिम जमानत की मांग की। पीठ ने कहा कि इस पर निर्णय लेने से पहले दिल्ली पुलिस का पक्ष सुना जाएगा।

लंबी हिरासत और धीमी सुनवाई का मुद्दा : दोनों आरोपियों ने अपनी याचिकाओं में कहा है कि वे छह वर्ष से अधिक समय से जेल में हैं, जबकि अभियोजन पक्ष अब तक संरक्षित गवाहों से जिरह शुरू नहीं करा सका है। इमाम ने बताया कि मामले में 900 से अधिक गवाह हैं, जिनमें 47 संरक्षित गवाह शामिल हैं। उनका तर्क है कि मुकदमे में असामान्य देरी संविधान के अनुच्छेद-21 के तहत त्वरित न्याय के अधिकार का उल्लंघन है।

दिल्ली दंगा साजिश का मामला : उमर खालिद और शरजील इमाम पर फरवरी 2020 के दिल्ली दंगों की कथित साजिश रचने का आरोप है। इन दंगों में 53 लोगों की मौत हुई थी और 700 से अधिक लोग घायल हुए थे। दिल्ली हाई कोर्ट पहले ही दोनों की जमानत याचिकाएं खारिज कर चुका है। अब सुप्रीम कोर्ट में मामले की सुनवाई बड़ी पीठ करेगी, जिससे यूएपीए के मामलों में जमानत से जुड़े कानूनी प्रश्नों पर स्पष्टता मिलने की उम्मीद है।

राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट से राहत

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को राहत देते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें सीबीआई और ईडी को आय से अधिक संपत्ति के आरोपों वाली शिकायत का सत्यापन करने को कहा गया था। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने भाजपा नेता विग्नेश शिशिर की याचिका को हाईकोर्ट वापस भेज दिया। कोर्ट ने निर्देश दिया कि राहुल गांधी का पक्ष सुनने के बाद पहले यह तय किया जाए कि याचिका सुनवाई योग्य है या नहीं।

कार्यालय उप रजिस्ट्रार सहकारी समितियाँ, अनूपगढ़

पुरानी पंचायत समिति, अनूपगढ़ Email: arano.coop@gmail.com
क्रमांक -फा/उरअ/समिति/अवसायन/2026/ RajKaj Ref No.: 25514211 दिनांक - 19.11.2026

नोटिस
(राजस्थान सहकारी सोसायटी अधिनियम 2001 की धारा 61 के अन्तर्गत)

कार्यालय के आदेश क्रमांक फा. ( ) उरअ/समिति/ 2025 राजकाज रेफरेंस संख्या 23018008 दिनांक 24.06.2026 के द्वारा श्री विकास चौधरी, निरीक्षक, सहकारी समितियां, अनूपगढ़ एवं श्री सुरेश कुमार, निरीक्षक, सहकारी समितियां, अनूपगढ़ को राजस्थान सहकारी सोसायटी अधिनियम 2001 एवं नियम 2003 की धारा 55 (1) के अन्तर्गत जांच करने हेतु जांच अधिकारी नियुक्त कर जांच करवाई गयी। प्रदत्त निर्देशों की पालना में श्री विकास चौधरी, निरीक्षक कार्यकारी द्वारा जांच रिपोर्ट एसपीएल-01 दिनांक 26.10.2026 एवं श्री सुरेश कुमार, निरीक्षक कार्यकारी द्वारा एसपीएल-01 दिनांक 26.10.2026 द्वारा कार्यालय में अनुशंषा की गयी की समिति को अधिनियम की धारा 61 में लाकर पंजीयन रद्द करने की कार्यवाही की जावे। अवसायन योग्य समितियों एवं कार्यालय रिकॉर्ड के आधार पर निम्न समितियां काफी लम्बे समय से बन्द है। अतः इन समितियों को अवसायन में लाया जाकर इनका परिसमापन किया जाना आवश्यक समझा गया है। अतः इन समितियों के पदाधिकारियों/संचालकों/सदस्यों व अन्य संबंधित को इस नोटिस के जरिये सूचित किया जाता है कि ये नोटिस जारी होने के 15 दिवस में इस कार्यालय में अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा अधिनियमानुसार समिति को अवसायन में लाये जाने का आदेश पारित कर दिया जावेगा। सूचित रहे।

क्र. सं.	नाम दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति	पंजीयन क्रमांक	दिनांक
1	कूपली दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति	38 ka	21.06.1986
2	01 एनएम दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति	254 ka	23.04.2002
3	मोटासर (5 ए एस) दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति	281 ka	31.03.2003
4	16 पी दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति	100062	21.10.2019
5	03 आर टी एम दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति	200038	03.06.2021
6	12 जीबी दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति	342ka	02.06.2008
7	13 डीओएल दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति	255 ka	23.04.2002
8	20 के एन डी बी दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति	329 ka	02.06.2008
9	11 केएनडी दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति	367 ka	25.10.2010
10	08 के डब्ल्यू एम दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति	395 ka	28.03.2015
11	19 एम डी दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति	200037	29.06.2021
12	8 पीएसडी दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति	200063	12.07.2021
13	खानूवाली दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति	128ka	27.03.1992
14	12 एम एल डी दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति	130ka	06.04.1992

यह नोटिस आज दिनांक 19.11.2026 को मेरे ई-हस्ताक्षर से जारी किया गया है।

-DS-
(राकेश मूण्ड) उप रजिस्ट्रार
सहकारी समितियां, अनूपगढ़

न्यूज इन ब्रीफ

जांच में खरा उतरा वीटा घी, बीकानेर लैब की रिपोर्ट में गुणवत्ता सही

सीमा सन्देश # नोहर। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से वीटा घी के लिए गए नमूने की जांच रिपोर्ट में घी गुणवत्ता के मानकों पर खरा उतरा है। बीकानेर स्थित प्रयोगशाला से आई जांच रिपोर्ट में वीटा घी का नमूना पूरी तरह सही और उपयुक्त पाया गया है। जानकारी के अनुसार, गत दिनों चिकित्सा विभाग की टीम ने नोहर में वीटा के स्थानीय डीलर कृष्णा एजेंसी के संचालक भैराराम सहारण की दुकान से घी का नमूना लिया था। विभाग की ओर से इस नमूने को जांच के लिए बीकानेर भेजा गया था। अब जांच रिपोर्ट आने के बाद विभाग ने इसे सार्वजनिक किया है, जिसमें घी की गुणवत्ता सही पाई गई है। वीटा के स्थानीय डीलर भैराराम सहारण ने बताया कि इससे पहले भी चिकित्सा विभाग की ओर से वीटा के घी के अलावा दूध और दही के नमूने लिए गए थे। जांच में वे सभी नमूने भी निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पाए गए थे।

ओझा परिवार में गूंजी किलकारी

सीमा सन्देश # टोपरियां। गांव के तिलोकचंद ओझा एवं एकता के घर गुरु पूर्णिमा के अवसर पर रात्रि 11:15 बजे पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई। बेटे के जन्म से ओझा परिवार में खुशी का माहौल है। इस शुभ अवसर पर समस्त ओझा परिवार एवं सीमा संदेश परिवार की ओर से तिलोकचंद और एकता को हार्दिक बधाई एवं नवजात शिशु के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं।

जिला प्रमुख के फैसलों से नोहर प्रधान की दौड़ उलझी

सीमा सन्देश # चारणवासी। नोहर पंचायत समिति में प्रधान पद को लेकर कांग्रेस में दावेदारों की संख्या बढ़ने से सियासी हलचल तेज हो गई है। फेफाना की संतोष गोदारा, ललाना की ललिता रवि शर्मा और मंदरपुरा की गीता प्रमुख दावेदार मानी जा रही हैं। जिला प्रमुख चुनाव में हुए बदलावों के बाद दावेदारों की उम्मीदें प्रभावित हुई हैं। वहीं भाजपा की जोड़-तोड़ की कोशिशों और कांग्रेस में भीतरघात की आशंका ने पार्टी नेतृत्व की चिंता बढ़ा दी है। माकपा के समर्थन को लेकर भी राजनीतिक समीकरण बनने लगे हैं।

8 भेड़ें व बच्चे चोरी कर कार में फरार हुए चोर

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। टाउन थाना क्षेत्र के चक 28 एनडीआर में रात के अंधेरे में भेड़पालक के बाड़े से 5 भेड़ें व 3 बच्चे चोरी होने का मामला सामने आया है। आरोपी कार में सवार होकर आए और वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार देवीलाल (32) पुत्र धन्नाराम नायक निवासी चक 28 एनडीआर ने रिपोर्ट दी कि 6 नवम्बर की रात वह घर में सो रहा था। रात करीब पौने दो बजे आवाज सुनकर बाहर आया तो एक व्यक्ति बाड़े से भेड़ें निकाल रहा था, जबकि दो अन्य गेट पर खड़ी कार में उन्हें लाद रहे थे। शोर मचाने पर आरोपी कार में सवार होकर फरार हो गए। बाद में गिनती करने पर 5 भेड़ें व 3 बच्चे गायब मिले। पुलिस ने जांच एएसआई सोहनलाल को सौंपी है।

राजनीति : जीत के बाद कांग्रेस में जश्न तो दूसरी ओर शबनम गोदारा ने लगाए अनदेखी के आरोप

कांग्रेस की रेणु जांगू बनीं हनुमानगढ़ जिले की नई जिला प्रमुख

37 में से 30 मत हासिल कर भाजपा की सरस्वती देवी को 23 मतों से हराया



सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। जिला परिषद हनुमानगढ़ के जिला प्रमुख पद के चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी रेणु जांगू निर्वाचित हुई हैं। बुधवार को जिला परिषद कार्यालय में हुए मतदान में रेणु जांगू ने भाजपा प्रत्याशी सरस्वती देवी को 23 मतों के अंतर से पराजित किया। रेणु जांगू को कुल 30 मत मिले, जबकि सरस्वती देवी के पक्ष में 7 मत पड़े। जिला परिषद के सभी 37 सदस्यों ने मतदान में हिस्सा लिया। खास बात यह रही कि माकपा के चारों निर्वाचित सदस्यों ने भी कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में मतदान किया। रेणु जांगू हनुमानगढ़ की सातवीं जिला प्रमुख और इस पद पर निर्वाचित होने वाली चौथी महिला हैं। जिला परिषद की कुल 37 सीटों में से कांग्रेस ने 26 सीटें जीतकर स्पष्ट बहुमत हासिल किया था। भाजपा के 7 और माकपा के 4 सदस्य निर्वाचित हुए थे। जिला प्रमुख पद के चुनाव में कांग्रेस की ओर से रेणु जांगू और भाजपा की ओर से सरस्वती देवी ने नामांकन दाखिल किया। कांग्रेस में काफी जद्दोजहद के बाद रेणु जांगू को अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया गया था। जिला प्रमुख पद के निर्वाचन के लिए जिला परिषद कार्यालय के मीटिंग सभागार में रिटर्निंग अधिकारी एवं जिला कलक्टर डॉ. खुशाल यादव की अध्यक्षता में प्रक्रिया संपन्न हुई। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सुबह 10 बजे बैठक आयोजित की गई। रेणु जांगू ने सुबह 10.29 बजे और भाजपा प्रत्याशी सरस्वती देवी ने 10.42 बजे नामांकन प्रस्तुत किया।

सुबह 11.30 बजे नामांकन पत्रों की संवीक्षा हुई, जिसमें दोनों प्रत्याशियों के नामांकन सही पाए गए। दोपहर 1 बजे तक किसी भी प्रत्याशी ने नाम वापस नहीं लिया। इसके बाद प्रत्याशियों एवं उनके प्रतिनिधियों की मौजूदगी में मतपेटी खाली दिखाकर वीडियोग्राफी के साथ सीलबंद की गई। जिला परिषद सदस्यों ने गुप्त मतदान पद्धति से मताधिकार का प्रयोग किया। मतगणना में रेणु जांगू को 30 और सरस्वती देवी को 7 मत प्राप्त हुए। परिणाम घोषित होने के बाद रिटर्निंग अधिकारी डॉ. खुशाल यादव ने नवनिर्वाचित जिला प्रमुख को निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया और राजस्थान पंचायती राज (निर्वाचन) नियम, 1994 के नियम 75 के तहत शपथ दिलवाई।

जीत के बाद कांग्रेस कार्यालय में जश्न

रेणु जांगू की जीत की घोषणा होते ही कांग्रेस खेमे में जश्न का माहौल बन गया। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मनीष मक्कासर, जिला प्रभारी एमडी चौपदार, सहप्रभारी डॉ. सुनील लारा, पीलीबंगा विधायक विनोद गोठवाल, नोहर विधायक अमित चाचाण, संगरिया विधायक अभिमन्यु पूनिया सहित पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर जीत की खुशी मनाई। कार्यकर्ताओं ने मिठाइयां बांटी और ढोल-नगाड़ों के साथ नवनिर्वाचित जिला प्रमुख का स्वागत किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष मनीष मक्कासर ने रेणु जांगू की जीत को पार्टी और प्रत्येक कांग्रेस कार्यकर्ता की जीत बताया। उन्होंने कहा कि यह परिणाम जनता के विश्वास और कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मेहनत का प्रतिफल है। उन्होंने पिछले तीन वर्षों के राजनीतिक घटनाक्रम, महंगाई और केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की नीतियों को लेकर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पंचायत चुनाव में कांग्रेस को जनता का समर्थन मिला है। उन्होंने इस जीत को आगामी विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी में नई ऊर्जा का संचार करने वाला परिणाम बताया। जीत के बाद रेणु जांगू जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पहुंचीं, जहां पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इसके बाद वे जिलाध्यक्ष मनीष मक्कासर के निवास पर पहुंचीं, जहां भी उनका अभिनंदन किया गया।

कांग्रेस में सामने आई नाराजगी

जिला प्रमुख चुनाव का परिणाम आने के बाद कांग्रेस की अंदरूनी खींचतान भी सामने आई। जिला प्रमुख पद की प्रबल दावेदार रहीं पूर्व उप जिला प्रमुख एवं कांग्रेस नेत्री शबनम गोदारा ने अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए पार्टी आलाकमान पर रिश्तेदारियों को प्राथमिकता देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उन्हें जनता का अपार समर्थन मिला, लेकिन जनभावनाओं के अनुरूप निर्णय नहीं हुआ। उनके अनुसार पार्टी में रिश्तेदारियों को तरजीह दी गई, जिससे कार्यकर्ताओं में निराशा है। शबनम गोदारा ने संगरिया विधायक अभिमन्यु पूनिया पर भी उन्हें जिला प्रमुख बनने से रोकने के प्रयास करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उनके खिलाफ साजिशें रची गईं और उन्हें हराने के लिए प्रयास किए गए। उन्होंने कांग्रेस जिलाध्यक्ष की भूमिका पर भी सवाल उठाए। शबनम ने दावा किया कि उनके साथ बार-बार अन्याय हुआ है और पार्टी में मजबूत कार्यकर्ताओं को आगे नहीं बढ़ाया जा रहा। उन्होंने कहा कि प्रदेशाध्यक्ष ने उन्हें टिकट दिया था और अब उन्होंने रेणु जांगू के पक्ष में मतदान कर अपना कर्ज उतार दिया है। अपनी नाराजगी को जनता के बीच ले जाने का ऐलान करते हुए शबनम गोदारा ने 1 दिसम्बर से न्याय यात्रा निकालने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि वे जनता के बीच जाकर अपनी बात रखेंगी और पूरे मामले को सामने लाएंगी।

राजनीतिक पृष्ठभूमि भी रही चर्चा में

नवनिर्वाचित जिला प्रमुख रेणु जांगू की पारिवारिक राजनीतिक पृष्ठभूमि भी चुनाव के दौरान चर्चा में रही। उनके पति बृजमोहन जांगू पीलीबंगा क्षेत्र की ग्राम पंचायत हरदयालपुरा से सरपंच निर्वाचित हुए हैं। वे जिला कांग्रेस कमेटी में उपाध्यक्ष पद पर भी रह चुके हैं। उनकी देवरानी मोनिका वर्ष 2000 से 2005 तक जिला परिषद सदस्य रही हैं, जबकि उनके ससुर कनीराम जांगू ग्राम पंचायत लखासर के सरपंच रह चुके हैं। 59 वर्षीय रेणु जांगू 12वीं तक शिक्षित हैं और स्वयं का व्यवसाय करती हैं। कांग्रेस ने उन्हें जिला परिषद के वार्ड नंबर एक से प्रत्याशी बनाया था। जिला परिषद सदस्य के चुनाव में उन्होंने 12,100 वोट हासिल कर अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी इंद्रजीत को 4,843 मतों के अंतर से हराया था। नामांकन प्रक्रिया के दौरान उनके परिवार पर लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोपों को कांग्रेस सहप्रभारी डॉ. सुनील लारा ने निराधार बताया था। जिला प्रमुख पद के चुनाव के बाद अब गुरुवार को उप जिला प्रमुख पद के लिए चुनाव होगा।

गांव को मॉडल ग्राम पंचायत के रूप में विकसित करने की प्राथमिकता रहेगी

सरदारपुरा जीवन : सरपंच जांगिड़ ने संभाला पदभार



सीमा सन्देश # सरदारपुरा जीवन। ग्राम पंचायत सरदारपुरा जीवन के नवनिर्वाचित सरपंच बालवीर जांगिड़ ने पदभार ग्रहण कर गांव के विकास को नई गति देने का संकल्प लिया। इससे पहले पंडित राजेंद्र जोशी ने मंत्रोच्चार कर पूजा अर्चना की उसके बाद उपस्थित मुख्य अतिथि अनंत राम कारगवाल ने नवनिर्वाचित सरपंच को साफा और माला पहनाकर स्वागत किया पूर्व सरपंच पति कृष्ण लाल गोदारा को भी साफा और माला पहना कर समान किया। ग्राम विकास अधिकारी करनदीप सिंह ने सरपंच को विधिवत रूप से कार्यभार ग्रहण करवाया। पदभार संभालने के साथ ही उन्होंने ग्राम पंचायत के सर्वांगीण विकास को अपनी प्राथमिकता बताते हुए कहा कि उनका प्रयास सरदारपुरा जीवन को एक आदर्श एवं मॉडल गांव के रूप में विकसित कर अलग पहचान दिलाना रहेगा। सरपंच बालवीर जांगिड़ ने कहा कि गांव का विकास किसी एक व्यक्ति या वर्ग तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि सभी ग्रामीणों को साथ लेकर विकास की योजनाओं को धरातल पर उतारा जाएगा। पंचायत क्षेत्र में किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाएगा तथा प्रत्येक व्यक्ति की समस्या को गंभीरता से सुनकर उसका समाधान करवाने का प्रयास किया जाएगा।

सरपंच ने ग्रामीणों से विकास कार्यों में सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि ग्राम पंचायत का विकास केवल सरपंच या पंचायत प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक ग्रामवासी की सामूहिक जिम्मेदारी है। सभी के सहयोग, सुझाव और सहभागिता से सरदारपुरा जीवन को स्वच्छ, सुंदर और विकसित गांव बनाने की दिशा में कार्य किया जाएगा। इस मौके पर सुनील जांगिड़, बृजेश स्वामी, मदन लाल भुरटा, चंदू राम, रूघवीर सहारण ,महेंद्र कुमार, आदराम धामू, भूपेश, जसकरण सिंह, धर्मपाल खोखा, सोहनलाल लोहरा, चंद्रभान जालवाल, एल डी सी इंद्राज चालिया और अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

महिला कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष भाजपा में

पति पवन कंदोई ने भी कांग्रेस छोड़ भाजपा की सदस्यता ली

सीमा सन्देश # नोहर। निकाय चुनाव में कांग्रेस के टिकट पर पार्षद बनी महिला कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष एवं वार्ड नंबर 20 की पार्षद सत्य बाला कंदोई ने बुधवार को कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया। उनके साथ उनके पति एवं किरयाना व्यापार संघ के अध्यक्ष तथा पूर्व पार्षद पवन कंदोई ने भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। नगरपालिका परिसर में आयोजित कार्यक्रम में पालिका अध्यक्ष हाजन खातून टाक एवं पूर्व राज्य मंत्री मेहरूनिशा टाक ने दोनों को भाजपा का दुपट्टा पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। इस दौरान भाजपा के कई पदाधिकारी, पार्षद एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।



पार्टी को और मजबूती मिलेगी : टाक

इस मौके पर पूर्व राज्य मंत्री मेहरूनिशा टाक ने कहा कि सत्य बाला कंदोई और पवन कंदोई के भाजपा में शामिल होने से पार्टी को और मजबूती मिलेगी। उनके आने से कार्यकताओं में नए उत्साह और जोश का संचार होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा की नीतियों और विचारधारा से प्रभावित होकर लगातार लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं। गौरतलब है कि सत्य बाला कंदोई ने निकाय चुनाव में कांग्रेस के टिकट पर वार्ड नंबर 20 से पार्षद का चुनाव जीता था। कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष छोटू सेवग, नगरपालिका उपाध्यक्ष गुरुसेवक सिंह, पार्षद गंगाराम पाडिया, हसन, अफसाना बानो, रियाज टाक, मुस्ताक, रतनलाल, सुनील कार्य, अभिषेक बवनानी, सुरेंद्र सैनी, दीपक, उदय सिंह, जाफर, देवीलाल, खालिद भाटी, सुरेंद्र सहारण, संतलाल, लाल मोहम्मद एवं हलवाई यूनियन अध्यक्ष बसंत तिवाड़ी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

भादरा : पेयजल संकट पर मोर्चा ने जताई चिंता

उपखंड अधिकारी भागीरथ चौधरी को सौंपा समस्या का ज्ञापन



भादरा। शहर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में व्याप्त पेयजल समस्या के समाधान की मांग को लेकर क्रांतिकारी विकास मोर्चा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने बुधवार को उपखंड अधिकारी भागीरथ राम चौधरी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि शहर के विभिन्न वार्डों और ग्रामीण क्षेत्रों में लंबे समय से पेयजल आपूर्ति अनियमित एवं अपर्याप्त बनी हुई है। कई स्थानों पर नलों में कम दबाव से पानी आ रहा है, जबकि कुछ क्षेत्रों में कई दिनों तक जलापूर्ति बाधित रहती है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि कई इलाकों में खारा एवं दूषित पानी घरों तक पहुंच रहा है, जो पीने योग्य नहीं है। इससे जलजनित बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है और लोग स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का सामना कर रहे हैं।

नहरों में भी फैलाई जा रही है गंदगी

मोर्चा ने नहरों में कूड़ा-कचरा एवं गंदगी होने तथा उसी पानी की आपूर्ति घरों तक होने पर भी चिंता जताई। साथ ही नहरों में लोगों द्वारा स्नान करने एवं गंदगी फैलाने से पानी की शुद्धता प्रभावित होने की बात कही। ज्ञापन में मांग की गई कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित और पर्याप्त पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। क्षतिग्रस्त एवं लीकेज वाली पाइपलाइनों की तत्काल मरम्मत करवाई जाए तथा अंतिम छोर पर स्थित घरों और ढाणियों तक पर्याप्त दबाव से पानी पहुंचाया जाए। इसके अलावा पानी की गुणवत्ता की जांच करवाकर शुद्ध पेयजल उपलब्ध करवाने और जलदाय विभाग के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के लिए पाबंद करने की मांग की गई।

जागरूकता अभियान

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। राजस्थान महिला कल्याण मंडल एवं जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन के संयुक्त तत्वावधान में बाल विवाह रोकथाम जागरूकता पोस्टर का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक प्रेमाराम सहित अधिकारियों ने सहभागिता निभाई। जिला समन्वयक अमित कुमार ने बताया कि बाल विवाह उन्मूलन के लिए 27 नवंबर को विशेष कार्यक्रम होंगे। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता के लिए 100 दिवसीय अभियान चलाया जाएगा। सभी विभागों के सहयोग से जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने का संकल्प लिया गया।

18 सदस्यीय जिला टीम का होगा चयन

नोहर : 28 नवंबर से जिला स्तरीय सीनियर महिला फुटबॉल प्रति.

सीमा सन्देश # नोहर। श्री बालकृष्ण बिहानी स्टेडियम में 28 और 29 नवंबर को जिला स्तरीय सीनियर महिला फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन होगा। जिला फुटबॉल संघ हनुमानगढ़ के तत्वावधान में होने वाली इस दो दिवसीय प्रतियोगिता में जिलेभर की महिला फुटबॉल टीमें हिस्सा लेंगी। प्रतियोगिता के प्रदर्शन के आधार पर हनुमानगढ़ जिले की 18 सदस्यीय सीनियर महिला फुटबॉल टीम का चयन किया जाएगा। जिला फुटबॉल संघ के सचिव शशिकांत शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए फुटबॉल कोच जुल्फिकार पठान को संयोजक नियुक्त किया गया है। वहीं जिला टीम के चयन की जिम्मेदारी फुटबॉल कोच अशोक कंकर को सौंपी गई है। चयन समिति में शारीरिक शिक्षक भूपसिंह और लूणाराम को सदस्य बनाया गया है।

भीनमाल में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में दिखाएंगी दमखम: प्रतियोगिता के बाद चयनित 18 सदस्यीय टीम 11 से 13 दिसंबर तक भीनमाल (जालौर) में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय सीनियर महिला फुटबॉल प्रतियोगिता में हनुमानगढ़ जिले का प्रतिनिधित्व करेगी। इस आयोजन का उद्देश्य जिले की प्रतिभावान महिला खिलाड़ियों को अपनी खेल प्रतिभा दिखाने का अवसर देना और राज्य स्तर पर जिले की मजबूत टीम तैयार करना है।

आरएलपी की सुनीता देवी ने पंचायत समिति सदस्य पद की शपथ ली

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी की नवनिर्वाचित पंचायत समिति सदस्य सुनीता देवी मटोरिया ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। उन्होंने ग्रामीण विकास, मूलभूत समस्याओं के समाधान और जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता देने का संकल्प जताया। आरएलपी प्रवक्ता केवल काकड़ ने बताया कि पंचायत समिति टाउन और जंक्शन में पार्टी के एक-एक सदस्य की जीत संगठन के लिए उत्साहजनक है। पार्टी नेता कपिल सहारण ने इसे आगामी विधानसभा चुनावों के लिए सकारात्मक संकेत बताते हुए कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाया।

29 डीडब्ल्यूडी सरपंच कौशल्या ने किया पदभार ग्रहण

सीमा सन्देश # रावतसर। रावतसर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत 29 डीडब्ल्यूडी से नव निर्वाचित सरपंच कौशल्या लालचंद पुरोहित ने विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर वैदिक मंत्रोच्चार से सरपंच का पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत परिसर में उत्साह और हर्षोल्लास का माहौल देखने को मिला। इस मौके पर ग्रामीणों, गणमान्य नागरिकों एवं समर्थकों ने नवनिर्वाचित सरपंच कौशल्या लालचंद पुरोहित का स्वागत एवं अभिनंदन कर उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। इस दौरान सरपंच कौशल्या लालचंद पुरोहित ने सभी ग्रामवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ग्राम पंचायत 29 डीडब्ल्यूडी के सर्वांगीण विकास, गांव में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार, स्वच्छता, पेयजल, सड़क, नाली निर्माण एवं जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि गांव के प्रत्येक वर्ग को साथ लेकर पारदर्शिता और समर्पण भाव से पंचायत का संचालन किया जाएगा। उन्होंने विश्वास दिलाया कि ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करना और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत का विकास किसी एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि समस्त ग्रामवासियों के सहयोग और सहभागिता से संभव है। उन्होंने सभी ग्रामवासियों से गांव के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। पदभार ग्रहण के साथ ही ग्राम पंचायत 29 डीडब्ल्यूडी में विकास और जनसेवा के नए संकल्प के साथ नई पारी की शुरूआत हुई। इस मौके पर पंचायत के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



4 सीवाईएम की सरपंच प्रीति कंवर ने किया पदभार संभाला

रावतसर। पंचायत समिति रावतसर की ग्राम पंचायत 4 सीवाईएम की नव निर्वाचित सरपंच श्रीमती प्रीति कंवर पत्नी बजरंग सिंह सूडा ने विधिवत रूप से कृपाराम महाराज के सानिध्य में सरपंच का पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत परिसर में उत्साह और हर्षोल्लास का माहौल देखने को मिला। इस मौके पर ग्रामीणों, गणमान्य नागरिकों एवं समर्थकों ने सरपंच प्रीति कंवर का स्वागत एवं अभिनंदन किया तथा शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सरपंच प्रीति कंवर सुडा ने ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ग्राम पंचायत 4सीवाईएम के सर्वांगीण विकास, गांव में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार, स्वच्छता, पेयजल, सड़क, नाली निर्माण एवं जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने विश्वास दिलाया कि ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करना और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। नव निर्वाचित सरपंच श्रीमती सुडा ने कहा कि ग्राम पंचायत का विकास किसी एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि समस्त ग्रामवासियों के सहयोग और सहभागिता से संभव है। उन्होंने सभी ग्रामवासियों से गांव के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। पदभार ग्रहण के साथ ही ग्राम पंचायत 4सीवाईएम में विकास और जनसेवा के नए संकल्प के साथ नई पारी की शुरूआत हुई। इस मौके पर पंचायत के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



रावतसर : सुबह 10 बजे हरी झंडी दिखाकर किया दल को रवाना

कृषि की आधुनिक तकनीकों व उद्योगों की कार्यप्रणाली से रूबरू हुए विद्यार्थी

सीमा सन्देश #रावतसर। विकास मॉडल पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय, रावतसर के कक्षा 12वीं कृषि विज्ञान के विद्यार्थियों ने मंगलवार को श्री खुशालदास विश्वविद्यालय, हनुमानगढ़ का शैक्षणिक भ्रमण किया। दल को मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ओमप्रकाश सुथार ने सुबह 10 बजे हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जिस पर विद्यालय निदेशक हनुमान प्रसाद शर्मा ने उनका आभार जताया। विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की छात्राओं ने तिलक लगाकर विद्यार्थियों का स्वागत किया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने शहद प्रोसेसिंग प्लांट, बकरी पालन फार्म, डेयरी, वर्मी कम्पोस्ट, जैविक बिस्किट व च्यवनप्राश इकाई, मुर्गी पालन, उन्नत बीज उत्पादन, बागवानी, मृदा जांच, पशु चिकित्सा इकाई तथा हॉर्स राइडिंग का अवलोकन किया।



कृषि पद्धतियों को अपनाने पर जोर

इस अवसर पर सीबीईओ ओमप्रकाश सुथार, ट्रस्ट अध्यक्ष बाबू लाल जुनेजा और प्रबंध निदेशक दिनेश कुमार जुनेजा ने किताबी ज्ञान के साथ व्यावहारिक व वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों को अपनाने पर जोर दिया। आईक्यूएसी निदेशक प्रो. डॉ. अवधेश शर्मा ने नवाचार और एमएसएमई आइडिया हैकाथॉन के तहत 15 लाख रुपये तक की सहायता की जानकारी दी। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. डॉ. विक्रम सिंह औलख ने रुचि अनुसार विषय चयन करने को कहा। कृषि संकाय के विष्णु मूंड ने कृषि पर्यवेक्षक सहित विभागीय भर्तियों और इंजीनियरिंग विभाग के सुमित कुमार ने तकनीकी पाठ्यक्रमों व रोजगार के अवसरों पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों ने कृषि पर्यवेक्षक, पटवारी, शिक्षक, रेलवे, सेना, बीएसएफ व पुलिस में जाने की इच्छा जताई। इस दौरान पीटीआई नरपत सिंह, यश पारीक, पूनम वर्मा सहित अन्य शिक्षक व विद्यार्थी मौजूद रहे।

न्यूज इन ब्रीफ

पल्लू में पुलिस थाना के सामने पेट्रोल-डीजल टैंकर पलटा

पल्लू। कस्बे में मंगलवार रात को पुलिसकर्मियों की तत्परता से एक हादसा टल गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार जयपुर से हनुमानगढ़ जा रहे पेट्रोल-डीजल से भरे एक टैंकर का नियंत्रण खोते ही वह पल्लू थाना के ठीक सामने फोरलेन मेगा हाईवे पर पर पलट गया। टैंकर के पलटते ही उसमें भरा तेल रिसकर सड़क पर फैलने लगा, जिससे थाने और आसपास की आबादी वाले इलाके में आग लगने का गंभीर संकट पैदा हो गया। थाना प्रभारी जगदीश कड़वासरा ने बुधवार को बताया कि टैंकर जयपुर से हनुमानगढ़ की ओर जा रहा था। रात करीब 11:30 बजे जब वह पल्लू थाना के सामने पहुंचा, तभी किसी कारणवश अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। हादसे में चालक को मामूली चोटें आईं। टैंकर पलटने की आवाज सुनकर पल्लू थाना के पुलिस कुर्मी भाग कर आए। पुलिस ने बिना देरी किए हाइड्रो क्रेन मंगवाई। क्रेन की मदद से टैंकर को सावधानीपूर्वक सीधा करवाया गया। इसके बाद उसे सुरक्षित स्थान पर खड़ा करके आगे रवाना कर दिया गया।

16 दिवसीय अभियान शुरू

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। सशक्त नारी संस्थान की ओर से महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए 16 दिवसीय अभियान शुरू किया गया। 25 नवम्बर से 10 दिसम्बर तक चलने वाले अभियान के पहले दिन पुलकित कॉलेज फॉर हायर एजुकेशन में 200 विद्यार्थियों ने सर्वेक्षण फॉर्म भरे। संस्थान का जिले के 2000 विद्यार्थियों तक पहुंचने का लक्ष्य है। संस्थापक अध्यक्ष डॉ. मिताली अग्रवाल ने बताया कि सर्वेक्षण के माध्यम से युवा पीढ़ी की सोच, अनुभवों और सामाजिक समस्याओं को समझकर भविष्य की गतिविधियां तय की जाएंगी।

चुनाव को लेकर प्रशासन अलर्ट

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। पंचायत समिति में प्रधान एवं उप प्रधान चुनाव को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। बुधवार को एसडीएम श्यामसुंदर बेनीवाल और डीएसपी मीनाक्षी ने दो केएनजे स्थित पंचायत समिति परिसर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर परिसर के चारों ओर बैरिकेडिंग करवाने तथा साफ-सफाई सहित अन्य व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए। पंचायत समिति में 27 नवम्बर को प्रधान तथा 28 नवम्बर को उप प्रधान पद के लिए चुनाव होंगे। निरीक्षण के दौरान नायब तहसीलदार रवि शंकर और बीडीओ डॉ. शर्मिला छलानी मौजूद रहीं।

अंडर-15 महिला क्रिकेट टीम के ट्रायल 28 नवम्बर को

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। राजस्थान क्रिकेट संघ की ओर से अंडर-15 महिला क्रिकेट टीम के चयन के लिए 28 नवम्बर को जयपुर स्थित आरसीए एकेडमी में ट्रायल आयोजित होंगे। जिला क्रिकेट संघ के सचिव मनीष धारणिया ने बताया कि आरसीए को भेजी गई पात्र खिलाड़ियों की सूची में शामिल खिलाड़ियों को सुबह 9 बजे उपस्थित होना होगा। खिलाड़ियों की जन्मतिथि 1 सितम्बर 2011 से 31 अगस्त 2014 के बीच होनी अनिवार्य है। ट्रायल के लिए क्रिकेट ड्रेस के साथ जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, स्कूल बोनाफाइड प्रमाण पत्र और पिछले तीन सत्रों की मार्कशीट लाना जरूरी है।

आंदोलन की तैयारी

हनुमानगढ़। भारतीय मजदूर संघ जिला हनुमानगढ़ की बैठक बुधवार को जिलाध्यक्ष कुलदीप शर्मा की अध्यक्षता में बीएमएस कार्यालय में हुई। बैठक में कर्मचारियों की लंबित मांगों पर चर्चा करते हुए 8 दिसम्बर को टाउन स्थित विश्वकर्मा मंदिर प्रांगण में जिला अधिवेशन आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इसमें जलदाय, विद्युत, रोडवेज, आंगनबाड़ी सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारी शामिल होंगे। अधिवेशन में जिला कार्यकारिणी का गठन कर कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान और बड़े आंदोलन की रणनीति तैयार की जाएगी। प्रदेश महामंत्री इन्द्राज घोटिया ने कहा कि कर्मचारियों की जायज मांगें लंबे समय से लंबित हैं। इन्हें प्रदेश स्तर तक पहुंचाकर समाधान के प्रयास किए जाएंगे। बैठक में संदीप सिरावता, ओमप्रकाश गोदारा, अनिल ज्याणी, सुरेन्द्र करीर सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

लोगों के घरों में पहुंच रहा गंदा पानी, धंसने लगी सड़कें, शिकायतों के बावजूद पीएचईडी अधिकारी नहीं करवा रहे समस्या का स्थाई समाधान

भारत माता चौक के आसपास पाइप लाइनों में जगह-जगह लीकेज, रोजाना हजारों लीटर पानी बर्बाद

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। टाउन के भारत माता चौक के आसपास पेयजल पाइप लाइनों में जगह-जगह लीकेज होने से रोजाना हजारों लीटर पानी व्यर्थ बह रहा है। लंबे समय से बनी इस समस्या के कारण जहां पेयजल की बर्बादी हो रही है, वहीं लीकेज के जरिए दूषित पानी घरों तक पहुंचने की आशंका बनी हुई है। पानी के लगातार सड़क पर जमा होने से सड़कें भी क्षतिग्रस्त हो रही हैं। कई जगह सड़क धंस चुकी है तो कहीं दरारें आ गई हैं।



छह साल पहले भी हुआ था लीकेज

भारत माता चौक के पास चाय की दुकान संचालित करने वाले कृष्ण कुमार ने बताया कि जिस स्थान पर वर्तमान में पाइप लाइन में लीकेज हो रहा है, वहां करीब छह माह पहले भी इसी जगह लीकेज हुआ था। उस समय मरम्मत करवाकर समस्या का समाधान कर दिया गया था, लेकिन करीब एक माह पहले फिर से उसी स्थान पर लीकेज शुरू हो गया। इसके अलावा भारत माता चौक के पार्क के पास लगी पानी की टोंटी बार-बार टूटने से पानी सड़क पर फैल जाता है। पीपल के पेड़ के पास भी पाइप लाइन में लीकेज होने से लगातार पानी बह रहा है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में कई बार जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को अवगत करवाया जा चुका है, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ। एक ओर हजारों लीटर पेयजल रोजाना बर्बाद हो रहा है, वहीं दूसरी ओर दूषित पानी घरों तक पहुंचने से लोगों के स्वास्थ्य पर भी खतरा मंडरा रहा है। गंदे पानी से बीमारियां फैलने की आशंका बनी हुई है। कृष्ण कुमार ने पीएचईडी अधिकारियों से मांग की कि भारत माता चौक के आसपास सभी लीकेज को प्राथमिकता से दुरुस्त करवाया जाए, ताकि पेयजल की बर्बादी रोकी जा सके, सड़कों को और नुकसान न पहुंचे तथा लोगों को स्वच्छ पेयजल मिल सके।

गोबर खाद के दामों में भारी उछाल, भेड़-बकरी की खाद 4 हजार रु. ट्रॉली

ट्यूबवेल से घटती उर्वरा क्षमता से निपटने को गोबर खाद का सहारा

सीमा सन्देश # चारणवासी। नहरी पानी के अभाव में लवणीय ट्यूबवेल के पानी से बार-बार सिंचाई करने के कारण क्षेत्र के खेतों की उर्वरा शक्ति लगातार घट रही है। इसका सीधा असर रबी और खरीफ फसलों के उत्पादन पर पड़ रहा है। चूरू जिले की रतनगढ़ पंचायत समिति क्षेत्र के चारणवासी और आसपास के गांवों में किसान अब जमीन की उपजाऊ क्षमता बनाए रखने के लिए गोबर की खाद का उपयोग बढ़ा रहे हैं। सरसों, गेहूं और जौ की बुआई से पहले किसान खाली खेतों में खाद डालकर जुताई के माध्यम से मिट्टी में मिला रहे हैं। किसानों का कहना है कि डीएपी की संभावित किल्लत और रासायनिक उर्वरकों की बढ़ती लागत के बीच गोबर की खाद बेहतर विकल्प साबित हो रही है। इससे मिट्टी को जैविक पोषण मिलने के साथ जलधारण क्षमता में सुधार होता है और लवणीयता का असर भी कम करने में मदद मिलती है। किसानों को उम्मीद है कि इससे फसलों की जड़ें मजबूत होंगी और उत्पादन में बढ़ोतरी होगी। कृषि विभाग के अधिकारियों के अनुसार पिछले कुछ वर्षों में गोबर की खाद का उपयोग कम होने से मिट्टी में जीवांश कार्बन की मात्रा घटी है, जिसका असर जमीन की उपजाऊ क्षमता पर पड़ा है। अच्छी तरह सड़ी हुई गोबर की खाद और कंपोस्ट का उपयोग करने से मिट्टी को आवश्यक पोषक तत्व मिलते हैं। कच्ची या अधपकी खाद के बजाय पूरी तरह तैयार खाद डालने से आगामी चार से पांच फसलों तक बेहतर उत्पादन प्राप्त करने में मदद मिल सकती है।



खाद के दामों में भी आई तेजी

क्षेत्र में गोबर की खाद की मांग बढ़ने से इसके दाम भी बढ़े हैं। गाय-भैंस के गोबर की खाद 2000 से 2500 रुपए प्रति ट्रॉली मिल रही है, जबकि अधिक पोषक तत्वों वाली भेड़-बकरियों के नोहरे की खाद के भाव 4000 रुपए प्रति ट्रॉली तक पहुंच गए हैं। **गांवों में स्वच्छता को भी मिल रहा बढ़ावा:** खेतों में खाद डालने की बढ़ती परंपरा का एक सामाजिक और पर्यावरणीय लाभ भी सामने आ रहा है। किसान गांवों की गलियों, सार्वजनिक स्थानों और नोहरों में जमा गोबर को खेतों में ले जा रहे हैं। इससे गोबर के ढेर कम होने के साथ गांवों की गलियों में सफाई भी बढ़ रही है। इस तरह खेतों की मिट्टी सुधारने के साथ ग्रामीण स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिल रहा है।

जोधपुर डिस्कॉम के एईएन कार्यालय में चोरी

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। जंक्शन स्थित जोधपुर डिस्कॉम के सहायक अभियंता कार्यालय में बुधवार अलसुबह अज्ञात व्यक्ति ने सेंधमारी कर लॉकर में रखी करीब 80 से 81 हजार रुपए की नकदी चोरी कर ली। वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। सहायक अभियंता मुकेश शर्मा ने बताया कि सुबह करीब 6.30 बजे सफाई कर्मचारी मुकेश कुमार कार्यालय पहुंचा तो मुख्य द्वार का ताला खुला मिला। अंदर अलमारी का ताला टूटा हुआ था। सूचना पर अधिकारियों ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो रात करीब 2.50 बजे काले कोट में एक व्यक्ति कार्यालय में प्रवेश करता दिखाई दिया। आरोपी ने अलमारी तोड़कर चाबी तलाश की और उससे लॉकर खोलकर नकदी चुरा ली। मंगलवार को गुरुनानक देव जयंती का अवकाश होने के कारण नकदी बैंक में जमा नहीं हो सकी थी। कार्यालय में सुरक्षा गार्ड भी तैनात नहीं है। सूचना पर जंक्शन थाना पुलिस ने मौका मुआयना किया। अज्ञात आरोपी के खिलाफ परिवाद दिया गया है। पुलिस फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान में जुटी है।

पीलीबंगा : बाबोसा धाम में बालाजी महाराज को लगाया छप्पन भोग

सीमा सन्देश # पीलीबंगा। श्री सालासर मनोकामना सिद्ध पीठ बाबोसा धाम में कार्तिक पूर्णिमा के शुभ अवसर पर बुधवार को श्री सालासर बालाजी महाराज को छप्पन भोग व कडी खिचड़ी का भोग लगाया गया। पुजारी अंजनी भारद्वाज ने बताया कि मंदिर में कार्तिक के स्नान करने वाली श्रद्धालु महिलाओं द्वारा हर वर्ष श्री बालाजी महाराज महाराज को छप्पन भोग लगाया जाता है छप्पन भोग से पूर्व बालाजी महाराज की विशेष पूजा अर्चना अशोक खदरिया द्वारा स परिवार करवाई गई । पूजन पश्चात बालाजी महाराज की छप्पन भोग की आरती की गई आरती पश्चात बालाजी महाराज को छप्पन भोग खिचड़ी का प्रसाद लगाकर श्रद्धालुओं को वितरित किया गया। मंदिर की महिला मंडल की अनीता खदरिया रमा भारद्वाज, हिमांशी भारद्वाज, नीलम चमडिया?, सुलोचना सोनी,पूजा सोनी, सुमन सोनी, खजांची सोनी,ज्योति अग्रवाल, शालू सिंगल,सुधा चौहान, मंजू चौहान, संतोष चौहान, सरिता सोनी, मीनू चमडिया, सरला चमडिया, मधु चमडिया, पूजा पेडीवाल, प्रभा गोड, कंचन जांगिड़ आदि द्वारा श्री बालाजी महाराज के भजन प्रस्तुत किए गए जिससे उपस्थित श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे।



अमित गोदारा ने संभाली सरपंच की कमान

सीमा सन्देश # थालड़का। ग्राम पंचायत बुधवालिया में बुधवार को नवनिर्वाचित सरपंच अमित गोदारा ने विधिवत पदभार ग्रहण किया। ग्राम विकास अधिकारी विनोद और पूर्व सरपंच पुष्पा ने उन्हें पदभार ग्रहण करवाया। ग्रामीणों ने उनका स्वागत कर शुभकामनाएं दीं। इस दौरान गोदारा ने कहा कि पंचायत का विकास बिना भेदभाव सभी ग्रामीणों को साथ लेकर किया जाएगा। युवाओं के लिए खेल मैदान विकसित करवाने, शिक्षा एवं चिकित्सा सुविधाओं में सुधार उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने चुनाव में प्रतिद्वंद्वी रहे प्रत्याशियों से भी विकास कार्यों में सहयोग की अपील की। साथ ही सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र परिवारों तक पहुंचाने का भरोसा दिलाया।



नशामुक्त समाज का संकल्प

हनुमानगढ़। संविधान दिवस पर बुधवार को युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत माय भारत हनुमानगढ़ की ओर से राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में ह्यविकसित भारत युवा संवादह्ल कार्यक्रम आयोजित किया गया। ह्यनशामुक्त युवा-विकसित भारतह्ल थीम पर आयोजित कार्यक्रम में युवाओं को संविधान के मूल्यों और नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। यूथ आइकॉन कुशल, स्पोर्ट्स आइकॉन शैलजा और इन्फ्लुएंसर पूनम ने अपने अनुभव साझा कर युवाओं को नशे से दूर रहने और सकारात्मक सोच अपनाने के लिए प्रेरित किया। जिला युवा अधिकारी प्रीति ने कहा कि युवाओं को नशामुक्ति के लिए आगे आकर समाज को जागरूक करना चाहिए।

गांव में नशा नहीं बढ़ने देंगे, ग्रामीण दें साथ, सरपंच ने किया आह्वान

सीमा सन्देश # बरवाली। गांव भरवाना की नवनियुक्त सरपंच रुकसाना ने सरपंच पद का कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर उन्होंने उन्हें सरपंच चुनने के लिए ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे ग्रामीणों के विश्वास पर खरा उतरने का प्रयास करेंगी। उन्होंने ग्रामीणों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि सभी मिलकर गांव में नशे को बढ़ने से रोकें और नशे को समाज से दूर भगाने में अपनी भागीदारी निभाएं। सरपंच प्रतिनिधि सदाम ने कहा कि गांव के विकास के लिए पहले से बेहतर कार्य किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि गांव में पेयजल व्यवस्था सुचारू करना और जनसहयोग से गांव को नशे से बचाना उनकी प्राथमिकता रहेगी।



पल्लू क्षेत्र के दो गांवों के सीमा विवाद में हाईकोर्ट का स्टे

कालासर एवं रेखराखासर गांव की सीमा के संबंध में यथास्थिति के आदेश

सीमा सन्देश # पल्लू। पल्लू तहसील के ग्राम कालासर एवं रेखराखासर के बीच लंबे समय से चल रहा सीमा विवाद अब राजस्थान उच्च न्यायालय पहुंच गया है। प्रभावित काश्तकार मामराज की याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने राजस्व विभाग को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। साथ ही आगामी आदेश तक दोनों गांवों की सीमा पर यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। प्रकरण के अनुसार, वर्ष 1997 में तत्कालीन उपखंड अधिकारी ने दोनों गांवों की सीमा पर एक रास्ता स्वीकृत किया था, जिसे सीमा निर्धारण का आधार माना गया। वर्तमान में यह रास्ता पल्लू-सूरतगढ़ सड़क के नाम से जाना जाता है। भू-प्रबंध एवं सर्वेक्षण कार्यवाही के दौरान 2 जून 2025 को तैयार नक्शे में सड़क को सीमा नहीं मानते हुए सीमा पूर्व दिशा में दर्शाई गई। इस पर काश्तकार मामराज ने आपत्ति दर्ज करवाई। जांच कमेटी ने मौके की स्थिति और राजस्व रिकॉर्ड के आधार पर आपत्ति सही पाई। इसके बाद भू-अभिलेख अधिकारी ने संशोधित नक्शे में सड़क को दोनों गांवों की सीमा मानते हुए आदेश जारी किए। बाद में कालासर के कुछ काश्तकारों की शिकायत पर दोबारा जांच हुई। अतिरिक्त भू-प्रबंध आयुक्त ने पूर्व के संशोधित नक्शों को न्यायोचित नहीं मानते हुए प्रारंभिक नक्शे के आधार पर कार्रवाई की अनुशंसा की। इस आदेश के खिलाफ मामराज ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की। उनकी ओर से अधिवक्ता एनआर बुडानिया ने तर्क दिया कि पूर्व में विधिवत प्रक्रिया से सीमा निर्धारण हो चुका था। उसे बदलने से पहले सक्षम न्यायिक प्रक्रिया अपनाना जरूरी था। साथ ही याचिकाकर्ता को सुनवाई का उचित अवसर भी नहीं दिया गया। तर्कों पर विचार करते हुए हाईकोर्ट ने राजस्व विभाग को नोटिस जारी कर जवाब मांगा तथा दोनों गांवों की विवादित सीमा पर यथास्थिति बनाए रखने के आदेश दिए।



परेशानी : एक माह से बंद पुलिस वेरिफिकेशन साइट

सीमा सन्देश # भादरा। पिछले एक माह से अधिक समय से पुलिस वेरिफिकेशन की ऑनलाइन साइट बंद होने से पूरे हनुमानगढ़ जिले के लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होने वाले विद्यार्थियों, सरकारी व निजी सेवाओं में चयनित अभ्यर्थियों तथा विदेश जाने वाले लोगों को पुलिस सत्यापन करवाने में दिक्कतें आ रही हैं। भाजपा नगर अध्यक्ष एवं पार्षद हरिप्रकाश शर्मा ने विधायक संजीव बेनीवाल को समस्या से अवगत करवाते हुए बताया कि ऑनलाइन साइट बंद होने के कारण लोगों को ऑफलाइन प्रक्रिया अपनानी पड़ रही है। इसके तहत जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय हनुमानगढ़ जाना पड़ता है। वहां से डाक भादरा थाने आती है और फिर वापस हनुमानगढ़ भेजी जाती है। इस लंबी प्रक्रिया में काफी समय लगने के साथ लोगों को आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन व्यवस्था शुरू रहने से सत्यापन का कार्य कम समय में आसानी से पूरा हो सकता है। इस पर विधायक संजीव बेनीवाल ने गृह मंत्रालय के अनुभाग अधिकारी सहित संबंधित अधिकारियों से बातचीत कर समस्या के समाधान का आग्रह किया। विधायक ने जल्द ही साइट दोबारा शुरू होने का आश्वासन दिया, जिससे आमजन को राहत मिल सकेगी।

हनुमानगढ़ : राज्य स्तरीय जूडो चैंपियनशिप के लिए टीम चयन 3 दिसम्बर को

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। उदयपुर में 8 एवं 9 दिसम्बर को आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय सीनियर जूडो चैंपियनशिप के लिए हनुमानगढ़ जिले की टीम का चयन 3 दिसम्बर को किया जाएगा। जिला जूडो संघ के सचिव विनीत बिश्नोई ने बताया कि चयन प्रक्रिया सुबह 10 बजे शहीद मेजर विकास भाम्भू जूडो एकेडमी, हनुमानगढ़ जंक्शन में होगी। पुरुष एवं महिला वर्ग के खिलाड़ियों का विभिन्न वजन वर्गों में चयन किया जाएगा। खिलाड़ी की न्यूनतम आयु 15 वर्ष होनी चाहिए। 18 वर्ष से कम आयु के खिलाड़ियों को अभिभावक का एनओसी लाना होगा। चयन के लिए आधार कार्ड सहित मान्य आयु प्रमाण पत्र और निर्धारित सफेद अथवा नीली जूडो ड्रेस अनिवार्य होगी। संघ ने इच्छुक खिलाड़ियों से समय पर पहुंचने की अपील की है।

सरपंच धर्मपाल कड़ेला ने संभाली कमान



सीमा सन्देश # शेरेकां। ग्राम पंचायत शेरेका के नवनिर्वाचित सरपंच धर्मपाल कंडेला ने पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर उपसरपंच, वार्ड पंच, पंचायत विकास अधिकारी, कनिष्ठ सहायक, अन्य कर्मचारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। पदभार ग्रहण करने के बाद सरपंच धर्मपाल कंडेला ने गांव के विकास और उन्नति के लिए सभी को साथ लेकर कार्य करने का संकल्प लिया। उन्होंने इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त किया।

विधायक प्रतिनिधि बलदेव सिंह बराड़ ने दिलाया भरोसा, पंचायत के विकास में नहीं आने दी जाएगी कोई कमी

मनीषा भाकर ने संभाला मोरजंड खारी ग्राम पंचायत का कार्यभार

सीमा सन्देश # सरदारपुरा जीवन। मोरजंड खारी ग्राम पंचायत की नवनिर्वाचित सरपंच मनीषा भाकर ने बुधवार को विधिवत रूप से ग्राम पंचायत का कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य लोगों की उपस्थिति में पदभार ग्रहण करवाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सादुलशहर विधायक गुरवीर सिंह बराड़ के प्रतिनिधि एवं पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष बलदेव सिंह बराड़ रहे। ग्राम विकास अधिकारी कानाराम राजोरिया ने सरपंच मनीषा भाकर को विधिवत रूप से कार्यभार ग्रहण करवाया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक प्रतिनिधि बलदेव सिंह बराड़ ने कहा कि ग्राम पंचायत के विकास और ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि भाजपा सरकार के आगामी दो वर्षों के शेष कार्यकाल में पंचायत के विकास कार्यों में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि मनीषा भाकर युवा सरपंच हैं और युवाओं में कार्य करने का उत्साह एवं नई सोच होती है। उन्हें उम्मीद है कि सरपंच अपनी जिम्मेदारी को पूरी लगन, ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभाते हुए गांव के सर्वांगीण विकास को नई दिशा देंगी।



ग्रामीणों की उम्मीदों पर खरा उतरने का भरोसा

सरपंच पति आनंद भाकर ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी ग्रामीणों एवं मुख्य अतिथि बलदेव सिंह बराड़ का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों ने मनीषा भाकर पर जो विश्वास जताया है, उस विश्वास पर खरा उतरने का पूरा प्रयास किया जाएगा। पंचायत क्षेत्र में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य करवाना और ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करना प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने ग्रामीणों से पंचायत के विकास में सहयोग करने की अपील भी की। इस अवसर पर विश्वकर्मा इंडस्ट्रीज ग्रुप के अध्यक्ष गुरमीत सिंह महल, सुरजीत सिंह महल, उत्तम सिंह वाला ग्राम पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि इंद्राज गोदारा,सरपंच विश्वास पूनिया कुंभाराम मेघवाल तथा लालगढ़ जाटान के सरपंच पवन गुरुवा। संदीप धनपत मनीराम दारा सिंह ओमप्रकाश सादुल भाकर अजित गोदारा विकाश गोदारा रमनदीप उर्फ रम्मू बराड़ गगन बराड़ जोरा सिंह टिवाना मलकीत सिंह सोहन नायक सुनील भाकर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

ग्रामीणों ने रखीं मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी मांगें

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने गांव की विभिन्न समस्याओं को विधायक प्रतिनिधि के समक्ष रखते हुए उनके समाधान की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में पशु चिकित्सालय भवन बना हुआ है, लेकिन वहां पशु चिकित्सक की नियुक्ति नहीं होने से पशुपालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने पशु चिकित्सक की नियुक्ति करवाने की मांग उठाई। इसके अलावा ग्रामीणों ने गांव के वाटरवर्क्स की टूटी हुई डिग्गी की मरम्मत करवाने तथा वाटर वर्क्स से जुड़े अन्य आवश्यक विकास कार्य करवाने की मांग भी रखी। ग्रामीणों का कहना था कि इन सुविधाओं का सीधा संबंध गांव के आमजन और किसानों की जरूरतों से है, इसलिए इन समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान होना चाहिए।

ग्रामीणों के सहयोग से विकास का संकल्प



सीमा सन्देश # शेरेकां। निकटवर्ती गांव झाम्बर के नवनिर्वाचित सरपंच संदीप सिहाग ने शुभ मुहूर्त में पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर पूर्व सरपंच, डायरेक्टर, जिला परिषद सदस्य, नंदराम की ढाणी के सरपंच, पूर्व सरपंच सहित वरिष्ठ नागरिक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। इस अवसर पर सरपंच संदीप सिहाग ने कहा कि ग्रामवासियों का स्नेह, आशीर्वाद और अटूट विश्वास उनकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने ग्राम पंचायत झाम्बर के सर्वांगीण विकास एवं जनसेवा के संकल्प को पूरा करने के लिए सदैव तत्पर रहने तथा सभी को साथ लेकर विकास कार्य करवाने की बात कही। उन्होंने उपस्थित सभी ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया।

गुरु हरकिशन स्कूल की अनिता स्वामी का राष्ट्रीय वॉलीबाल प्रति. के लिए चयन



सीमा सन्देश # रायसिंहनगर

गुरु हरकिशन पब्लिक स्कूल 11 पीएस सरायसिंहनगर की प्रतिभावान छात्रा अनिता स्वामी पुत्री मुकेश स्वामी का राष्ट्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। अनिता स्वामी श्रीगंगानगर जिले से इस प्रतियोगिता के लिए चयनित होने वाली एकमात्र छात्रा खिलाड़ी हैं, जिससे विद्यालय और पूरे जिले में हर्ष एवं गौरव का माहौल है। संस्था प्रधान बलदेव बराड़, विद्यालय प्राचार्य रोहित गौतम, कोच संजय बिश्नोई व प्रवीण धारणिया ने बताया कि 70वीं राष्ट्रीय विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत 17 वर्षीय छात्रा वर्ग की वॉलीबाल प्रतियोगिता 10 दिसंबर 16 दिसंबर 2026 तक सीकर (राजस्थान) में आयोजित होने जा रही है। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में राज्य दल की ओर से भाग लेने से पूर्व खिलाड़ियों का प्रशिक्षण शिविर 26-11-2026 को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, चौमू, पुरोहितान (सीकर) के तत्वावधान में आयोजित किया जाएगा। अनिता स्वामी की इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर विद्यालय के संस्था प्रधान बलदेव बराड़, विद्यालय प्राचार्य रोहित गौतम, संस्था सह सचिव जोगा सिंह, कोषाध्यक्ष सहज प्रीत सिंह, कोच प्रवीण धारणिंया व संजय बिश्नोई सहित समस्त मैनेजमेंट कमेटी एवं समस्त विद्यालय स्टाफ ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए आभार जताया।

श्रीकरणपुर: सरपंच तथा पंचों ने कार्यभार ग्रहण कर शहीदों को नमन किया



सीमा सन्देश # श्रीकरणपुर

ग्राम पंचायत 46 एफ मौड़ां के नवनिर्वाचित सरपंच डॉ. इकबाल सिंह भुल्लर तथा पंचों ने अपना कार्य भार ग्रहण करने के बाद यहां शहीद ए आजम भगत सिंह चौक पर पहुंच कर शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। विभिन्न गांवों से पहुंचे पंच हरजीत सिंह बडिंगां, हरदीप सिंह मौड़ां, हरप्रीत सिंह मौड़ां, मामराज 36 एफ तथा ममता मेघवाल गांव बडिंगां, रणजीत सिंह उपसरपंच गांव मौड़ां के अलावा बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। नवनिर्वाचित सरपंच डॉ. इकबाल सिंह, नौजवान सभा, भगत सिंह क्लब बड़िंगा के गत 30 वर्ष से सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में खेल खिलाड़ियों तथा भगत सिंह जयंती कार्यक्रमों के भागीदार बनते रहे हैं। वहीं उपसरपंच रणजीत सिंह गत 40 वर्ष से खेत मजदूर यूनियन के सक्रिय कार्यकर्ता तथा मंच के धनी रहे। ममता मेघवाल विद्यार्थियों के संगठन से जुड़ी हुई हैं, हरप्रीत सिंह पंच मौडां अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रह चुके हैं तथा खिलाड़ियों को कोचिंग भी दे रहे हैं।

सूरतगढ़ : भव्य श्री श्याम कीर्तन का आयोजन, भजनों पर झूमे श्रद्धालु

सीमा सन्देश # सूरतगढ़

श्री श्याम सखा व महिला मंडल के तत्वावधान में वाल्मीकि मंदिर के पास प्रेमचंद सिंधी के निवास पर ह्यएक शाम खाटूवाले के नामह्व भव्य श्री श्याम कीर्तन आयोजित हुआ। मुख्य यजमान प्रेमचंद सिंधी व साहिल सिंधी ने सपत्नीक पूजा-अर्चना कर ज्योत प्रज्ज्वलित की। आरती के बाद बाबा श्याम को कढ़ी-खिचड़ा, कढ़ी-कचौरी, छप्पन भोग व ड्राई फ्रूट अर्पित कर प्रसाद वितरित किया गया। भजन संध्या में पल्लू के माधव सरकार, नंदू सांवरिया, पीलीबंगा के सन्नी आर्ट ग्रुप सहित गायक दिनेश सागर, सानू सिंगर, शिवम कुमार, हरशिव व पायल सेठिया ने मधुर प्रस्तुतियां दीं। आयोजन में मंडल अध्यक्ष सोनू बवेजा, अशोक भार्गव, साहिल अंगी, नरेश व हिमांशु नागपाल, जोनी नागपाल व अनुज छाबड़ा, सुभाष छाबड़ा, राजेश चराया, कार्तिक, मनु मदान, अजय कालड़ा, नवल किशोर भोजक, संरक्षक सत्यनारायण तावणिया, पुनीत, अर्जुन, हिमांशु व मोक्ष मिट्ठा ने सेवाएं दीं। सचिव अशोक भार्गव ने आभार जताया।

श्रीमद्भागवत कथा 27 नवंबर से, कलश यात्रा भी निकलेगी

सीमा सन्देश # श्रीकरणपुर

श्रीगंगानगर रोड पर स्थित संन्यास आश्रम - शिव कुटिया के मुख्य पुजारी लोकेशानंद गिरी के सानिध्य में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन 27 नवम्बर से 3 दिसम्बर 2026 तक होगा। आश्रम के सेवादार कजोड़मल मीणा ने बताया कि इस उपलक्ष में कलश यात्रा 26 नवम्बर दोपहर 2 बजे निकाली जाएगी व 27 नवम्बर से 3 दिसम्बर तक कथावाचक डॉ. श्री स्वामी शिवज्योतिषानन्द महाराज 'वेदान्ताचार्य' (श्री संन्यास आश्रम, अजमेर) कथा श्रवण कराएंगे। कथा वाचन का समय दोपहर 1:15 बजे से शाम 4:15 बजे तक रहेगा व कथा स्थानीय श्रीअरोड़वंश भवन, नजदीक दुर्गा मंदिर में हुआ करेगी। स्वामी लोकेशानन्द जी गिरी, बाबा विश्वनाथ शिव, शनि, दक्षिण मुखी हनुमान मन्दिर (स्वामी जी की कुटिया) ने समस्त क्षेत्र वासियों से श्रीमद्भागवत कथा श्रवण कर जीवन सफल बनाने का आग्रह किया है। उन्होंने बताया कि कलश यात्रा श्री अरोड़वंश भवन से प्रारम्भ होगी व कलश यात्रा के लिए कलश, नारियल, पत्ते एवं अन्य सामग्री श्री अरोड़वंश भवन में ही उपलब्ध करवाए जाएंगे।



कार्तिक पूर्णिमा उपलक्ष्य में हनुमान मंदिर में किया बालाजी का गुणगान

सीमा सन्देश # सूरतगढ़। कार्तिक पूर्णिमा के उपलक्ष्य में मनोकामनेश्वर श्री बालाजी युवा प्रसाद और लंगर वितरित किया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक संजय कौशिक ने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा पर ट्रस्ट की ओर से सालासर स्थित श्री बालाजी धाम में श्री राम मंदिर के पास, माता अंजना मंदिर के सामने स्थित श्री तिरुपति बालाजी मंदिर के समीप तथा श्री खाटू श्याम बाबा धाम में भी लंगर की व्यवस्था की गई। इस दौरान साहिल कौशिक, राजेश जतानी देव, गौरांग, कमल, विमल, टीना शर्मा, एलिश कौशिक, परी मेघवाल सहित अन्य सेवादारों का सराहनीय योगदान रहा।



स्टूडेंट्स को श्रीगंगानगर के कॉलेज में दिया जा रहा है प्रशिक्षण, तत्कालीन विधायक जांगिड ने छह फैकल्टी वाला कॉलेज करवाया था स्वीकृत

लोकार्पण के इंतजार में सरकारी आईटीआई भवन, 11 करोड़ रु. की लागत से सात बीघा भूमि में बना है भवन

रवि गोयल

सीमा सन्देश # सादुलशहर। कस्बे से चिपते गांव गद्दरखेडा की रोही में करीब तीन वर्ष पूर्व तत्कालीन विधायक जगदीशचंद्र जांगिड द्वारा तत्कालीन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सरकार के कार्यकाल में स्वीकृत करवाया गया छह फैकल्टी वाला आईटीआई संस्थान एवं सभी सुविधाओं से युक्त भवन का निर्माण पूरा होने के बाद अब लोकार्पण के इंतजार में है। अडचन पर अडचन आने के कारण अभी भी कॉलेज प्रबंधन को हैंड ऑवर करने में टाइम लगाया जा रहा है। इसी कारण गत तीन वर्षों से सादुलशहर आइटीआई कॉलेज के स्टूडेंट्स को श्रीगंगानगर के सरकारी आईटीआई कॉलेज में एक मात्र संकाय मैकेनिक डीजल में ही प्रतिवर्ष 24 स्टूडेंट्स को प्रवेश दिया जा रहा है परंतु कक्षाएं श्रीगंगानगर के सरकारी आईटीआई कॉलेज में संचालित हो रही हैं। इससे क्षेत्र के स्टूडेंट्स एवं अभिभावकों में काफी नाराजगी देखने को मिल रही है।



बिजली कनेक्शन के लिए जमा करवा रखी है फाइल

आईटीआई कॉलेज के प्रिंसीपल सुशील कुमार जांदू ने बताया कि बिजली कनेक्शन के लिए सादुलशहर सहायक अभियंता कार्यालय में फाइल जमा करवाने के साथ-साथ डिमांड नोटिस के अनुसार करीब सात लाख रूपए भी जमा करवा दिए गए हैं। संभावना है कि जल्द ही कनेक्शन मिल जाएगा। वहीं सात बीघा का पट्टा होने के बावजूद अब मौके पर छह बीघा के करीब है। इसलिए अब पुनः छह बीघा का पट्टा जारी करवाने के लिए सादुलशहर एसडीएम तथा श्रीगंगानगर जिला कलेक्टर को पत्र भिजवाए गए हैं। प्रक्रिया पूरी होने पर छह बीघा का पट्टा जारी करवाया जाएगा। गत तीन वर्षों से सादुलशहर आईटीआई कॉलेज के प्रवेश श्रीगंगानगर आईटीआई कॉलेज में दिलाए जा रहे हैं।

भूमि पर अतिक्रमण, बिजली कनेक्शन, चारदीवारी का न होना बनी मुसीबत

मिली जानकारी के अनुसार, निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद अब बिजली कनेक्शन, एक बीघा भूमि पर अतिक्रमण होने की बात कहकर कॉलेज भवन का हैंड ऑवर होना अधरझूल में लटका रखा है। इसका खामियाजा क्षेत्र के स्टूडेंट्स एवं अभिभावकों को भुगतना पड रहा है।

जनप्रतिनिधि बोले: जांगिड ने दिलाई थी स्वीकृति, उपलब्ध करवाया था बजट

जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव वरिष्ठ अधिवक्ता कृष्ण अलीपुरा, पीसीसी सदस्य हर्ष बंसल, युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव शिवा राजपूत, पार्षद प्रतिनिधि छिंद्रपाल चावला, करडवाला ब्लाक अध्यक्ष एवं पूर्व सरपंच देवीलाल मेघवाल, एडवोकेट नरेश गर्ग आदि ने बताया कि पूर्व विधायक जगदीश चंद्र जांगिड की दिली मंशा थी कि क्षेत्र के स्टूडेंट्स को छह फैकल्टी में प्रशिक्षण लेने के लिए संभाग स्तर की सरकारी आईटीआई कॉलेज सादुलशहर में ही खुले। इसलिए तत्कालीन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से आग्रह कर छह फैकल्टी वाला सरकारी आईटीआई संस्थान स्वीकृत करवाया। सभी सुविधाओं से युक्त कॉलेज भवन के निर्माण के लिए मुख्यमंत्री बजट घोषणा वर्ष 2020-21 अंतर्गत उक्त आईटीआई कॉलेज भवन के निर्माण के लिए 10 करोड 45 लाख 50 हजार रूपए का बजट स्वीकृत करवाया। यही नहीं राशि भी उपलब्ध करवाकर 22-05-2023 को भवन का शिलान्यास कर कार्य शुरू करवाया गया। अब भवन का कार्य करीब-करीब पूरा हो चुका है। फिर भी कॉलेज को शुरू नहीं किया गया है। इससे स्टूडेंट्स एवं अभिभावकों में रोष देखने को मिल रहा है।

मैनेजमेंट चेयरमैन बोले: सात बीघा का दिया था पट्टा, अब मौके पर छह बीघा है

श्रीगंगानगर-करणपुर-बीकानेर महिला आईटीआई कॉलेज मैनेजमेंट के चेयरमैन राम सिंह कडवासरा ने बताया कि उक्त आईटीआई कॉलेज भवन का निर्माण करीब-करीब पूरा हो चुका है। भवन के लिए करीब सात बीघा भूमि का पट्टा देकर कॉलेज प्रबंधन को उपलब्ध करवाया गया था परंतु अब करीब एक बीघा भूमि कम है। इसलिए एक बीघा भूमि का पट्टा कम करने की प्रक्रिया शुरू करवाई गई है। उम्मीद है कि सभी प्रक्रिया शीघ्र पूरी करवाकर आगामी सत्र से इसी कॉलेज में प्रवेश शुरू करवा दिए जाएंगे।

पदमपुर : सरकारी अस्पताल की बदहाली पर फूटा कांग्रेस का गुस्सा, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

सीमा सन्देश # पदमपुर

राजकीय चिकित्सालय में व्याप्त अव्यवस्थाओं और चिकित्सकों के रिक्त पड़े पदों को भरने की मांग को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर कांग्रेस अध्यक्ष राजकरण गिल के नेतृत्व में उपखंडाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। तीन दर्जन से अधिक कार्यकर्ताओं व पार्षदों ने ज्ञापन देकर प्रशासन को चेताया है कि यदि 10 दिसंबर तक अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार नहीं हुआ, तो 11 दिसंबर से पार्टी की ओर से अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा। इसके साथ ही बीबी नहर स्थित सड़क के निर्माण की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई।



ज्ञापन सौंपने के दौरान कांग्रेस नेताओं ने अस्पताल की बदहाल स्थिति पर कड़ा आक्रोश जताते हुए राज्य सरकार के नेतृत्व पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि स्थानीय सरकारी अस्पताल की व्यवस्थाएं पूरी तरह 'राम भरोसे' चल रही हैं। अस्पताल में न तो डॉक्टरों के आने का कोई समय निर्धारित है और न ही जाने का। सरकार द्वारा रोगियों को 600 से अधिक निःशुल्क दवाइयां उपलब्ध करवाने के दावे महज कागजों में सिमट कर रह गए हैं। चिकित्सकों का अभाव लंबे समय से गरीब मरीजों के लिए सबसे गंभीर समस्या बना हुआ है। इसके अलावा कार्यकर्त्ताओं ने बीबी नहर क्षेत्र को गंदगी से मुक्त करने के लिए वहां पक्की सड़क बनवाने की भी पुरजोर मांग रखी।

इस मौके पर राकेश शर्मा, एडवोकेट धीरज अरोड़ा, पार्षद निखिल अरोरा, येतेंद्र राणा, राजकुमार बाजीगर, पार्षद प्रतिनिधि जसा बाजीगर, हनुमान निरानिया, जीत सिंह, जोगेंद्र हांडा, वरुण जिंदल, विनोद गौड़ व भूपेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सरपंच ने संभाला कार्यभार, विधायक ने दिलाई शपथ



सीमा सन्देश # लाधुवाला

निकटवर्ती ग्राम पंचायत महियांवाली की नवनिर्वाचित सरपंच ईशा इंद्रसेन कासनिया ने बुधवार को विधिवत रूप से अपना पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में श्रीगंगानगर विधायक जयदीप बियानी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। विधायक जयदीप बिहाणी ने नवनिर्वाचित सरपंच ईशा इंद्रसेन कासनिया को शपथ दिलाई और उन्हें सरपंच की कुर्सी पर बिठाकर उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। इससे पूर्व पंडित दिनेश शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना करवाई। ग्राम विकास अधिकारी (विडिओ) विनोद सुथार की मौजूदगी में निवर्तमान सरपंच राकेश बेनीवाल ने उन्हें कार्यभार सौंपा। पूर्व सरपंच नथूराम कासनिया, भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष सतपाल कासनिया, ओम प्रकाश कासनिया, अनिल कासनिया, रणवीर कासनिया, संदीप दहिया अंबुज कासनिया, पंचायत समिति सदस्य नाथूराम, शंकर लाल मेघवाल व कासनिया परिवार के सदस्यों सहित मनोहर लाल पेंसिया और बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

कीकरवाली पंचायत में महिला शक्ति का परचम

सीमा सन्देश # कीकरवाली। स्थानीय ग्राम पंचायत के चुनावों में इस बार महिला शक्ति बढ़-चढ़कर आगे आई। सरपंच पद अनुसूचित जाति की महिला के लिए आरक्षित होने पर श्रीमती प्रियंका रानी नवनिर्वाचित सरपंच बनीं, जबकि उपसरपंच पद पर श्रीमती प्रवीण शाह को सर्वसम्मति से चुना गया। इसके अलावा चार वार्डों में भी महिला उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की। ग्रामीणों ने नवनिर्वाचित सरपंच प्रियंका रानी को घोड़ी पर बैठाकर विजय रैली निकाली। गांव में जगह-जगह ढोल-नगाड़ों और माल्यार्पण से उनका भव्य स्वागत हुआ। इस मौके पर सरपंच प्रियंका रानी ने कहा कि वे बालिका शिक्षा और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सदैव तत्पर रहकर कार्य करेंगी। जीत की खुशी में महिलाओं ने डीजे की धुन पर नृत्य किया और ग्रामीणों ने मिठाई बांटी।

मुकन सरपंच रामप्यारी ने विधिवत कार्यभार संभाला

सीमा सन्देश # मुकन

ग्राम पंचायत 2 एफसी मुकन की नवनिर्वाचित सरपंच रामप्यारी बावरी ने बुधवार को विधिवत रूप से कार्यभार ग्रहण किया। कार्यभार ग्राम विकास अधिकारी नीरज शर्मा ने ग्रहण करवाया। सरपंच ने बताया कि पूरे ग्राम पंचायत क्षेत्र में विकास कार्य करवाने के साथ-साथ साफ सफाई रोशनी एवं खेल क्षेत्र में विशेष फोकस रहेगा। क्षेत्र के बच्चों को ज्यादा से ज्यादा शिक्षा से जोड़ने का कार्य सभी के सहयोग से किया जाएगा। सरपंच पति रामप्रकाश बावरी ने कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करवाना उनकी प्राथमिकता है। गांव के प्रत्येक वार्ड में जरूरत के अनुसार विकास कार्य करवाए जाएंगे। इस अवसर पर



निहालचंद बिश्नोई, दीपक ग्रोवर, मघाराम बावरी, हरिराम बावरी, भोलू राम बावरी, सुंदरलाल वर्मा, हीरालाल बावरी, श्योप्रकाश गढ़वाल, सुभाष गढ़वाल, भगवान गढ़वाल, बलकरण सिंह, हजूर सिंह, जयंती प्रकाश सारस्वत, चुन्नीलाल बावरी, बाली बिश्नोई, गोविंद राम बावरी, भगत राम बावरी, ओमप्रकाश सुथार, भगत अमरजीत बावरी, त्रिलोक चंद खिलेरी, पूनम चंद पुन्दड़, नवनीत, सुखजिंदर, पूर्व सरपंच नानकी देवी व ग्रामीणों द्वारा गुलदस्ता भेंटकर व पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। वार्ड पंच मक्खन सिंह, लालचंद, पवन कुमार, राम प्रकाश, प्रियंका, सुनीता, उप सरपंच दुर्गा उपस्थित रहे।

नवागंतुक विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों व योग से बांधा समां



सीमा सन्देश # सूरतगढ़

स्व. गुरुशरण छाबड़ा राजकीय महाविद्यालय में फ्रेशर-2026 कार्यक्रम उत्साह, उमंग व सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बीच आयोजित हुआ। महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में प्राचार्य डॉ. कमलजीत सिंह की अध्यक्षता में कार्यक्रम का शुभारंभ संकाय सदस्यों ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया। आयोजन समिति के कन्वीनर पीतांबर मंगानी ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की।

प्राचार्य डॉ. कमलजीत सिंह ने कहा कि फ्रेशर जैसे आयोजनों से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास व रचनात्मकता बढ़ती है। इस दौरान नवागंतुक छात्र-छात्राओं ने राजस्थानी, हिंदी व पंजाबी गीतों, फैशन शो, कविता पाठ व एकल गायन के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। थाईलैंड में वर्ल्ड फिटनेस फेडरेशन की प्रतियोगिता में योग प्रतिभा दिखाकर सूरतगढ़ का नाम रोशन करने वाली छात्रा मानवी ने विशेष प्रस्तुति दी। प्रतियोगिताओं के निर्णायक मंडल में डॉ. रंजीत कौर, डॉ. सुनील पूनिया व लक्ष्मी देवी नंदा शामिल रहे। परिणाम में बीए प्रथम वर्ष के रेहान खान मिस्टर फ्रेशर व बीएससी प्रथम वर्ष की निशा कुमारी मिस फ्रेशर चुनी गईं। प्राचार्य डॉ. कमलजीत सिंह, डॉ. रंजीत कौर, डॉ. सुनील पूनिया, लक्ष्मी देवी नंदा व छात्रसंघ अध्यक्ष साहिल गेदर ने विजेताओं को ताज पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ विद्यार्थी अंकुर शीला व छात्रा प्रभनूर कौर ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर जयंत मल्होत्रा, डॉ. महबूब मुगल, लेफ्टिनेंट राजन सिंह, कुलदीप भारतीय, डॉ. गौरीशंकर निमिवाळ, सरस्वती देवी, डॉ. श्रुति जैन, करणीदान बारहट, पवन ओझा, वीरेंद्र सिंह, विपिन शर्मा, मांगीलाल पंवार, अभिनव, जयकुमार, मोना, ज्योति सोनी व ज्योत्सना सहित संकाय सदस्य, एनसीसी कैडेट्स व विद्यार्थी मौजूद रहे। अंत में इवेंट कन्वीनर पारुल भटेजा ने आभार जताया।

रोडवेज स्मार्ट कार्ड बनवाने का शिविर 6 दिसंबर को

सीमा सन्देश # श्रीविजयनगर

वरिष्ठ नागरिकों के लिए राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की ओर से रोडवेज स्मार्ट कार्ड बनवाने की सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। इसके तहत महावीर इंटरनेशनल केंद्र एवं स्थानीय नगरपालिका के संयुक्त तत्वावधान में 6 दिसंबर को नगरपालिका परिसर में प्रातः 9 से दोपहर 2 बजे तक विशेष शिविर लगाया जाएगा। महावीर इंटरनेशनल केन्द्र के अध्यक्ष श्याम लाल तिन्ना ने बताया कि शिविर में 60 वर्ष या इससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक रोडवेज स्मार्ट कार्ड बनवा सकेंगे। इस कार्ड से उन्हें रोडवेज बस किराये में 50 प्रतिशत तक की छूट का लाभ मिलेगा। स्मार्ट कार्ड आवेदकों को आयु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं जन आधार कार्ड की एक-एक फोटो कॉपी तथा एक नवीनतम रंगीन फोटो जमा करवानी होगी। आवेदन फॉर्म 26 नवंबर से 5 दिसंबर तक स्थानीय प्रताप प्रिंटर्स पर प्राप्त एवं जमा करवाये जा सकेंगे। आवेदक वरिष्ठ नागरिक 15 जनवरी 2027 से प्रताप प्रिंटर्स से अपने स्मार्ट कार्ड प्राप्त कर सकेंगे।

संतो देवी का स्वर्गवास



लाधुवाला। स्थानीय गांव निवासी स्व. चौधरी शिवदत्त सहारण की धर्मपत्नी संतो देवी का गत दिनों स्वर्गवास हो गया। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़कर की गई हैं। संतो देवी सुखबीर सहारण व घनश्याम सहारण की माता थीं। उनके निधन पर उनके आवास पर शोक संवेदनाएं प्रकट करने के लिए इलाके के अनेक गणमान्य नागरिक पहुंच रहे हैं।

कार्यक्रम | **पशु विज्ञान केंद्र में एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित**

पशुओं के स्वास्थ्य के लिए टीकाकरण जरूरी : डॉ. बेरवाल

सीमा सन्देश # सूरतगढ़

पशुओं को विभिन्न संक्रामक बीमारियों से बचाने व स्वस्थ रखने के लिए नियमित टीकाकरण व कृमिनाशक दवा का प्रबंधन बेहद जरूरी है। समय पर टीकाकरण पशुओं को गंभीर बीमारियों से बचाने में सुरक्षा कवच का काम करता है। यह बात पशु विज्ञान केंद्र के प्रभारी अधिकारी डॉ. राजकुमार बेरवाल ने श्रीगंगानगर में आयोजित एक दिवसीय गैर संस्थागत प्रशिक्षण शिविर में कही। शिविर का विषय पशुओं में टीकाकरण व कृमिनाशक दवा का महत्व रखा गया था। डॉ. बेरवाल ने पशुपालकों को बताया कि जिस प्रकार मनुष्यों में रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित करने के लिए टीकाकरण आवश्यक है, उसी प्रकार



पशुओं को संक्रामक रोगों से बचाने के लिए समय पर टीके लगवाना जरूरी है। इससे पशुपालकों को संक्रामक रोगों के कारण होने वाले आर्थिक नुकसान से बचाया जा सकता है। उन्होंने खुरपका-मुंहपका, गलघोटू व लंगड़ा बुखार जैसी गंभीर बीमारियों से बचाव के उपायों और टीकाकरण सारणी की जानकारी दी। प्रभारी ने बताया कि पेट में परजीवी कीड़े होने से पशुओं का शारीरिक विकास प्रभावित होता है तथा वे कमजोर हो जाते हैं। इससे वजन नहीं बढ़ना, बाल झड़ने, यौवन अवस्था में देरी, बांझपन और भोजन का उचित पाचन नहीं होने जैसी समस्याएं हो सकती हैं। उन्होंने कृमिनाशक दवा देने की सही विधि व निर्धारित अंतराल के साथ पाइका रोग के लक्षण व बचाव के उपाय भी बताए। प्रशिक्षण में पशु विज्ञान केंद्र की प्रयोगशाला में दूध, मूत्र व गोबर की जांच की सुविधा तथा हरे चारे के रूप में अजोला के महत्व व लाभ पर भी प्रकाश डाला गया। अंत में डॉ. बेरवाल ने पशुपालकों के सवालों के जवाब दिए। शिविर में कुल 30 पशुपालकों ने भाग लिया।

Email : advt.seemasandesh@gmail.com
CLASSIFIED
99280-38379, 95095-96000
विज्ञापनों के संबंध में पाठक कृपया अपने विवेक से निर्णय लें। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों के दावों के लिए सीमा सन्देश जिम्मेदार नहीं रहेगा।


ग्लोबल न्यूज

3.5 बिलियन से ज्यादा यूजर्स का डेटा हुआ लीक, यूजरनेम, पासवर्ड और दस्तावेज शामिल



शोधकर्ताओं ने डेटा लीक के दो ऐसे मामलों का पता लगाया है जिनमें कुल मिलाकर 3.5 बिलियन+ यूजर्स का डेटा उजागर हुआ है। बकौल रिपोर्ट्स, ये इतिहास के सबसे बड़े डेटा लीक मामलों में शामिल हो सकते हैं। लीक हुए डेटा में दर्जनों देश के लोगों के यूजरनेम, पासवर्ड और दस्तावेज शामिल हैं जिससे उनका अकाउंट हैक हो सकता है।

सऊदी अरब पर हमले से भारत चिंतित, घायल भारतीयों की मदद में जुटा दूतावास



रियाद (सऊदी अरब) में 24 नवंबर को हुए हमले की भारत ने कड़ी निंदा की है। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, हमले में दो भारतीय नागरिक घायल हुए हैं। रियाद स्थित भारतीय दूतावास घायलों और उनके परिवारों को हर संभव मदद दे रहा है। भारत ने सऊदी अरब के नागरिक और आर्थिक ठिकानों पर हमले तत्काल रोकने की मांग की है।

फ्लिपकार्ट के सीईओ कल्याण कृष्णमूर्ति दे सकते हैं इस्तीफा: रिपोर्ट



मनीकंट्रोल के अनुसार, वॉलमार्ट के स्वामित्व वाली फ्लिपकार्ट के ग्रुप सीईओ कल्याण कृष्णमूर्ति आने वाले सप्ताहों में इस्तीफा दे सकते हैं। इसके साथ ही कंपनी में उनका एक दशक लंबा जुड़ाव खत्म हो जाएगा। बकौल रिपोर्ट, कृष्णमूर्ति के संभावित इस्तीफे को लेकर चल रही अटकलों के बीच फ्लिपकार्ट ने एक आपातकालीन टाउन हॉल मीटिंग बुलाई है।

आउटेज के बाद माइक्रोसॉफ्ट ने 'कोड रेड' घोषित किया



माइक्रोसॉफ्ट ने 12-13 नवंबर के 24 घंटे लंबे आउटेज के बाद 'कोड रेड' की घोषणा की है। इसके तहत लोड शेडिंग, ट्रैफिक विभाजन और एक घंटे में समस्या सुलझाने का लक्ष्य रखा गया है। अकएजेंट्स तैनात करने की भी योजना है। कंपनी ने साइबर हमले की संभावना से इनकार किया।

एआई आधारित साइबर हमलों में बढ़ोतरी, कमजोर सुरक्षा व्यवस्था की खुली पोल; यूके ने दी चेतावनी



ब्रिटेन के नैशनल साइबर सिक्योरिटी सेंटर (NCSC) ने अक आधारित साइबर हमलों में तेजी से बढ़ोतरी को लेकर चेतावनी दी है। हैकर्स अब ऑटोनॉमस टूल्स की मदद से नेटवर्क की कमजोरियां खोजकर उनमें सेंध लगा रहे हैं। सितंबर से ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जिनमें संगठनों के सिस्टम में अनधिकृत पहुंच बनाई गई और कामकाज प्रभावित हुआ।

500 वेप्स से इंजीनियर ने बना डाला पावर बैंक, 8 घंटे तक बिना बिजली के चलता रहा घर




ब्रिटेन के 26 वर्षीय इंजीनियर क्रिस डोएल ने फेंके गए 500 वेप से लिथियम बैटरियां निकालकर 2.5 किलोवॉट-घंटे क्षमता का बैटरी पैक बनाया है। इससे उनका घर आठ घंटे तक बिना ग्रिड बिजली के चला। उन्होंने माइक्रोवेव, इलेक्ट्रिक कैटल और लाइटें भी चलाईं। इसके लिए उन्होंने करीब 2,000 पुराने वेप जुटाए और छह महीने तक बैटरियां निकालने का काम किया।

नेपच्यून के पार मिला पृथ्वी से दोगुना बड़ा प्लैनेट 2 ग्रह, द्रव्यमान भी दोगुना!



वैज्ञानिकों के एक समूह का मानना है कि हमारे सौरमंडल में नेपच्यून ग्रह से काफी आगे एक नया ग्रह 'प्लैनेट 2' छिपा हो सकता है जिसका द्रव्यमान पृथ्वी से दोगुना हो सकता है। कंप्यूटर सिमुलेशन बताते हैं कि यह बर्फीलें पिंडों की अजीब कक्षीय गतिविधियों की व्याख्या कर सकता है। यह सूर्य के करीब 200 अव से ज्यादा नजदीक नहीं आता।



विरासत की झलक; 'भारत के किलों का मोती' ग्वालियर दुर्ग का मान मंदिर महल

ग्वालियर। मध्य प्रदेश में गोपाचल पर्वत पर करीब 300 फीट की ऊंचाई पर स्थित ऐतिहासिक ग्वालियर किले का मान मंदिर महल भारतीय स्थापत्य कला का अद्भुत नमूना है। 15वीं शताब्दी में राजा मान सिंह तोमर द्वारा निर्मित यह 80 फीट ऊंचा महल अपनी अनूठी नीली-पीली सिरेमिक टाइल्स, जालीदार पत्थर की नक्काशी, संगीतमय प्रांगण और भूमिगत तहखानों के लिए प्रसिद्ध है। सामरिक मजबूती और बेमिसाल सुंदरता के कारण इसे 'भारत के किलों का मोती' कहा जाता है।

टेस्ट अपडेट ● ऑस्ट्रेलिया टीम के खिलाड़ी मिचेल स्टार्क (881 अंक) दुनिया के नंबर-1 गेंदबाज, दोनों के बीच 25 अंक का फासला

आईसीसी रैंकिंग-टॉप 10 टेस्ट बैटर्स में तीन भारतीय शामिल : पंत छठे, गिल 7वें और जायसवाल 9वें नंबर पर पहुंचे; बॉलर्स में जसप्रीत बुमराह नंबर-1 के करीब

आईसीसी के टेस्ट बैटर्स की रैंकिंग में भारत के 3 बैटर्स टॉप-10 में शामिल हो गए हैं। इनमें ऋषभ पंत (छठे), कप्तान शुभमन गिल (7वें) और यशस्वी जायसवाल (नौवें) स्थान पर हैं। बुधवार को जारी ताजा रैंकिंग में विकेटकीपर पंत को 3, गिल को एक और जायसवाल को 5 स्थान का फायदा हुआ है।

न्यूजीलैंड के खिलाफ वेलिंगटन टेस्ट में पंत ने 128, गिल ने 98 और जायसवाल ने 85 रन बनाए थे। इसका भारतीय बैटर्स को फायदा मिला है।

पंत भारत के टॉप रैंकिंग वाले बैटर्स

ऋषभ पंत भारत के सबसे ऊंची रैंकिंग वाले बैटर्स हैं। उनकी 128 रन की पारी से वे एक स्थान ऊपर छठे नंबर पर पहुंचे। टेस्ट कप्तान शुभमन गिल तीन स्थान ऊपर चढ़कर 7वें नंबर पर पहुंच गए। यशस्वी जायसवाल पांच स्थान ऊपर चढ़कर नौवें नंबर पर पहुंच गए। केएल राहुल ने भारत की ओर से सबसे ज्यादा 136 रन बनाए। भारत ने 9 विकेट पर 720 रन बनाकर पारी घोषित की थी। राहुल चार स्थान ऊपर चढ़कर 25वें नंबर पर पहुंच गए। देवदत्त पडिक्कल के 80 रन से उनकी रैंकिंग में 15 स्थान का सुधार हुआ। वह अब 39वें नंबर पर हैं।



रबाडा को टेस्ट ऑलराउंडर्स रैंकिंग में भी फायदा : कगिसो रबाडा को टेस्ट ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में भी फायदा हुआ है। वे 10वें स्थान पर आ गए हैं। न्यूजीलैंड के ग्लेन फिलिप्स 12वें स्थान पर पहुंच गए हैं। इस सूची में साउथ अफ्रीका के मार्को यानसन टॉप पर हैं। जबकि, भारतीय ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा दूसरे स्थान पर है। वॉशिंगटन सुंदर को 2 स्थान का नुकसान है। वे 9वें स्थान पर हैं।

वनडे रैंकिंग में बेन डकेट 3 स्थान ऊपर आए : वनडे रैंकिंग में इंग्लैंड के बेन डकेट तीन स्थान ऊपर चढ़कर चौथे नंबर पर पहुंच गए हैं। टी-20 रैंकिंग में इंग्लैंड के आदिल राशिद दूसरे बॉलर्स और फिल सॉल्ट बैटर्स में छठे नंबर पर आ गए हैं। टॉम बैंटन भी 26 स्थान की छलांग लगाकर 34वें नंबर पर पहुंच गए हैं।



बुमराह-रॉबिन्सन संयुक्त दूसरे स्थान पर

गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह (856 रेटिंग पॉइंट्स) संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर आ गए हैं। उन्हें तीन स्थान का फायदा हुआ है। ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क (881 अंक) दुनिया के नंबर-1 गेंदबाज हैं। दोनों के बीच 25 अंक का फासला है। साउथ अफ्रीका के कगिसो रबाडा दो स्थान ऊपर चढ़कर छठे और पाकिस्तान के मोहम्मद अब्बास 12वें नंबर पर पहुंच गए हैं।

सेंचुरियन टेस्ट ● मुल्डर और मार्को के साथ 106 की पार्टनरशिप, सीरीज 2-0 से जीती

मुल्डर का ऑलराउंड प्रदर्शन

द. अफ्रीका ने बांग्लादेश को पारी व 219 रन से हराया



सेंचुरियन। साउथ अफ्रीका ने दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे ही दिन बुधवार को बांग्लादेश को एक पारी और 219 रन से करारी शिकस्त देकर दो मैचों की सीरीज 2-0 से क्लीन स्वीप कर ली। इस शानदार जीत के साथ साउथ अफ्रीका की टीम वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के पॉइंट्स टेबल में नंबर-1 स्थान पर बरकरार है।

पहली पारी में 91 रन पर ढेर हुआ बांग्लादेश : मुकाबले में बांग्लादेश की पहली पारी साउथ अफ्रीकी तेज गेंदबाजों के सामने महज 33.3 ओवर में 91 रन पर सिमट गई। टीम के केवल तीन बल्लेबाज ही दहाई का आंकड़ा छू सके, जिनमें ओपनर महफिजुल इस्लाम ने सर्वाधिक 23, तौहीद हृदोय ने 19 और मोमिनुल हक ने 18 रन बनाए। साउथ अफ्रीका की ओर से कगिसो रबाडा ने 23 रन और मार्को यानसन ने 17 रन देकर 3-3 विकेट झटके। एनरिक नॉर्खिया को 2, जबकि वियान मुल्डर और साइमन हार्मर को 1-1 सफलता मिली।

मुल्डर की घातक गेंदबाजी, 184 रन पर सिमटी दूसरी पारी

दूसरी पारी में बांग्लादेश ने तंजीद हसन तमीम और महफिजुल इस्लाम की 58 रन की ओपनिंग साझेदारी से संभलने की कोशिश की। तौहीद हृदोय ने 41 और कप्तान नजमुल हुसैन शांतो ने 34 रन बनाए, लेकिन मुल्डर की घातक गेंदबाजी (11 ओवर में 31 रन देकर 7 विकेट) के सामने बांग्लादेश ने आखिरी 6 विकेट महज 26 रन के भीतर गंवा दिए और पूरी टीम 184 रन पर आउट हो गई। यानसन को 2 और रबाडा को 1 विकेट मिला।

द. अफ्रीका की जीत के हीरो वियान मुल्डर

07 खिलाड़ियों को आउट भी किया मुल्डर ने

साउथ अफ्रीका की इस ऐतिहासिक जीत के सबसे बड़े नायक ऑलराउंडर वियान मुल्डर रहे, जिन्होंने बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन किया। मुल्डर ने पहली पारी में 178 गेंदों पर अपने टेस्ट करियर का पांचवां शतक (100 रन) जड़ा और सातवें विकेट के लिए मार्को यानसन के साथ 106 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी निभाई। इसके बाद गेंदबाजी में भी कहर बरपाते हुए उन्होंने पहली पारी में 1 विकेट और दूसरी पारी में महज 11 ओवर में 31 रन देकर 7 बांग्लादेशी बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। मैच में शतक और कुल 8 विकेट लेकर उन्होंने टीम की जीत सुनिश्चित की।

एकरमैन-मुल्डर के शतक, 494 रन का विशाल स्कोर

जवाब में साउथ अफ्रीका ने अपनी पहली पारी में 494 रन का विशाल स्कोर खड़ा कर 403 रन की बढ़त हासिल की। मारकेस एकरमैन ने 138 गेंदों में 23 चौकों और 4 छक्कों की मदद से 150 रन की लगातार दूसरी शतकीय पारी खेली। वहीं, ऑलराउंडर वियान मुल्डर ने 178 गेंदों पर अपने करियर का पांचवां टेस्ट शतक (100 रन) जड़ा। निचले क्रम में मार्को यानसन (नाबाद 67) ने मुल्डर के साथ सातवें विकेट के लिए 106 रन जोड़े, जबकि टोनी डी जॉर्जी ने 66 रन का योगदान दिया। बांग्लादेश के लिए शोरिफुल इस्लाम और खालिद अहमद ने 2-2 विकेट लिए।

आईपीएल ऑक्शन में रचा जाएगा इतिहास पहली बार एक साथ उतरेंगे बाप-बेटे

अफगानिस्तान टीम के मोहम्मद नबी और बेटे हसन ने कराया रजिस्ट्रेशन



इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2027 के आगामी मिनी ऑक्शन को लेकर क्रिकेट जगत में खासा उत्साह है। इस बार नीलामी की सूची में एक बेहद अनोखा और ऐतिहासिक अध्याय जुड़ने जा रहा है। अफगानिस्तान के अनुभवी ऑलराउंडर मोहम्मद नबी और उनके बेटे हसन ईसाखिल ने एक साथ ऑक्शन के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है। आईपीएल के अब तक के इतिहास में यह पहला अवसर है जब पिता और पुत्र की जोड़ी नीलामी में साथ उतरी है। दोनों खिलाड़ियों ने अपना बेस प्राइस भी तय कर दिया है। मोहम्मद नबी का आधार मूल्य 1 करोड़ और हसन ईसाखिल का बेस प्राइस 75 लाख रखा गया है। इस मिनी ऑक्शन के लिए देश-विदेश से कुल 1220 खिलाड़ियों ने अपना नाम दर्ज कराया है, जिससे नीलामी बेहद रोमांचक होगी।

आईपीएल 2027 मिनी ऑक्शन के लिए 1,220 खिलाड़ियों ने कराया पंजीकरण

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2027 के आगामी सीजन को लेकर क्रिकेट जगत में तैयारियां तेज हो गई हैं। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के लिए मिनी ऑक्शन का आयोजन 16 दिसंबर को गोवा में किया जाएगा। इस नीलामी का हिस्सा बनने के लिए देश और दुनिया के कुल 1,220 खिलाड़ियों ने अपना पंजीकरण कराया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा जारी की गई प्रारंभिक सूची के अनुसार, पंजीकृत खिलाड़ियों में 939 भारतीय और 281 विदेशी क्रिकेटर शामिल हैं। सभी फ्रेंचाइजी अपनी टीम के संयोजन को मजबूत करने के लिए इन खिलाड़ियों पर बोली लगाएंगी। बोर्ड की ओर से आईपीएल 2027 की अंतिम नीलामी सूची 4 दिसंबर को जारी की जाएगी, जिससे नीलामी की तस्वीर पूरी तरह साफ हो जाएगी।

सहवाग के बेटे आर्यवीर ने आईपीएल में कराया रजिस्ट्रेशन



पूर्व भारतीय ओपनर वीरेंद्र सहवाग के बेटे आर्यवीर ने आईपीएल 2027 नीलामी के लिए 30 लाख के बेस प्राइस पर रजिस्ट्रेशन कराया है। वहीं, पूर्व भारतीय कप्तान राहुल द्रविड़ के बेटे अन्वय ने ऑक्शन के लिए रजिस्ट्रेशन नहीं कराया। आर्यवीर हाल ही में भारत की अंडर-19 एशिया कप विजेता टीम के लिए 361-रन बनाकर प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बने थे।

वूमेंस क्रिकेट ● ऑस्ट्रेलिया की विमेंस लीग में नया नियम लागू, क्रीज पर देर से आने के कारण खाली स्टंप पर गेंदबाजी हुई

बिना गेंद खेले बल्लेबाज हुआ बोल्ड

विमेंस बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) में बुधवार को मेलबर्न रेनेगेड्स की बल्लेबाज डिएंड्रा डॉटिन बिना गेंद खेले बोल्ड हो गईं। ब्रिस्बेन हीट की गेंदबाज सारा ग्लेन ने खाली स्टंप पर गेंद डालकर उन्हें आउट किया। यह घटना मेलबर्न रेनेगेड्स की चेज के 15वें ओवर में हुई। टीम को जीत के लिए 138 रन का लक्ष्य मिला था। डॉटिन 97 रन पर 4 विकेट गिरने के बाद बल्लेबाजी के लिए आईं, लेकिन क्रीज पर पहुंचने में देरी कर दी।

75 सेकेंड में क्रीज पर पहुंचना जरूरी : डब्ल्यूबीबीएल के टाइम आउट नियम के मुताबिक, विकेट गिरने या बल्लेबाज के रिटायर होने के 75 सेकेंड के भीतर नए बल्लेबाज को अगली गेंद खेलने के लिए तैयार होना होता है। ऐसा नहीं होने पर बल्लेबाज को पिच से कम से कम 5 मीटर दूर लेग साइड में खड़ा होना पड़ता है। गेंदबाज इस दौरान खाली स्टंप पर गेंद डाल सकता है।



डॉटिन समय पर तैयार नहीं हो सकीं, इसलिए उन्हें स्क्वायर लेग के पास खड़ा होना पड़ा। ग्लेन ने खाली स्टंप पर गेंद डाली और डॉटिन को बोल्ड करार दिया गया। इस गेंद को ओवर की पहली गेंद भी गिना गया।

आखिरी गेंद पर रेनेगेड्स ने जीता मैच : डॉटिन बिना खाता खोले आउट हुईं। हालांकि, मेलबर्न रेनेगेड्स ने मैच की आखिरी गेंद पर लक्ष्य हासिल कर लिया। कप्तान सोफी मोलिन्यू को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। मैच के बाद मोलिन्यू ने कहा कि उन्होंने क्रिकेट में ऐसा पहले कभी नहीं देखा था।

SUCCESS PICTURES

भावनात्मक रूप से परिपक्व लोग —

पूरी तरह नफ़रत नहीं कर पाते
क्योंकि वे हर व्यवहार के पीछे एक वजह खोज लेते हैं !



पो. रजि. नं. श्रीगंगानगर/35/2024-2026, आरएनआई रजि नं. 23665/72

सीमा सन्देश

श्रीगंगानगर, गुरुवार, 26 नवम्बर, 2026

युवाओं को झूठ से नफरत, वे सच के साथः बाहरियों से ज्यादा अंदर के लोगों से खतरा, हम नफरत करने वाले पड़ोसियों के भी मददगार - **मोहन भागवत**

न्यूज इन ब्रीफ

कपड़े के गोदाम में आग से नुकसान

कोलकाता। मल्लिकबाजार इलाके में बुधवार दोपहर कपड़े के गोदाम में भीषण आग लग गई। 35, एजेसी बोस रोड स्थित इमारत के गोदाम में कपड़ों की अधिक मात्रा होने से आग तेजी से फैल गई। सूचना पर दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। संकरी गलियों और घनी आबादी के कारण राहत कार्य में परेशानी आ रही है।

एलपीजी ग्राहक ई-केवाईसी करवाएं

नई दिल्ली। देशभर के इंडेन, एचपी गैस और भारत गैस ग्राहकों को एलपीजी सिलेंडर बुकिंग से पहले आधार बायोमेट्रिक ई-केवाईसी की स्थिति जांच लेनी चाहिए। ई-केवाईसी पूरी नहीं होने पर सब्सिडी प्रभावित हो सकती है। जिन ग्राहकों ने पहले ही ई-केवाईसी करा ली है, उन्हें दोबारा प्रक्रिया की जरूरत नहीं है। नए ग्राहक गैस डिलीवरी के समय, आधिकारिक मोबाइल ऐप या गैस एजेंसी पर जाकर बायोमेट्रिक सत्यापन करा सकते हैं। ई-केवाईसी नहीं कराने से कनेक्शन बंद नहीं होगा, लेकिन सब्सिडी लाभ में परेशानी आ सकती है।

हत्यारोपी पर हमला कर हाथ काटा

पुणे। शिवाजीनगर कोर्ट परिसर के बाहर हत्या के आरोपी मंदार किवाले पर छह लोगों ने धारदार हथियारों से हमला कर दिया। हमलावरों ने उसका हाथ काट दिया और गोली चलाने की भी कोशिश की। किवाले को ससून अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मौके से दो पिस्तौल और एक मैगजीन बरामद की है। पुरानी रंजिश की आशंका है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है।

जासूसी कैमरे लगाने वाले तीन पकड़े

अंबाला। राष्ट्रीय राजमार्गों पर सेना की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए लगाए गए सिम आधारित सोलर कैमरों की जांच में पाकिस्तानी कनेक्शन सामने आया है। पुलिस के अनुसार, आईएसआई समर्थित आतंकी शहजाद भट्टी के इशारे पर उसके हैंडलर हसन गुज्जर ने ये कैमरे लगवाए थे। इस मामले में पुलिस तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है, जबकि हसन गुज्जर फरार है। जांच में सिम कार्ड की कॉल डिटेल और केवाईसी से मनप्रीत सिंह, अनमोल और साहिल की संलिप्तता सामने आई। अदालत ने आरोपी मनप्रीत की जमानत याचिका खारिज कर दी।

भीलवाड़ा; खाते से 90 हजार निकाले

भीलवाड़ा। हमीरगढ़ थाना क्षेत्र में एक युवक ने विश्वास में लेकर होटल व्यवसायी के बैंक खाते से 90 हजार रुपये निकाल लिए। आरोपी ने व्यवसायी का मोबाइल लेकर बैंकिंग जानकारी हासिल की और महज 15-20 मिनट में तीन किस्तों में 30, 50 और 10 हजार रुपये निकाल लिए। बाद में आरोपी की मोटरसाइकिल और मोबाइल नंबर फर्जी पाए गए।

अकाली व आप नेता कांग्रेस में शामिल

जलालाबाद। जलालाबाद विधानसभा क्षेत्र में शिरोमणि अकाली दल और आप पार्टी के कई नेताओं ने बुधवार को कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। कांग्रेस में शामिल होने वालों में अकाली दल के जलालाबाद हलका उपाध्यक्ष डॉ. राज सिंह डिब्बीपुरा, सर्कल अध्यक्ष डॉ. जंगीर सिंह, पूर्व शहरी ब्लॉक युवा अध्यक्ष रणजीत सिंह लाडी खैरा, पूर्व सरपंच एवं सर्कल अध्यक्ष सोना सिंह, सुखविंदर सिंह और जसवंत सिंह शामिल हैं। उद्योगपति सुनील जोशन रिंकू तथा आम आदमी पार्टी के सुखदेव सिंह स्वना घुबाया ने भी कांग्रेस का दामन थाम लिया।

डमी अभ्यर्थी बैठाने वाला गिरफ्तार

जयपुर। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की वनरक्षक भर्ती परीक्षा-2022 में डमी अभ्यर्थी बैठाकर रिश्तेदार को नौकरी दिलाने की साजिश रचने वाले आरोपी सौरभ उर्फ टिंकू मीणा को एसओजी ने गिरफ्तार कर लिया है। उसकी गिरफ्तारी पर 10 हजार रुपये का इनाम घोषित था।

मोदी कैबिनेट के बड़े फैसले : 20 हजार करोड़ से अधिक की योजनाओं को दी हरी झण्डी, घरेलू यूरिया उत्पादन बढ़ेगा

देश में ब्राउनफील्ड गैस आधारित यूरिया परियोजनाओं को केन्द्र सरकार की मंजूरी

नई दिल्ली।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में देश के बुनियादी ढांचे और विनिर्माण क्षेत्र को गति देने वाली कई महत्वपूर्ण योजनाओं को मंजूरी दी गई। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि कैबिनेट ने 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक की योजनाओं को हरी झंडी दी है। सरकार ने छह ब्राउनफील्ड गैस आधारित यूरिया परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इन पर करीब 54 हजार करोड़ रुपये का निवेश होगा। इन परियोजनाओं से घरेलू यूरिया उत्पादन बढ़ेगा और किसानों को उर्वरक की



उपलब्धता सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। सरकार का उद्देश्य उर्वरक क्षेत्र में आत्मनिर्भरता बढ़ाना और आयात पर निर्भरता कम करना है। कैबिनेट ने निर्माण एवं बुनियादी ढांचा उपकरण (सीआईई) विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए 11 हजार करोड़ रुपये की योजना मंजूर की है। यह योजना वित्त वर्ष 2026-27 से 2033-34 तक आठ वर्षों के लिए लागू होगी। वैष्णव ने बताया कि भारत का निर्माण एवं बुनियादी ढांचा उपकरण उद्योग दुनिया में तीसरे स्थान पर है, जिसका बाजार आकार वित्त वर्ष 2024-25 में करीब 97 हजार करोड़ रुपये था। वर्तमान में इस क्षेत्र की लगभग 45 प्रतिशत जरूरतें आयात से पूरी होती हैं। योजना के तहत सुरंग खोदने वाली मशीनें, एक्सकेवेटर, क्रेन, लोडर, ड्रिलिंग मशीन, पाइलिंग रिग और ऑफ-हाईवे ट्रक जैसी सात प्रमुख श्रेणियों के उपकरणों का घरेलू उत्पादन बढ़ाया जाएगा।



बंदरगाह-हवाई अड्डे को मंजूरी

कैबिनेट ने तमिलनाडु के कामराजार पोर्ट पर दूसरे कंटेनर टर्मिनल के निर्माण को मंजूरी दी है। इस परियोजना पर 4,288 करोड़ रुपये खर्च होंगे। वहीं, असम के सिलचर स्थित डोलू में ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे के निर्माण के लिए 2,014 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

डाक विभाग के आधुनिकीकरण पर जोर

डाक विभाग की परिचालन योजना के लिए 1,141 करोड़ रुपये और संपदा प्रबंधन योजना के लिए 1,491 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। इसके तहत नए डाक भवनों का निर्माण, पुराने भवनों का पुनर्निर्माण, डाकघरों का आधुनिकीकरण और विरासत भवनों का संरक्षण किया जाएगा।

पार्टी की बागी प्रत्याशी सरिता चौहान को 5 मतों से हराया

निकिता डूडी बीकानेर की जिला प्रमुख

सीमा सन्देश # खाजूवाला।

कांग्रेस की निकिता डूडी बीकानेर की नई जिला प्रमुख होंगी। उन्होंने अपनी ही पार्टी की बागी सरिता चौहान को पांच वोट से मात दी है। डूडी को 23 जबकि सरिता चौहान को 18 वोट प्राप्त हुए हैं। चुनाव परिणाम घोषित होने के साथ ही डूडी समर्थकों ने पटाखे छोड़क र व गुलाल उछालकर खुशियां मनाई और रामेश्वर डूडी अमर रहे के नारे लगाए। मतदान प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही दोनों ही उम्मीदवार अपने समर्थकों के साथ वाहनों से जिला परिषद स्थित मतदान स्थल पर पहुंचे। सरिता चौहान 7 समर्थकों तथा निकिता डूडी 22 समर्थकों के साथ मतदान करने पहुंचीं। पर्यवेक्षक कुलदीप इंदौरा, प्रभारी मुश्ताक अहमद, विधायक सुशीला डूडी, पूर्व मंत्री डॉ. बी डी कल्ला, देहात अध्यक्ष बिशनाराम सियाग, रामस्वरूप कस्वां, रामप्रताप भादू , 34 केवाईडी सरपंच प्रतिनिधि रविन्द्र कस्वां भी श्रीमती डूडी के साथ रहे। मतदान के दौरान मतदान स्थल के बाहर दोनों ही प्रत्याशियों के समर्थक बड़ी संख्या में जुटे।



पार्टी के विश्वास पर खरा उतरूंगी : निकिता डूडी : वहीं कांग्रेस उम्मीदवार निकिता डूडी ने कहा कि पार्टी ने मेरे परिवार पर भरोसा जताया है। मैं डूडी साहब की विरासत को आगे बढ़ाऊंगी। सभी का समर्थन मेरे साथ है। यह जीत मेरे ससुर को समर्पित है। पार्टी के विश्वास पर खरा उतरूंगी।

मुकाबला हुआ दिलचस्प

कांग्रेस ने पूर्व नेता प्रतिपक्ष रहे दिग्गज कांग्रेस नेता स्व. रामेश्वर डूडी व नोखा विधानसभा क्षेत्र से विधायक सुशीला डूडी की पुत्रवधू निकिता डूडी को बीकानेर जिला प्रमुख पद के लिए पार्टी का अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया है। इसी बीच पूर्व मंत्री गोविन्दराम मेघवाल की बेटी और जिला परिषद सदस्य सरिता चौहान ने भी नामांकन दाखिल कर सबको चौंका दिया है, जिससे कांग्रेस में खलबली मच गई। हांलाकि पर्यवेक्षक कुलदीप इंदौरा, देहात अध्यक्ष बिशनाराम सियाग सहित तमाम नेता पूरी कांग्रेस एक होने की बात कह रहे थे, लेकिन बात नहीं बनी। सरिता चौहान ने नाम वापस नहीं लिया। मजे की बात तो यह रही की भाजपा की अधिकृत प्रत्याशी धापू कंवर व निर्दलीय संतोष ने नाम वापस ले लिया। जिला प्रमुख



मुकाबला कांग्रेस की निकिता डूडी और कांग्रेसी की बागी सरिता मेघवाल के बीच हुआ। बता दें कि कांग्रेस ने 30, भाजपा ने 8, आरएलपी ने 2 और माकपा ने एक सीट पर जीत दर्ज की है। निकिता डूडी को 23 वोट मिले हैं, जबकि सरिता चौहान को 18 वोट प्राप्त हुए हैं।

सम्मान के लिए लड़ा चुनाव : सरिता चौहान

चुनाव हारने के बाद सरिता चौहान ने कहा कि लड़ाई पद के लिये नहीं बल्कि सम्मान के लिये चुनाव लड़ी। विदाई का मतलब नई शुरूआत है। संघर्ष जारी रहेगा। किसी पद के लिये बगावत नहीं की है। यह आखिरी चुनाव नहीं है। जहां मेरी इज्जत नहीं वहां मैं नहीं रह सकती। इस परिणाम के बाद भी मुझे साइड लाइन किया गया है। मैं नई शुरूआत करूं। आने वाले समय में सबको पता चलेगा। पार्टी के लिये चुप रहकर काम करूं ऐसा संभव नहीं है। इसलिए मैंने निर्दलीय चुनाव लड़ने का फैसला किया। चुनाव में मेरे पिता और भाई का कोई रोल नहीं है।

दो नशा मुक्ति केन्द्रों का समिति ने किया औचक निरीक्षण



श्रीगंगानगर । राज्य सरकार से मान्यता प्राप्त नशा मुक्ति केन्द्रों की व्यवस्थाओं एवं संचालन की स्थिति का जायजा लेने के लिए बुधवार को एसडीएम सादुलशहर की अध्यक्षता में गठित ब्लॉक स्तरीय समिति द्वारा क्षेत्र के दोनों नशा मुक्ति केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दल में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक वीरेंद्र पाल सिंह, ब्लॉक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. लक्ष्य सिंह, तहसीलदार सादुलशहर नितिन तथा ब्लॉक एजुकेशन ऑफिसर राजकुमार शामिल रहे। समिति द्वारा दोनों नशा मुक्ति केन्द्रों में उपलब्ध व्यवस्थाओं एवं संचालन गतिविधियों का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान दोनों केन्द्रों का संचालन संतोषप्रद पाया गया। समिति ने नशा मुक्ति केन्द्रों के माध्यम से नशे की समस्या से जूझ रहे व्यक्तियों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध करवाने तथा निर्धारित मापदंडों के अनुरूप व्यवस्थाएं बनाए रखने पर जोर दिया।

सरसों के पीले फूलों से महके खेत, धरती ने ओढ़ी पीली चुनरी



सीमा सन्देश # चारणवासी।

क्षेत्र के खेतों में इन दिनों सरसों की फसल पर पीले फूलों की बहार छाई हुई है, जिससे चारों ओर का नजारा बेहद मनमोहक हो गया है। दूर-दूर तक फैले खेतों में लहलहाती हरी-भरी फसल और उस पर खिले पीले फूल ग्रामीण अंचल की सुंदरता में चार चांद लगा रहे हैं। मानों धरती ने पीली चुनरी ओढ़ रखी हो,इस बार सरसों के भाव बढ़ने से किसानों का रुझान इसकी खेती की ओर काफी बढ़ा है, जिसके चलते क्षेत्र में बड़े रकबे में सरसों की बुवाई की गई है। अनुकूल मौसम और समय पर हुई सिंचाई के कारण फसल की बढ़वार अच्छी हो रही है और खेतों में फूल आने के साथ ही किसानों के चेहरों पर भी रौनक लौट आई है। अच्छी पैदावार और बाजार में बेहतर दाम मिलने की उम्मीद के साथ किसान अब फसल की देखरेख में जुटे हुए हैं।

पंजाब; ट्रेन को डिरेल करने की साजिश नाकाम, रेलवे ट्रैक पर रखे सीमेंट के पिलर

फतेहगढ़ साहिब में संपर्क क्रांति एक्सप्रेस से पहले रची गई साजिश, सीसीटीवी के आधार पर संदिग्धों की तलाश तेज

फतेहगढ़ साहिब।

पंजाब के फतेहगढ़ साहिब में रेलवे ट्रैक पर सीमेंट के भारी पिलर रखकर बड़ा रेल हादसा कराने की कथित साजिश को रेलवे कर्मचारियों की सतर्कता और सुरक्षा एजेंसियों की त्वरित कार्रवाई से विफल कर दिया गया। समय रहते अवरोध हटाए जाने से संपर्क क्रांति एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित हो सकी।

सूझबूझ से बची दुर्घटना : घटना मंगलवार-बुधवार मध्यरात्रि की है। रात करीब 12:19 बजे दिल्ली-जम्मू संपर्क क्रांति एक्सप्रेस के गार्ड ने सरहिंद स्टेशन के पास समानांतर ट्रैक पर सीमेंट के भारी पिलर देखे। उन्होंने तुरंत स्टेशन अधीक्षक को सूचना दी, जिसके बाद रेलवे प्रशासन, जीआरपी और आरपीएफ की टीमें मौके पर पहुंचीं और ट्रैक से अवरोध हटवा दिया।

सीसीटीवी में संदिग्ध कैद : जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज में एक संदिग्ध व्यक्ति ट्रेन गुजरने से करीब दो मिनट पहले ट्रैक के पास टॉर्च की रोशनी में गतिविधि करता दिखाई दिया। पुलिस उसकी पहचान में जुटी है तथा कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।



केंद्रीय एजेंसियां भी जांच में जुटीं : बुधवार को जीआरपी के वरिष्ठ अधिकारियों और रेलवे के तकनीकी विशेषज्ञों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस तकनीकी, इलेक्ट्रॉनिक और फॉरेंसिक साक्ष्यों की मदद से मामले की जांच कर रही है।

सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण रेलमार्ग : दिल्ली, अमृतसर और जम्मू को जोड़ने वाला यह रेलमार्ग देश के सबसे व्यस्त और सामरिक रूप से महत्वपूर्ण मार्गों में शामिल है। जीआरपी ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर साजिशकताओं की तलाश तेज कर दी है।

नई दिल्ली में कलक्टर, सीएमएचओ होंगे सम्मानित

एड्स नियंत्रण में उत्कृष्ट कार्यों के लिए श्रीगंगानगर को मिलेगा राष्ट्रीय सम्मान

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर।

एचआईवी/एड्स नियंत्रण एवं रोकथाम के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिए जिले को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिलने जा रहा है। राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के तहत निर्धारित 95-95-95 लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में जिले की उल्लेखनीय प्रगति को देखते हुए जिले को ह्यसुरक्षितह्ल श्रेणी में वर्गीकृत किया गया है। इसी उपलब्धि के लिए जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव एवं सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला एक दिसंबर को नई दिल्ली में सम्मानित होंगे। सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला ने बताया कि जनवरी 2026 से राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जिला-केंद्रित रणनीति लागू की गई है। इसी के तहत 95-95-95 लक्ष्यों की प्राप्ति पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इन लक्ष्यों को प्राप्त करने वाले जिलों को सुरक्षित श्रेणी में शामिल किया जा रहा है। राष्ट्रीय स्तर पर



एचआईवी/एड्स के कारण जीवन खोने वाले व्यक्तियों के परिजनों एवं एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों के योगदान को समर्पित करते हुए 30 नवंबर 2026 को 'सुरक्षित' श्रेणी प्राप्त करने वाले जिलों के जिला स्तरीय अधिकारियों के उत्कृष्ट प्रयासों को सम्मानित करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय समारोह आयोजित किया जा रहा है। इसी के तहत एक दिसंबर 2026 को विश्व एड्स दिवस के अवसर पर नई दिल्ली स्थित डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में समारोह आयोजित होगा। इसमें श्रीगंगानगर जिले से जिला कलेक्टर डॉ. अमित यादव एवं सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला को उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया जाएगा।

आयोजन | **जनरल मार्केट में 5 करोड़ से सड़क-प्लेटफॉर्म निर्माण; 1000 नई स्ट्रीट लाइटें भी लगेंगी**

नोहर नगरपालिका की पहली बैठक में 24 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों को मंजूरी

सीमा सन्देश # नोहर।

नगरपालिका मंडल नोहर की प्रथम बैठक बुधवार को पालिका अध्यक्ष हाजन खातून टाक की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में शहर के विकास और नागरिक सुविधाओं से जुड़े निर्धारित 14 एजेंडों पर चर्चा के बाद सभी प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। बैठक में शहर के सौंदर्यकरण, सड़क निर्माण, स्वच्छता और आधारभूत सुविधाओं के विस्तार को लेकर करोड़ों रुपए के विकास कार्यों को प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई। बैठक में कांग्रेस के पार्षद सुमित चाचाण ने कहां की प्रधानमंत्री आवास योजना में पात्र लोगों का सही चयन किया जाए व चयन होने वाले लाभार्थियों को बार-बार नगर पालिका के चक्कर न लगाने पड़े इसके लिए प्राथमिकता से कार्य किया जाए। इसके अलावा उन्होंने अग्रसेन व गांधी पार्क के सौंदर्य करण करने के साथ-साथ बिहानी स्टेडियम में भी सुविधा उपलब्ध करवाने की मांग रखी। पार्षद महबूब आईतान मुस्लिम धर्मशाला व टायर मंडी के लिए भूमि आवंटन करने की मांग की। पार्षद जितेंद्र भाटी ने स्टेट बैंक मार्ग पर नगर पालिका द्वारा लाखों रुपए की लागत से लगाए गए बैरिकेट्स के हटने पर विरोध जताया।

बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष हाजन खातून तक ने कहा कि सभी वार्डों में समान रूप से विकास कार्य करवाया जाएगा किसी भी वार्ड से भेदभाव नहीं किया जाएगा। बैठक में सबसे प्रमुख निर्णय पुराने जोहड़ के सौंदर्यकरण का रहा। इसके लिए

आसपास के क्षेत्र में कैंटीन, पार्किंग और अन्य मूलभूत सुविधाएं विकसित करने पर 2.50 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।

वहीं बिहाणी चौक से एससी जैन वाया श्रीराम वाटिका तक सीसी सड़क निर्माण के लिए 3 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए। शहर के विभिन्न 15 से 20 स्थानों पर आधुनिक सुविधाओं से युक्त सार्वजनिक शौचालय बनाने के लिए 5 करोड़ रुपए तथा कोठारी टाउन हॉल के सौंदर्यकरण के लिए 1.50 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई।

जनरल मार्केट में सड़क निर्माण पर 3 करोड़ और प्लेटफॉर्म निर्माण पर 2 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इसके अलावा शहर में 1000 नई स्ट्रीट लाइटें खरीदने के लिए 60 लाख रुपए तथा रैन बसेरा और अन्नपूर्णा रसोई निर्माण के लिए 90 लाख रुपए की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन के तहत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, प्रयुक्त जल प्रबंधन और स्वच्छता घटकों के लिए तृतीय पक्षकार के रूप में 7.61 करोड़ रुपए के ऋण संबंधी एमओयू को भी मंजूरी दी गई।

कोविड काल में मृतक शिवशंकर, सहायक प्रशासनिक अधिकारी के आश्रित परिवार को राज्यादेश के तहत दी गई 50 लाख रुपए की सहायता राशि की पुष्टि की गई। मृतक आश्रित परिवार के सदस्यों को दी गई नियुक्तियों एवं स्थाईकरण तथा उच्च न्यायालय के आदेशों और अवमानना प्रकरणों के तहत प्रदत्त नियुक्ति, वेतन भुगतान और स्थाईकरण की भी पुष्टि की गई। इसके अलावा एमजेएसआरवाई योजनांतर्गत रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए अनुशंसा, मेडासिटी-द्वितीय के दोहरे विक्रय वाले भूखंडों में दोहरी जमा राशि लौटाने की पुष्टि तथा सेवग समिति और मुस्लिम समिति संस्थाओं को भूमि आवंटन के प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई।वार्डों में पार्षदों के नाम की पट्टिकाएं लगेंगीसदन के समक्ष रखे गए अन्य प्रस्तावों पर भी सहमति बनी।

अस्थायी पटाखा विक्रय स्थल का नाम राघव उद्यान रखने, प्रत्येक वार्ड में पार्षद के नाम और विशिष्ट जानकारी वाली पट्टिका स्थापित करने तथा सार्वजनिक सड़क भूमि पर आवारा पशु बांधने वाले पशु मालिकों पर जुमार्ना लगाने पर सहमति दी गई।

बिहाणी मिनी स्टेडियम में टूटी कुर्सियों और खराब लाइटों को दुरुस्त करवाने तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के चयनित लाभार्थियों को दूसरी किश्त जल्द जारी करने का प्रस्ताव भी स्वीकार किया गया। नगर पालिका ईओ गिरिराज रत्नु नगर पालिका द्वारा करवाए जा रहे जाएगी विभिन्न कार्यों के साथ-साथ सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। बैठक में पार्षद सुनील कार्य, गंगाराम पांडिया, जाफर अली, रूपराम सैनी, श्रेया सिपानी, सुंदर महर्षि, सत्यबाला कंदोई, रियाज टाक, मुस्ताक खान, रविंद्र पड़ा, रतनलाल शक्रवाल, उदय सिंह राठौड़ आदि उपस्थित थे।बैठक में कुल 40 सदस्यों में से 38 सदस्य उपस्थित रहे।

स्वामी सीमा सन्देश के लिए प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक ललित कुमार शर्मा द्वारा हनुमानगढ़ रोड, श्रीगंगानगर से प्रकाशित एवं सीमा सन्देश मुद्रणालय चक 7 ई छोटी, हनुमानगढ़ रोड, श्रीगंगानगर से मुद्रित। आरएनआई रजि नं. 23665/72, पो. रजि. नं. श्रीगंगानगर/35/2024-2026 फोन : 2466402/03, मो. 93528-93528, विज्ञापन विभाग : 0154-2466402/03, जयपुर कार्यालय : जे-2 झालाना संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर, फोन : 0141-2700113

सीमा संदेश

ताकत किसान की, जवान की

सभी पाठकगणों का सीमा संदेश परिवार की ओर से

हार्दिक धन्यवाद

हर खबर से निरंतर जुड़े रहें

/seemasandesh_

/officialseemasandesh

/@OfficialSeemaSandesh

/officialseemasandesh

seemasandeshsgr@gmail.com

Join our WhatsApp community
93528 93528

आपकी अपनी आवाज़ – हमसे जुड़े रहें

Helpline: 93528 93528